वर्ष 69 ▸ अंक 75 ▸ पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर, 2025
▸ पौष कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
▸ महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

“स्कूल में पाठ पहले पढ़ाया जाता है और फिर परीक्षा ली जाती है जबकि जीवन में पहले परीक्षा ली जाती है फिर सबक सीखने को मिलता है।
- टाम बोडेट

## ऑफ बीट

### सैलरी स्लिप दिखाओ और शराब खरीदो...!



*सऊदी अरब में शराब बिक्री को लेकर नियमों में छूट दी जा रही है। इसके मुताबिक यहां पर गैर-मुस्लिम विदेशी नागरिक शराब खरीद सकेंगे। इसके लिए कुछ शर्तें भी तय की गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब में रहने वाले गैर मुस्लिम विदेशी अपनी सैलरी स्लिप दिखाकर शराब खरीद सकते हैं। हालांकि यह जरूरी है कि उनकी मासिक कमाई 50 हजार रियाल यानी 13,300 डॉलर होनी चाहिए। अगर रुपए में बात करें तो यह कमाई करीब 12 लाख रुपए प्रतिमाह होनी चाहिए। सऊदी में गैर मुस्लिम रियाद में स्थित दुकान से शराब खरीद सकते हैं। दुकान में एंट्री के लिए सैलरी स्लिप दिखाकर अपनी कमाई साबित करनी होगी। यह दुकान पिछले साल विदेशी राजनयिकों के लिए खोली गई थी। हाल ही में उन गैर-मुस्लिमों को भी शराब बेची जाने लगी है जो प्रीमियम रेजीडेंसी का दर्जा रखते हैं।*

# नक्सलवाद से राज्य को मुक्त कराना बड़ी सफलता: सीएम

### अगले पांच वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने का लक्ष्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमने पिछले दो साल में हर वर्ग के लिए और हर क्षेत्र के विकास को लेकर काम किया है। कानून व्यवस्था पर नियंत्रण किया, तो अन्य राज्यों के साथ मिलकर हमने ऐसा दवाब बनाया कि नक्सलियों में आत्मसमर्पण करने की होड़ लग गई। उन्होंने कहा कि चुनौतियां बहुत थीं, लेकिन हमने वह किया, जो जनता के लिए आवश्यक था।

बतौर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर शुक्रवार को डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान सीएम ने जहां पिछले दो साल की उपलब्धियां गिनाईं, तो अगले तीन साल के रोडमैप पर भी प्रकाश डाला। सीएम ने कहा कि ऊर्जा से लेकर कृषि, नशामुक्ति, मेडिकल शिक्षा, पर्यटन सहित दूसरे मोर्चों पर सरकार ने पूरी ताकत के साथ काम किया है। आज हमारे पास गिनाने के लिए एक नहीं सैकड़ों काम हैं। हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक और महत्वपूर्ण राज्य से नक्सलवाद का पूरा तरह से सफाया। राज्य के बालाघाट, मंडला और डिंडौरी क्षेत्र पहले नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित थे। प्रदेश में कभी समानांतर थाने, कोर्ट और सत्ता चलने लगी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन तय की और कई पुलिस अधिकारियों ने खुद नक्सल क्षेत्रों में ड्यूटी की मांग की। इसी का परिणाम रहा कि सिर्फ 42 दिनों में 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। अब हमारे सामने उन क्षेत्रों को विकसित, शिक्षित और वहां के नागरिकों को सजग बनाने की चुनौती है।

सीएम की पहल पर प्रदेश को मिले, पेज-2 पर
विशेष: मोहन सरकार के 2 वर्ष, पेज- 8 पर

### सरकार के दो साल: मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में साझा कीं उपलब्धियां



सीएम ने कहा सिंहस्थ 2028 हमारे लिए आस्था का पर्व है, लेकिन इसकी तैयारियां किसी चुनौती से कम नहीं हैं। पिछले कुछ सिंहस्थ में दूसरी नदियों के जल से हमने और संतों ने स्नान किए हैं, लेकिन इस बार तय किया है कि सभी श्रद्धालु क्षिप्रा के जल में ही स्नान करेंगे। इसके लिए लगभग 800 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई हैं। राज्य के अंदर दो नदियों को जोड़ने का अभियान भी शुरू किया गया है। इसके तहत गंभीर और खान नदी को मिलाने के लिए टनल बनाकर जोड़ने का काम किया गया है।

- केन-बेतवा परियोजना में मंदाकिनी-चित्रकूट के नाम पर उप परियोजना का नया प्रोजेक्ट तैयार। इससे चित्रकूट धाम के आसपास भी पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, साथ ही बिजली उत्पादन भी होगा।
- नदी जोड़ो परियोजना में अगले पांच साल में 100 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा सिंचित करने का लक्ष्य
- पिछले दो वर्षों में प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदला है। हम वेस्ट को वैल्यू में बदल रहे हैं, अब प्रदेश में कचरे और पराली से ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है।

#### कार्बाइड कचरे का निष्पादन

सीएम ने कहा, भोपाल गैस त्रासदी में यूनियन कार्बाइड का कचरा पिछले 40 साल से पड़ा हुआ था। न्यायालय में प्रकरण चल रहे थे। हमारी सरकार ने पूरी सजगता के साथ उक्त कचरे का निष्पादन करा दिया है। यह हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य भी है कि हम पुरानी समस्याओं का निराकरण करें।

#### सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश की

सीएम ने कहा कि बिजली के उत्पादन के मामले में हम काफी आगे हैं। दूसरे प्रांतों को देश में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। हम दूसरे राज्यों को बिजली देते भी हैं और वापस भी लेते हैं। पानी की अदला-बदली की तरह बिजली की भी अदला बदली की जा रही है। दूसरे राज्यों को जरूरत होती है, तब हम देते हैं जब हमें जरूरत होती है, तो वापस लेते हैं।

#### पहले भोपाल में नहीं होती थी जीआईएस

सीएम ने कहा कि पहले जीआईएस सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसे उनकी सरकार ने लागू किया। इसके अलावा, सागर में खाद का कारखाना चालू होने से यूरिया और अन्य खाद की आपूर्ति में आसानी होगी।

#### इन कार्यों के बारे में भी बताया

- स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में संकल्प था कि एक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा, लेकिन आज मध्यप्रदेश की स्थिति यह है कि 55 जिलों में 52 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं।
- आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय को भी जिलों में प्रारंभ करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह कॉलेज वेलनेस के आधार पर खोले जाएंगे।
- प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म के तौर पर स्थापित करना चाहते हैं।
- इंदौर-उज्जैन, भोपाल-नर्मदापुरम को मेट्रोपोलिटन एरिया बनाने की योजना बनाई गई है। औद्योगिक केंद्र मेट्रोपोलिटन एरिया के विकास के मुख्य आधार बनेंगे।
- नई एविएशन पॉलिसी लाए हैं। प्रदेश में पहली बार इंटर स्टेट और इंट्रा स्टेट एयर सर्विसेज शुरू की गई हैं। रीवा से इंदौर और दिल्ली के लिए हवाई सेवा उपलब्ध हो गई है।
- प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विकास तेजी से जारी है। चित्रकूट धाम और ओरछा धाम के विकास कार्य जारी हैं। हमने एक बगिया मां के नाम और गंगोत्री योजना शुरू की।
- इंदौर की हुकुम चंद मिल के मजदूरों का हक दिलाया। वर्षों से यहां के हजारों मिल श्रमिक अपने हक के लिए परेशान थे।

## विधानसभा का 17 को विशेष सत्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश को विकसित आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। राज्यपाल डॉ. मंगुभाई पटेल के अनुमोदन के उपरांत विधानसभा सचिवालय की ओर से 17 दिसंबर को सत्र आहूत करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि 16 वीं विधानसभा का यह आठवां सत्र होगा।

### इंडिगो संकट: सीईओ से दूसरे दिन भी हुई पूछताछ; बेंगलुरु से शुक्रवार को 54 उड़ानें की रद्द

# डीजीसीए ने 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर किए सस्पेंड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में फ्लाइट कैंसिलेशन संकट गहराता जा रहा है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों में गड़बड़ियों के लिए चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। शुक्रवार को बेंगलुरु एयरपोर्ट से इंडिगो की 54 उड़ानें रद्द हुईं। इनमें 31 आगमन और 23 प्रस्थान शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बेंगलुरु में 200 से ज्यादा इंडिगो फ्लाइट्स रद्द की गई थीं। इससे हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुईं।



#### अब तक एक्शन

- डीजीसीए द्वारा 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर निलंबित
- एयरलाइन सीईओ से दो चरणों में पूछताछ
- शीतकालीन शेड्यूल में 10 फीसदी फ्लाइट्स कम करने का निर्देश

### इंडिगो की दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

इंडिगो ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर एयरक्राफ्ट री-इंपोर्ट पर चुकाई गई लगभग 900 करोड़ रुपये की कस्टम ड्यूटी वापस करने की मांग की है। कंपनी का कहना है कि नियमों के तहत यह राशि रिफंड के दायरे में आती है और इस पर सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

( किरायों पर ब्लैंकेट कैप संभव नहीं, जरूरत होने पर दखल- पेज 3 पर )

### सीईटो पीटर एल्बर्स हाई-लेवल कमेटी के सामने पेश

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स डीजीसीए की चार सदस्यीय उच्च-स्तरीय जांच समिति के सामने पेश हुए। उनसे दो दिनों में कई राउंड की पूछताछ की गई। इसमें फ्लाइट ऑपरेशंस, क्रू अवेलेबिलिटी, रिफंड नीति, यात्रियों की शिकायतों और नए नियमों के अनुपालन पर विस्तृत सवाल शामिल थे। लगातार बढ़ते परिचालन संकट के बीच इंडिगो ने चीफ एविएशन एडवाइजर्स को नियुक्त किया है। उनका काम कैंसिलेशन, क्रू प्रबंधन, तकनीकी देरी और शेड्यूलिंग की खामियों का मूल्यांकन करना होगा।

# मनरेगा का नाम बदलेगा

### नया नाम: ‘पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना’

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की तैयारी में है। केंद्रीय कैबिनेट में इसका नाम बदलकर ‘पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना’ करने के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। नए नाम को कानूनी रूप देने के लिए ‘पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल’ के तौर पर संशोधन लाया जा सकता है। मनरेगा, जिसे नरेगा के नाम से भी जाना जाता है, देश की सबसे प्रमुख ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना और उन्हें वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीड अकुशल रोजगार उपलब्ध कराना है। यह रोजगार परिवार के उन वयस्क सदस्यों को दिया जाता है जो काम करने के लिए इच्छुक और तैयार हों।

MGNREGA

#### इसलिए बदला जा रहा नाम

केंद्र सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा को रेखांकित करते हुए इस योजना में ‘बापू’ के नाम को प्रमुखता देना चाहती है। सरकार का मानना है कि ग्रामीण रोजगार, आत्मनिर्भरता, श्रम आधारित विकास, ये सभी सिद्धांत गांधी विचारधारा के मूल तत्व रहे हैं। इसलिए योजना का नाम बदलकर इसे गांधी के मूल्यों से जोड़ने की पहल की गई है।



## संक्षिप्त खबरें

### संवाद के जरिए विद्यार्थियों के कौशल पर नजरः टेटवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि कौशलम् संवाद का उद्देश्य विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से सीधे जुड़कर उनके कौशल, प्रगति, अवसरों और उपलब्धियों को समझना है। टेटवाल ने शुक्रवार को सिंगापुर कौशल प्रशिक्षण के लिए चयनित विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार कौशल विकास को वैश्विक मानकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है और विद्यार्थियों को देश-विदेश में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। टेटवाल ने चयनित विद्यार्थियों से कहा कि यह अवसर न केवल उनके करियर को नई दिशा देगा बल्कि वे लौटकर अपने संस्थानों और साथियों को भी उन्नत प्रशिक्षण में सहयोग करेंगे, जिससे विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिंगापुर जाकर बच्चे जिस तरह उच्च तकनीक और कार्य-संस्कृति को सीखेंगे, वह कौशल भारत अभियान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने दौरान यह भी बताया कि प्रदेश में आईटीआई संस्थानों से निकलने वाले युवा अब बड़ी कंपनियों में कार्य कर रहे हैं, जो यह प्रमाणित करता है कि कौशल प्रशिक्षण का स्तर लगातार उच्च हो रहा है।

### शिक्षकों का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** शिक्षकों की सुरक्षा, अहित और अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अटेंडेंस की विसंगतियों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ये बात मप्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कही। इस अवसर पर प्रदेश के सभी संभागों में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अभा संगठन मंत्री की सहमति से संगठन मंत्रियों की घोषणा की गई उन्होंने कहा कि मप्र शिक्षक संघ द्वारा नवीन शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिलाने का एक सूत्रीय कार्य हाथ में लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस संबंध में शीघ्र ही मुलाकात कर प्रथम, द्वितीय क्रमोन्नति के लाभ दिए जाने के बाद सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठता के लाभ से वंचित होने से आर्थिक, पारिवारिक संतुलन के साथ अपमानजनक जीवन जीने की स्थिति से नवीन संवर्ग के शिक्षकों को सुरक्षित करने के लिए नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने का आग्रह किया जाएगा। संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गुना में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अभा संगठन मंत्री महेंद्र कपूर के मुख्य आतिथ एवं शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

### बाणगंगा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** बाणगंगा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर एक बार फिर लोगों का विरोध सामने आया है। शुक्रवार को बाणगंगा क्षेत्र में महिलाओं ने विरोध जताते हुए कहा कि पुराने मीटर ही ठीक हैं, नए मीटर नहीं लगाए जाने चाहिए। विरोध के बाद बिजली कंपनी के ठेका कर्मचारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने का काम बंद कर दिया। महिलाओं ने विरोध जताते हुए बताया कि उनके घरों में बिना अनुमति ही स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बाणगंगा के अलावा प्रताप नगर सहित दशहरा मैदान के आसपास के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने ठेका कर्मचारी पहुंचे थे। साथ ही स्मार्ट मीटर को लेकर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी विरोध किया है। शर्मा का कहना है कि जब से लोगों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं, तब से अधिक बिजली के बिल आ रहे हैं।

### आज से रामकथा महोत्सव का आयोजन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल ।** माता मनोकामेश्वरी देवी मंदिर नेहरू नगर डी-सेक्टर में विगत 14 वर्षों से राम कथा महोत्सव का आयोजन होता है। इस वर्ष 15 वर्ष में भी राम कथा महोत्सव का आयोजन शनिवार से 22 दिसंबर तक प्रतिदिन दोहपर तीन बजे से शाम सात बजे तक किया जाएगा। इसमें शहर के प्रमुख जन प्रतिनिधि विधायक, सासंद एवं मंत्रीगण सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे। सुंदरकांड शनिवार को शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक रहेगा। राम कथा महोत्सव के आचार्य सर्वेस्वरानंद सरस्वती एवं सुंदरकांड के अंतराष्ट्रीय गायक परमपूज्य पं. अजय याज्ञनिक के मुख से सुंदरकांड श्रवण करने का देव दुल्य अवसर प्राप्त होगा। सुंदरकांड के गायक परमपूज्य गुरूदेव पं. अजय याज्ञनिक मुख से हमस ब को सुंदरकांड सुनने का देव दुर्लभ सहयोग हम सब को प्राप्त हो रहा है। अपीलकर्ता में केपीएस राठौर, राजेन्द्र बाजपेई, शिवार्चन शुक्ला, अजय शर्मा, महिमा पाण्डेय, राजेश कटियार, बी.के. दुबे, दिनेश राजपूत, मयंक वर्मा सहित अन्य सभी समिति के पदाधिकारियों ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचकर धर्म का लाभ ले।

# सीएम की पहल पर प्रदेश को मिले आठ लाख करोड़ के उद्योग

## 1 वर्ष में सर्वाधिक निवेश लाने वाला देश का तीसरा राज्य बना मध्यप्रदेश, निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बनाया नया इकोसिस्टम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण किए। उनके इस कार्यकाल में प्रदेश को 8 लाख करोड़ के उद्योग और 6 लाख रोजगार की संभावनाएं सृजित हुई हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाते हुए डॉ. मोहन सरकार ने अपना विशेष फोकस औद्योगिक विकास और रोजगार सृजित की दिशा में लगाया। इसके परिणाम स्वरूप पहली बार संभाग स्तर पर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की। इसके परिणामस्वरूप 5,550 एकड़ जमीन पर बड़े प्रोजेक्ट आवंटित हुए। दो वर्ष का कार्यकाल पूरे होने पर सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में अब तक आठ लाख करोड़ के उद्योग स्थापित हो चुके हैं, जिसकी बदौलत 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। निवेश को धरातल पर उतारने के लिए मोहन सरकार ने वर्ष 2024 से ही काम करना शुरू कर दिया था। वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रुप में मनाते हुए सरकार ने इस दिशा में तेजी से काम किए। निवेश और औद्योगिक विकास का नया इकोसिस्टम बनाते हुए सरकार ने 18 नई नीतियों को मंजूरी प्रदान की।



### रेल हब निर्माण इकाई



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल के चलते भोपाल के समीप रायसेन जिले में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड बीईएमएल की रेल हब निर्माण इकाई ब्रह्मा का शिलान्यास किया गया। यह कंपनी वंदे भारत और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी, यानि कि कुछ वर्षों बाद अब रायसेन से भी बंदे भारत, मेट्रो कोच सहित दूसरे रेल कोच तैयार होने लगेंगे। इसके लिए 1800 करोड़ रुपये का निवेश होगा। बताया गया है कि जमीन आवंटित होने के बाद प्रोजेक्ट का शिलान्यास हो गया है। जानकारों का दावा है कि कंपनी में काम शुरू होने पर प्रत्यक्ष तरीके से 1575 लोगों को रोजगार मिलेंगे और अप्रत्यक्ष तरीके से भी सैकड़ों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसे सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इसी तरह भोपाल के अचारपुरा में नया इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने की तैयारी भी की जा रही है। इस एरिया को टैक्सटाइल और फार्मा कंपनियों का हब बनाया जाएगा। जिसके लिए कुछ कंपनियों को सरकार द्वारा जमीन भी आवंटित कर दी गई है। इसी तरह सरकार ने पूरे प्रदेश के एक साथ और समग्र विकास की अवधारणा के साथ प्रयास किया है। जिसका लाभ इंदौर सहित पूरे मालवा निवाड़ क्षेत्र को मिला है, जहां पर कई बड़े औद्योगिक इकाईयां स्थापित होने का रास्ता साफ हुआ है। पीथमपुर में पहले से ही कई बड़ी-बड़ी कंपनियां थीं। अब केंद्र की तरफ से धार जिले में ही इंडस्ट्रियल ग्रोथ के लिए पीएम मित्र पार्क की सौगत मिली है। पीएम मित्र पार्क स्थापित होने के बाद हमारे प्रदेश के कपास उत्पादकों को सबसे ज्यादा जहां लाभ मिलेगा,तो वहीं प्रदेश के टेक्सटाइल के क्षेत्र में बूम आएगा। जिससे रोजगार के साथ-साथ वहां के किसानों को भी काफी फायदा होने वाले हैं। 2158 एकड़ में फैले इस पार्क में 23 हजार करोड़ का निवेश होगा।

### पतंजलि का भी निवेश

सरकार को निवेश प्रस्ताव देने वाले पतंजलि गुप ने बघेलखंड में अपना उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए ग्रुप को सरकार ने नए जिले मऊगंज में 175 हेक्टेयर जमीन आवंटित कर दी है। इसमें पांच हजार करोड़ का निवेश आएगा और पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस अंचल के अलग-अलग जिलों में 31 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव भी सरकार को मिले है। सिंगरौली और कटनी में कंटेनर डिपो का निर्माण हो रहा है। सिंगरौली, सीधी, मऊगंज और नया जिला मैहर में नए इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की योजना है। रामा प्लाई ग्रुप ने 500 करोड़ निवेश के प्रस्ताव देकर रीवा में नई प्लाइवुड यूनिट विस्तारित करने की घोषणा की थी बुदेलखंड में आने वाले सागर के मसवासी ग्रंट औद्योगिक क्षेत्र के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी मिल गई है, जिससे बुंदेलखंड में उद्योगों को नई गति मिलेगी। इस पैकेज से 24,240 करोड़ रुपये का निवेश और 29 हजार से अधिक रोजगार अवसर बनने का मार्ग खुलेगा।

### अदाणी समूह भी कर रहा निवेश

देश की प्रसिद्ध औद्योगिक संस्थान अदाणी ग्रुप ने भी ग्वालियर चंबल अंचल में निवेश करने का प्रस्ताव सरकार को सौंपा है। ग्रुप ने शिवपुरी में जैकेट बनाने के लिए 3500 करोड़ रुपये का निवेश करने का निर्णय लिया है,इससे स्थानीय व प्रदेश के लगभग पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। गुना में अदाणी ग्रुप सीमेंट की बड़ी फैक्ट्री स्थापित करेगा। इसी क्षेत्र में अंबानी ग्रुप भी फर्टिलाइजर और बायोगैस के क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। पिछले दो वर्षो में सरकार के प्रयासों का परिणाम यह रहा है कि ग्वालियर चंबल क्षेत्र में पैकेजिंग एवं ऑटोमोटिव इंटीरियर के क्षेत्र में मार्बल विनाइल नाम की कंपनी ने 620 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिए हैं, जिससे 2800 लोगों को रोजगार मिलेगा। टेक्निकल टेक्सटाइल सेक्टर एसएसजी फर्नीसिंग सॉल्यूशन ने भी 750 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इससे 9 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह मुरैना में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर निवेश के प्रस्ताव सामने आए है।

### मेडिकल डिवाइस पार्क



सीएम के प्रयासों का लाभ उनके गृह शहर उज्जैन को भी मिलेगा। यहां के विक्रम उद्योगपुरी में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया गया है। करीब एक हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला यह पार्क देश के चार बड़े मेडिकल डिवाइस पार्कों में से एक हैं। यहां पर बड़े पैमाने पर निवेश भी आ रहे हैं। करीब 2900 करोड़ के निवेश अब तक आ चुके हैं। अब पार्क पूरी तरह से फुल हो चुका है। इसके बाद फेज-2 का काम शुरू हो गया है। सरकार ने इसके लिए पहले चरण में 360 एकड़ जमीन विकसित की गई थी।

### मध्यप्रदेश का आध्यात्मिक अभ्युदय

- राजधानी भोपाल में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित अन्य महापुरुषों के नाम 9 द्वार स्थापित किए जाएंगे।
- 1,450 किमी लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण होगा।
- जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उनको तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का गठन किए जाने की स्वीकृति।
- स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत चित्रकूट के घाट पर आध्यात्म के अनुभव की नवीन परियोजना का भूमि-पूजन।



- चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना को स्वीकृति।
- प्रत्येक विकासखंड में विकसित होगा एक वृंदावन गांव, नगरीय निकाय में गीता भवन बनाये जाएंगे।
- राम राजा की नगरी ओरछा यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची में शामिल।
- 6 धार्मिक नगरों मैहर, चित्रकूट, महेश्वर, ओरछा और अमरकंटक में दीनदयाल रसोई योजना का विस्तार, श्रद्धालुओं को 5 रुपए में मिलेगा भोजन
- महाकाल लोक परिसर रुद्र सागर में वाटर स्क्रीन प्रोटेक्शन और फाउंटेन शो का लोकार्पण।
- श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्री अन्न लड्डू प्रसादम का शुभारंभ हुआ, जो मिलेट (श्रीअन्न) से निर्मित होगा महाकालेश्वर बैंड का शुभारंभ।
- पूरे प्रदेश में धूमधाम से 'गीता जयंती' का आयोजन, 2024 में सस्वर गीता पाठ का बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड।

### मध्यप्रदेश का सांस्कृतिक अभ्युदय

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों से विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का शुभारंभ।
- प्रदेशभर में विक्रमोत्सव का आयोजन दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का 3 दिन तक मंचन।
- शासकीय कैलेंडर में विक्रम संवत अंकित करना प्रारंभ।
- मप की तीन सांस्कृतिक परम्पराएं भगोरिया नृत्य, गोंड चित्रकला और नर्मदा परिक्रमा भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों की राष्ट्रीय सूची में शामिल
- शूरवीरों, विचारकों, दार्शनिकों, ऋषियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के योगदान को समर्पित होगा उज्जैन में बनने वाला वीर भारत संग्रहालय।
- सिंहस्थ 2028 का होगा दिव्य और भव्य आयोजन।
- सिंहस्थ-2028 की कार्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में रुपए 2,005 का प्रावधान किया गया है।
- 13 अखाड़ों के महामंडलेश्वर, संत-महंत व प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।
- क्षिप्रा को स्वच्छ और सुजल बनाने कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना शुरू।
- उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म हब बनाने पर जोर, मेडिसिटी का निर्माण।
- 29 किमी के शिप्रा घाट और 21 बैराजों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास
- सेवरखेडी-सिलारखेडी मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत सेवरखेड़ी में शिप्रा नदी पर बैराज का निर्माण कर पम्पिंग से सिलारखेड़ी जलाशय में जल एकत्रित होगा आवश्यकता अनुसार क्षिप्रा नदी में प्रवाहित किया जाएगा
- उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र, शिप्रा नदी पर ब्रिजों की श्रृंखला का निर्माण।
- उज्जैन में शनिलोक के निर्माण के लिए रुपए 140 करोड़ की मंजूरी।

# सरकार के काम को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

## सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर भाजपा दफ्तर में हुआ आयोजन, कार्यकर्ताओं ने किया सीएम का स्वागत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में कई अद्वितीय कार्य किए हैं। जिसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्त्ताओं की है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार है, जो जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है। डॉ. यादव शुक्रवार को भाजपा दफ्तर में अपने दो वर्ष के कार्यकाल के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पार्टी कार्यों के लिए पूरी तरह से समर्पित है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की तरह हमें भी पार्टी कार्यां के लिए पूरी तरह समर्पित रहकर संगठन कार्यों को आगे बढ़ाना है। पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बैठकों, संगोष्ठियों और संपर्क अभियान के जरिए पहुंचाएं।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में नक्सलवाद को समाप्त करने की दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ भाजपा सरकार ने अभियान चलाया और मध्यप्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करा लिया। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद की शुरूआत ही कांग्रेस के शासनकाल में हुई है, लेकिन हमें इस बात पर गर्व है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त कर दिया है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के साथ समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास के अद्वितीय कार्य किए हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि आजादी के बाद से वर्षों तक मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रही हैं, लेकिन विकास के काई कार्य नहीं कराए थे। मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही विकास की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अद्वितीय और अकल्पनीय विकास कार्य किए हैं। मप्र में भाजपा सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब, युवा, महिला और नारी शक्ति के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अलग-अलग मिशन चलाए जा रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूर्ण हुए दो वर्ष मध्यप्रदेश के विकास, सुशासन और सेवा की नई परिभाषा प्रस्तुत करते हैं। गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार ने जो व्यापक कदम उठाए हैं, उन्होंने प्रदेश को नई गति और नई दिशा दी है। डॉ. यादव ने जनजातीय नायकों के सम्मान में जनजातीय वीरों के स्थलों पर कैबिनेट बैठकें कर एक अनोखी परंपरा स्थापित की है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह करना सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### महामंत्री हितानंद

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि यह वर्ष देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष है, जिसे पूरे सम्मान और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रीवा में अटल की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होने वाले हैं। इस अवसर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल मंचासीन रहे।

# 22 साल की भाजपा सरकार ने राज्य संकट में धकेलाः कांग्रेस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 22 वर्षों से सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार ने राज्य को आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक संकट में ढकेला है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार ने कई क्षेत्रों में जनता के साथ वादा खिलाफी की है। कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को पीसीसी में संयुक्त पत्रकार वार्ता में यह आरोप लगाएं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मंचों से विकास की बातें करते हैं, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है। प्रदेश आज 4 लाख 75 हजार करोड़ रुपए के कर्ज़ में डूबा है। 22 साल की भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से इतना कमजोर कैसे किया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम का भावनात्मक नारा दिया जाता है, लेकिन पूरे के पूरे जंगल उद्योगपतियों के नाम कर दिए गए यह कैसा विकास मॉडल है। पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटीका क्या हुआ? लाड़ली बहनों को 1.12 लाख करोड़ मिलना था, लेकिन दिया सिर्फ 43 हजार करोड़-बाकी पैसा कहां गया? संपत्तियां बेचकर कर्ज़ चुकाना और फिर नया कर्ज ले लेना। यह आर्थिक कुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। पटवारी ने कहा कि ड्रग माफिया मंत्रियों तक पहुंच चुके हैं, पर मुख्यमंत्री चुप हैं। मंत्री प्रतिमा बागरी के परिवार के सदस्य ड्रग्स के साथ पकड़े गए क्या इस्तीफा मांगा गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा 22 साल से सत्ता में है, लेकिन मप्र की पहचान बीमारू राज्य की है। यदि 22 साल बाद राज्य कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था, कुपोषण, बेरोज़गारी और अपराध से ही पहचाना जाए तो यह किसी 2 साल की विफलता नहीं, बल्कि पूरे शासन मॉडल की हार है। सीडब्ल्यू सदस्य कमलेश्वर पटेल, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे तथा मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक भी उपस्थित रहे।

**सरकार ने कई क्षेत्रों में जनता के साथ वादा खिलाफी की**

## काम निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने दी एक सप्ताह की राहत

# अब तक 72.33 फीसदी मतदाताओं की ही हुई मैपिंग, डोर टू डोर वेरिफिकेशन कर ढूंढे जाएंगे 6.41 फीसदी वोटर्स

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में चल रहा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अभी जारी रहेगा, क्योंकि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले में केवल 72.33 फीसदी मतदाताओं की ही मैपिंग की जा सकी है। जबकि 6.41 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जो अनमैप्ड हैं। अब इनका वेरिफिकेशन करने के लिए कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित पूरा अमला मैदान में उतरेगा। साथ ही इस काम में राजनैतिक दलों की भी मदद ली जाएगी। मतदाता के घर जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन का काम किया जाएगा। जिले में ऐसे 6.41 फीसदी मतदाता हैं, जो अनमैप्ड हैं और अगले एक सप्ताह में इन सभी का रिवेरीफिकेशन किया जाएगा। ऐसे सभी मतदाताओं की मैपिंग अगले एक सप्ताह में पूरी हो। इसे लेकर शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के स्पेशल रोल पर्यवेक्षक बृजमोहन मिश्रा सहित जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया।




> एसआईआर कार्य अंतिम चरण में है, अब जो भी मतदाता अनमैप्ड हैं या एसजीडी सूची में जिनका नाम अपडेट होना है वे शीघ्र अपना दावा प्रस्तुत करें, ताकि निर्वाचन कार्य समय पर और सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।
>
> **● कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

### बीएलओ व बीएलए मिलकर ढूंढेंगे अनमैप्ड मतदाता

एसआईआर आर्ब्जवर मिश्रा ने बैठक में जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की। दरअसल जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लगातार प्रयास के बाद भी अनमैप्ड मतदाताओं की 100 फीसदी जानकारी अब तक नहीं जुटाई जा सकी है। नतीजतन 7 दिसंबर तक 7 दिसंबर तक 10.74 फीसदी मतदाता अनमैप्ड थे, जो 12 दिसंबर को 6.41 फीसदी रह गए हैं। अब 18 दिसंबर तक इन सभी मतदाताओं की 100 फीसदी मैपिंग पूरी कर ली जाए, इसके लिए अब राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की मदद ली जाएगी। जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा एसडीआर सूची को सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई है। साथ ही अनकलेक्टेबल गणना पत्रकों में एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड तथा डुप्लीकेट प्रविष्टियों पाई गई हैं। यदि उनके मतदाता 18 दिसंबर तक आकर अपना दावा प्रस्तुत कर देते हैं तो उनका नाम मतदाता सूची में फिर से जोड़ दिया जाएगा।

# इंदौर से शुरू हुई टैक्स पेयर्स को जागरूक करने की मुहिम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में कई आयकर दाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं क्योंकि उन्होंने अपनी रिटर्न में विदेशी संपत्ति और विदेश से होने वाली आय की जानकारी नहीं दी है। इसके बाद आयकर विभाग की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को इसकी जानकारी देने की मुहिम शुरू है। इस साल घोषित आयकर विभाग की नई नीति के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के आयकर रिटर्न (आईटीआर) में करदाता को विदेशी संपत्ति और विदेश से होने वाली आय की जानकारी देना भी अनिवार्य है। इसकी जानकारी न होने के कारण कई प्रोफेशनल जो देश में रहकर विदेशी संस्थाओं के लिए कंसल्टेंट या वर्क फ्रॉम होम करते हैं, उन्हें दिक्कत आ सकती है। अधिकारियों ने करदाताओं को चेतावनी देते हुए बताया कि आईटीआर में अगर विदेशी संपत्ति और आय का खुलासा न करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे में उन पर कानूनी और रिकवरी की कार्रवाई की जा सकती है।




### नज 2.0 के तहत हुआ आयोजन

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने एआई के उपयोग के बाद लगातार लोगों को नोटिस जारी होने की शिकायतों के बाद नज 2.0 अभियान शुरू किया है, जिसके जरिए लोगों को स्वप्रेरणा से सही आयकर रिटर्न भरने और पिछली गलतियों को दुरुस्त करने की सहूलियत दी गई है। नज 2.0 अबियान के तहत ही इनकम टैक्स के एमपी-सीजी सर्किल के इंदौर में शुक्रवार को शेड्यूल एफए (विदेशी संपत्ति) और एफएसआई (विदेशी आय और कर) की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल्स, आयकर दाता और टैक्स कंसल्टेंट शामिल हुए। इंदौर की टीडीएस कमिश्नर भारती सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर टीडीएस संजीव कुमार, उपनिदेशक आयकर (जांच) ऋषि कुमार, और उपायुक्त आयकर श्री गणेश तेंगाले ने प्रेजेंटेशन के जरिए विदेशी संपत्ति आर आय को सही तरीके से भरने का तरीका सिखाया।

वर्ष 69 ▸ अंक 75 ▸ पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर, 2025
▸ पौष कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
▸ महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"इस दुनिया में किसी के साथ खुद की तुलना मत करो, यदि आप ऐसा करते हैं तो आप खुद का अपमान कर रहे हैं।
- बिल गेट्स

## संक्षिप्त खबरें



### वैभव ने बनाया यूथ वनडे में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई के खिलाफ 95 गेंदों पर 171 रनों की धुआंधार पारी खेलकर कई रिकॉर्ड कायम किए। वैभव यूथ वनडे में भारत की ओर से सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। रिकॉर्ड अंबाती रायुडू के नाम है, जिन्होंने 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ नाबाद 177 रनों की पारी खेली थी। यह अंडर-19 वनडे में नौवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में नौ चौके और 14 छक्के लगाए। वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 छक्कों वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

( विस्तृत खबर खेल पेज पर )

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**लातूर, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 90 वर्ष के पाटिल लंबे समय से बीमार थे और लातूर स्थित आवास पर ही उनका उपचार चल रहा था।



सुबह करीब 6.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पाटिल सात बार लातूर से सांसद रहे। पाटिल का जन्म 12 अक्टूबर 1935 को महाराष्ट्र के लातूर जिले के चाकुर में हुआ। राजनीति में उनका सफर 1967 में शुरू हुआ, जब उन्होंने लातूर नगर पालिका में जिम्मेदारी संभाली। यहीं से उनके लंबे राजनीतिक करियर की शुरुआत हुई। स्पीकर रहते हुए उन्होंने लोकसभा का आधुनिकीकरण, कार्यवाही का टीवी पर सीधा प्रसारण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। यह समय भारतीय संसद में तकनीकी बदलावों का अहम दौर माना जाता है।

#### हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

### 7 दिन में हटाएं गावस्कर के फोटो और वीडियो

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश जारी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म गूगल,



मेटा, एक्स सहित अन्य मध्यस्थ उनकी तस्वीर, नाम या पहचान से जुड़े अनधिकृत कंटेंट को 7 दिन के भीतर हटाएं। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने कहा कि इस मामले को आईटी एक्ट 2021 के तहत दर्ज शिकायत माना जाए और समयबद्ध कार्रवाई करनी होगी। वादी पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क करें, बाद में अदालत हस्तक्षेप पर विचार करेगी। गावस्कर ने याचिका में आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स वेबसाइटें और डिजिटल चैनल उनके नाम, तस्वीर, चरित्र और पर्सनालिटी का उपयोग बिना अनुमति कर रहे हैं।

**बड़ा आर्थिक फैसला:** केंद्र सरकार सोमवार को संसद में पेश कर सकती है विधेयक

# बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को कैबिनेट की हरी झंडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने देश के बीमा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर ली है। सरकार के मुताबिक यह अब तक के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक होगा। शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति दे दी है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते बीमा बाजार में पूंजी निवेश बढ़ाने, तकनीकी विशेषज्ञता लाने और बीमा कवरेज विस्तारित करने की दिशा में निर्णायक माना जा रहा है।

अधिकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव से संबंधित विधेयक आगामी सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है, जो 19 दिसंबर को समाप्त होगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पहले ही संकेत दे चुकी थी कि बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से हटाकर पूर्ण विदेशी निवेश के लिए खोल दिया जाएगा।

सरकार का मानना है कि यह बदलाव बीमा क्षेत्र को नई ऊर्जा देगा और अधिक नागरिकों को बीमा कवरेज के दायरे में लाएगा। अधिक निवेश आने से बीमा कंपनियों की संख्या बढ़ेगी और एजेंटों और मध्यस्थों के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही देश में वित्तीय सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 'यह संशोधन बीमा क्षेत्र की वृद्धि, उपभोक्ता संरक्षण और निवेश आकर्षित करने के लिए ऐतिहासिक कदम है। इससे भारत का बीमा बाजार दुनिया के सबसे बड़े उभरते बाजारों में अग्रणी बनेगा।'

हालांकि 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की मंजूरी से राजनीतिक और आर्थिक विरोध भी संभव है। श्रम और कर्मचारी संगठनों का तर्क है कि विदेशी नियंत्रण बढ़ने से सामाजिक सुरक्षा का चरित्र बदल सकता है।

### बीमा क्षेत्र में विदेश निवेश बढ़ाने की जरूरत

भारत में बीमा कवरेज का स्तर अभी भी वैश्विक औसत से काफी कम है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारत का जनरल इंश्योरेंस पैठ जीडीपी का मात्र 1 फीसदी था, जबकि वैश्विक औसत 4.2 फीसदी रहा है। विदेशी निवेश से इसके 3 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है।




### बीमा कानूनों में बड़े संशोधन

**सरकार इस सुधार के साथ बीमा कानूनों में व्यापक बदलाव भी कर रही है।**

**1. इंश्योरेंश एक्ट, 1938 में संशोधन**
- यह प्रस्ताव बीमा कंपनियों की संरचना, निवेश, शेयर ट्रांसफर और संचालन से जुड़ी नियमावलियों को आधुनिक बनाएगा।
- 1 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी तक शेयर ट्रांसफर की अनुमति बिना पूर्व मंजूरी के दी जा सकती है।
- बीमा मध्यस्थों के लिए वन-टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया लागू होगी।

**2. एलआईसी एक्ट 1956 में बदलाव**
- एलआईसी बोर्ड को अधिक संचालनात्मक स्वायत्तता दी जाएगी।
- शाखाएं खोलने, नियुक्तियों और विदेशी संचालन से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार बोर्ड को दिया जाएगा।

**3. आईआरडीएआई एक्ट में सुधार**
- नियम निर्माण के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) शामिल किया जाएगा।
- पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए गलत तरीके से कमाए लाभ वापस लेने की शक्ति आईआरडीएआई को मिलेगी।
- डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के सुरक्षित उपयोग के लिए कानूनी प्रावधान लाए जाएंगे।

### सरकार का तर्क यह होगा लाभ

- बीमा कंपनियों को अधिक पूंजी उपलब्ध होगी
- अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता और प्रबंधन तकनीकें आएंगी
- देशभर में बीमा सेवाओं को तेजी से विस्तार मिलेगा।

**उम्मीद:** अब तक बीमा क्षेत्र में लगभग 82,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया है, लेकिन सरकार को उम्मीद है कि सीमा हटने के बाद यह आंकड़ा कई गुना बढ़ सकता है।

### पॉलिसीधारकों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम

**सरकार पॉलिसीहोल्डर्स एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड बनाने जा रही है। इसका उद्देश्य होगा-**
- जागरूकता बढ़ाना,
- शिकायत निवारण को मजबूत करना
- धोखाधड़ी तथा गलत प्रथाओं पर अंकुश लगाना होगा।

### री-इंश्योरेंस क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव

विदेशी री-इंश्योरर्स को भारत में प्रवेश सरल बनाने के लिए नेट ओन्ड फंड की अनिवार्यता को 5,000 करोड़ से घटाकर 1,000 करोड़ रुपये किया जा रहा है। इससे भारत में री-इंश्योरेंस क्षमता बढ़ेगी और बीमा कंपनियों का जोखिम प्रबंधन बेहतर होगा।




अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज भारत आ रहे हैं।

**जनगणना:** 11,718 करोड़ का बजट मंजूर

# 30 लाख कर्मचारी लगाए जाएंगे फरवरी-27 से नागरिक गणना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने 2027 में होने वाली राष्ट्रीय जनगणना के लिए 11,718 रुपए करोड़ के बजट को मंजूरी दे दी है। यह इस दिशा में देश की अब तक की सबसे बड़ी तैयारी मानी जा रही है। भारत में पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में कराई जाएगी। इस काम के लिए देशभर में लगभग 30 लाख कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। डिजिटल डेटा सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने विशेष डेटा प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क तैयार किया है। सरकार के अनुसार, डिजिटल जनगणना डेटा कलेक्शन को तेज और अधिक सटीक बनाएगी। साथ ही पेपर आधारित सर्वे में होने वाली त्रुटियों को कम करेगी। वास्तविक समय में डेटा अपडेट की सुविधा देगी। भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं की बेहतर प्लानिंग में मदद करेगी। लोग मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अपना डेटा भर सकेंगे। मंजूर ढांचे में इस बार जाति गणना भी शामिल की जाएगी।

### दो चरणों में होगी डिजिटल जनगणना

**पहला चरण:** हाउस लिस्टिंग और जनगणना- अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच घरों की गिनती, स्थिति, सुविधाओं, आबादी से संबंधित आधारभूत सूचनाएं जुटाई जाएंगी।

**दूसरा चरण:** फरवरी 2027 से कुल जनसंख्या, जनसांख्यिकीय विवरण, भाषा, रोजगार, शिक्षा स्तर आदि का विस्तृत डाटा संकलन किया जाएगा।

**हवाई किराया:** मंत्री बोले- डिरेग्यूलेशन से बढ़ती है प्रतिस्पर्धा

# किरायों पर ब्लैंकेट कैप संभव नहीं, जरूरत होने पर दखल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में बढ़ते हवाई किरायों पर सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए या नहीं, इस पर लोकसभा में शुक्रवार को हुई बहस के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने स्पष्ट किया कि सामान्य परिस्थितियों में घरेलू हवाई यात्राओं पर ब्लैंकेट फेयर कैप (किराया सीमा) लगाना न तो व्यवहारिक है और न ही लंबे समय के लिए फायदेमंद।

कांग्रेस सांसद शफी परंबिल द्वारा पेश निजी प्रस्ताव—जिसमें पूरे देश में हवाई किरायों को नियंत्रित करने की मांग की गई थी पर चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार के पास असाधारण परिस्थितियों में हवाई किरायों को सीमित करने का अधिकार है, लेकिन इसे स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। बाद में यह प्रस्ताव वापस ले लिया गया।

मंत्री ने कहा कि एयरलाइन क्षेत्र में कई कारोबारी कारक, लागत, ईंधन कीमतें और बाजार की मांग जैसी जटिलताएं शामिल हैं। इसलिए पूरे सेक्टर पर एक समान किराया-सीमा थोपना व्यावहारिक नहीं।

उन्होंने कहा, 'भारत में घरेलू हवाई किराए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तुलनात्मक रूप से उचित हैं। क्षेत्र को बढ़ाना है तो डिरेग्यूलेशन जरूरी है।' मंत्री ने कहा कि, जब हालात असामान्य हो जाते हैं, सरकार दखल देगी। लेकिन सामान्य नियम के रूप में किराया नियंत्रण नहीं हो सकता।

### दावा: 43 फीसदी किराया सस्ता



नायडू ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के हिसाब से यदि पिछले वर्षों के अनुसार तुलना करें, तो भारत में हवाई किरायों में 43 फीसदी की कमी आई है। हालांकि यह कमी किस समयावधि में हुई- इसका स्पष्ट विवरण उन्होंने नहीं दिया।

### एयरलाइंस के सामने सबसे बड़ी चुनौती है विमान की कमी

- भारतीय एयरलाइंस के पास 1700 से अधिक विमानों का ऑर्डर है
- लेकिन वैश्विक सप्लाई चेन में बाधाओं के कारण डिलीवरी में देरी हो रही है
- यह देरी क्षमता बढ़ाने को प्रभावित करती है, जिससे टिकट कीमतें भी प्रभावित होती हैं।
- सरकार ने भारत में विमान निर्माण की दिशा में प्रयास तेज कर दिए हैं।

### फिक्स्ड फेयर स्कीम पर ट्रायल जारी

मंत्री ने बताया कि एलायंस एयर ने तीन महीने का प्रयोगात्मक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें कुछ रूट्स पर फिक्स्ड किराया रखा गया है। यदि यह मॉडल सफल रहा तो निजी एयरलाइंस के साथ भी इसी तरह की योजना पर विचार किया जा सकता है।

**विपक्ष ने उठाया 'हवाई लूट' का मुद्दा**

कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा, 'हवाई यात्रा अब आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो रही है। पहले 5,000-6,000 की टिकट आज 25,000-30,000 रुपए में मिल रही है। सपा सांसद रामाशंकर राजभर ने कहा कि जब बाजार कुछ कंपनियों के हाथ में केंद्रित हो जाता है, 'वे अपने हिसाब से किराया तय करती हैं, जिससे ओवरप्राइसिंग की आशंका बढ़ती है।'

**किसान आंदोलन:** चौथे दिन भी इंटरनेट बंद, एथेनॉल फैक्ट्री विरोध पर तनाव बरकरार

# हनुमानगढ़ में 17 को महापंचायत; टिकैत होंगे शामिल

**हनुमानगढ़, जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान के हनुमानगढ़ के टिब्बी (राठीखेड़ा) क्षेत्र में ड्यून एथेनॉल की निर्माणाधीन फैक्ट्री के खिलाफ जारी आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को चौथे दिन भी इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। आंदोलनकारी किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं और आगे की रणनीति तय करने के लिए दोपहर में बैठक बुलाई गई है। किसान नेता जगजीत सिंह जग्गी ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा और संयुक्त मोर्चे के बैनर तले 17 दिसंबर को बड़ी महापंचायत होगी। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत के साथ पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से भी कई प्रमुख किसान नेता शामिल होंगे। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक हनुमानगढ़ के कलेक्टर और एसपी का तबादला नहीं होता, तब तक प्रशासन से कोई वार्ता नहीं की जाएगी।



**10 दिसंबर को भड़की हिंसा**

बुधवार को किसानों ने राठीखेड़ा स्थित निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्ट्री की दीवार तोड़ कर अंदर प्रवेश किया था। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय में आग भी लगा दी थी। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच तीखी पत्थरबाजी हुई, जिसमें कांग्रेस विधायक समेत 70 से अधिक लोग घायल हुए। कई घायल अभी भी गुरुद्वारे में ही इलाज करा रहे हैं।

### गोली मारना आपका अधिकार है क्या?: जग्गी

किसान नेता जग्गी ने कहा कि पुलिस लगातार किसानों को उपद्रवी बताने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने गोलियां चलाने की कोशिश की और एक एसआई के 'गोली मार दो' कहते हुए वीडियो उनके पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि आंदोलन की कमान गुरुद्वारे से चल रही है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक फैक्ट्री यहां से हट नहीं जाती।

### राहुल की बैठक से थरूर ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीतिगत विषयों में पार्टी लाइन से बाहर जाकर अपनी बेबाक राय रखने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की पार्टी सांसदों के लिए शुक्रवार को बुलाई बैठक में शामिल नहीं हुए। शीत सत्र के दौरान कांग्रेस की रणनीति तथा पार्टी सांसदों के प्रदर्शन पर चर्चा के लिए यह समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। थरूर के कोलकाता दौरे पर होने को बैठक में नहीं आने का कारण बताया गया और इसीलिए वे संसद की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। पूर्व निर्धारित यात्रा की दलील भले ही उनकी ओर से दी गई है मगर हकीकत यह भी है कि थरूर बीते चार हफ्ते में तीसरी बार शीर्ष नेतृत्व की बैठक में शामिल नहीं हुए।

**लोकसभा:** राहुल गांधी ने की देश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चर्चा की मांग, कहा-

# ब्लेम गेम नहीं, समाधान चाहता है विपक्ष रिजिजु बोले- सरकार चर्चा करने को तैयार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सदन में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर हमारी तरफ से कोई ब्लेम गेम नहीं होगा, इससे गंभीर चुनौती से पार पाने के लिए हम सरकार के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा कि वायु प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए उसका अगले चार पांच साल का प्लान क्या है और इसे सदन के पटल पर रखने को कहा। राहुल के सुझाव पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और बिजनेस एडवाइजरी कमिटी इसके लिए समय आवंटित कर सकती है। उठाया गया मुद्दा बिजनेस एडवाइजरी कमिटी के संज्ञान में भी लाया गया है।



### अनुराग का आरोप: तमिलनाडु एंटी-सनातन धर्म का सिंबल



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य 'एंटी-सनातन धर्म का प्रतीक' बन गया है। उन्होंने दावा किया कि हिंदुओं पर लाठीचार्ज किया जा रहा है और मंत्री लगातार विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने मदुरै मंदिर में दीप जलाने के आदेश की अवहेलना पर हाई कोर्ट की आलोचना का भी हवाला दिया।

## अंदर के पन्नों पर

▸ अंधेरे में हमीदिया कैंपस, एक साल से सीसीटीवी...( पेज-04)



▸ अस्पताल के नवीन भवन में 100 से अधिक कारों की...(पेज-07)
▸ मेसी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार...(पेज-10)



▸ भारत ने विदेशी पेशेवरों के लिए बदले वीजा नियम...(पेज-11)
▸ गश्त पर सवाल, एक साल में मरे 50 बाघ व 50 तेंदुए...(पेज-12)

**वर्ल्ड ऑर्डर में बदलाव** — दुनिया के सबसे ताकतवर समूह 'जी-7' का नया विकल्प बनाने की तैयारी में अमेरिका

# भारत, चीन-रूस के साथ 'कोर-5' की चर्चा तेज

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ऐसे भू-राजनीतिक प्रस्ताव को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें भारत, चीन और रूस जैसे बड़े देश एक नए अंतरराष्ट्रीय गुट में साथ आ सकते हैं। यह प्रस्तावित समूह 'कोर-5' कहलाएगा। वॉशिंगटन में इस हफ्ते तेजी से फैल रही चर्चा के अनुसार, यह समूह जी7 का विकल्प बन सकता है और वैश्विक शक्ति-संतुलन को पूरी तरह बदल सकता है। हालांकि, फिलहाल इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

कुछ महीने पहले ही ट्रंप ने कहा था कि 'अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हवाले खो दिया है' लेकिन अब रिपोर्ट्स कह रही हैं कि वे उन्हीं देशों के साथ एक नया समूह बनाना चाहते हैं, जिसमें जापान को भी शामिल करने की चर्चा है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी सुरक्षा रणनीति के एक लंबे, अप्रकाशित ड्राफ्ट में इस तरह की पहल का संकेत मिला है। हालांकि व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई गोपनीय या वैकल्पिक दस्तावेज मौजूद नहीं है।

कई विश्लेषक कहते हैं कि यह कोर-5 समूह ट्रंप की विदेश नीति के लिए मुफीद है। ट्रंप का राष्ट्रपति कार्यकाल कई असामान्य गठबंधनों की कोशिशों से भरा रहा है। इनमें चीन को एआई चिप्स की बिक्री मंजूर की और अपने दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर को मॉस्को भेजा। साथ ही पुतिन, शी जिनपिंग और अन्य 'स्ट्रॉन्गमैन' नेताओं के साथ प्रत्यक्ष बातचीत की।

एक पूर्व व्हाइट हाउस अधिकारी ने बताया कि इस बात की चर्चा हुई कि जी-7 या संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं आज की वैश्विक शक्ति संरचना के अनुरूप नहीं रहीं। लेकिन उन्होंने किसी जी-5 या जी-7 समूह पर आधिकारिक बातचीत से इंकार किया।

पूर्व एनएससी अधिकारी टोरे टॉसिग के मुताबिक ट्रंप दुनिया को विचारधारा से नहीं बल्कि ताकत और क्षेत्रीय प्रभाव के आधार पर देखते हैं। कोर-5 इसी सोच से मेल खाता है। ट्रंप ने हाल के महीनों में भारत, चीन और रूस—तीनों देशों पर टैरिफ बढ़ाए, रूस की ऊर्जा नीतियों पर दबाव बनाया और भारत के साथ व्यापार वार्ताओं पर भी कड़ा रुख अपनाया था।

### 'कोर-5' में कौन-कौन होगा

- अमेरिका
- भारत
- चीन
- रूस
- जापान



यह संरचना दुनिया की चार प्रमुख प्रतिद्वंद्वी शक्तियों को एक ही मंच पर ला देगी, जो अब तक किसी भी अंतरराष्ट्रीय तंत्र में संभव नहीं हुआ।

**रूस-यूक्रेन युद्ध पर चेतावनी:** ...तो हो सकता है तीसरा विश्व युद्ध

रूस-यूक्रेन वार्ता के ठप पड़ने पर ट्रंप ने कहा कि पिछले महीने 25,000 सैनिक मारे गए और यदि संघर्ष नहीं रुका तो 'स्थिति तीसरे विश्व युद्ध तक जा सकती है।' वे शांति वार्ता में प्रगति न होने से बेहद निराश हैं, जबकि यूरोपीय देश अब वार्ता पर नियंत्रण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### थाईलैंड-कंबोडिया पर बोले- एक फोन कॉल में युद्ध रोक सकता हूं

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद से जारी भारी झड़पों पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वे 'एक फोन कॉल' से युद्ध रोक सकते हैं। जुलाई में ट्रंप द्वारा कराया गया युद्धविराम असफल हो चुका है। दोनों देशों में गोलाबारी लौट आई है और कूटनीतिक बातचीत फिलहाल ठप है।

### भारत पैक्स सिलिका इनिशिएटिव से बाहर

ट्रंप प्रशासन ने वैश्विक टेक सप्लाई चेन को सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए 'पैक्स सिलिका इनिशिएटिव' लॉन्च किया, लेकिन भारत को इसमें शामिल नहीं किया। जापान, दक्षिण कोरिया, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे देश पहले चरण में शामिल हुए। यह चीन के साथ व्यापार संतुलन की रणनीति मानी जा रही है।

**बेलआउट पैकेज का मामला**

### आईएमएफ ने पाक के समक्ष रखीं 11 नई शर्तें

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** आईएमएफ ने पाकिस्तान के 7 अरब डॉलर के बेलआउट प्रोग्राम में 11 नई शर्तें जोड़ी हैं, जिससे सिर्फ 18 महीनों में कुल शर्तें 64 हो गई हैं। यह शर्तें इसलिए पेश की गई हैं, ताकि पाकिस्तान में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, चीनी सेक्टर को उदार बनाने और बढ़ती रेमिटेंस लागत को ठीक किया जा सके। इसी कारण आईएमएफ इन शर्तों के साथ पाकिस्तान पर दबाव डाल रहा है। आईएमएफ का कहना है कि नए उपाय गवर्नेंस की कमियों को कम करने, पावर सेक्टर में नुकसान को रोकने, टैक्स मशीनरी में सुधार करने और उन स्ट्रक्चरल कमियों को दूर करने के लिए जरूरी हैं जो आर्थिक सुधार में रुकावट डाल रही हैं। जून 2026 तक पाकिस्तान को कुछ शर्तों को पूरा करना होगा। चीनी बाजार के उदारीकरण के लिए एक नेशनल पॉलिसी बनानी होगी। लाइसेंसिंग, प्राइस कंट्रोल, आयात या निर्यात अनुमतियों व जोनिंग से संबंधित सुधारों पर सहमति बनानी होगी।

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 27.2°c | न्यूनतम 6.5°c
राजधानी में सर्दी का दौर जारी है। आज भी तापमान गिर सकता है।

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित www.dainikjagranmpcg.com

# अंधेरे में हमीदिया कैंपस, एक साल से सीसीटीवी और रोशनी का इंतजार

▶▶ बजट के अभाव में सुरक्षा ताक पर ▶▶ कई आपराधिक घटनाओं का नहीं लग पाता सुराग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अगस्त 2024 में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म की घटना के बाद मप्र सरकार ने यह निर्णय लिया था कि प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के परिसर में ब्लैक स्पॉट खत्म किए जाएंगे और पूरे कैंपस में चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इस निर्णय को करीब एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज और इससे जुड़े हमीदिया अस्पताल परिसर में आज भी सीसीटीवी नहीं लगाए गए हैं। पूरे परिसर में कई जगह ऐसी हैं, जहां रात के समय अंधेरा पसरा रहता है, यानि यहां रोशनी की इंतजाम नहीं है। इन दो कमियों का खामियाजा उस समय ज्यादा भुगतना पड़ता है, जब कोई आपराधिक घटना घटित होती है। हाल ही में हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी के पास एक कचरे के ढेर में दो नवजात बच्चों के अधजले शव मिले हैं। इन शवों की न तो पहचान हो सकी है और न यह पता चल रहा है कि कौन व्यक्ति इन्हें कचरे के ढेर में फेंक गया। अब तक की जांच में पुलिस खाली हाथ है। मामला कोहेफिजा थाना के पास है, यहां की पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है और कैंपस में लगे इक्का दुक्का सीसीटीवी खंगाल रही है। प्रदेश के 17 मेडिकल कॉलेजों में सीसीटीवी लगाने और पर्याप्त रोशनी करने का निर्णय अगस्त 2024 में राज्य उच्च स्तरीय समिति ने लिया था। इस समिति में मुख्य सचिव से लेकर कई विभागों के प्रमुख सचिव शामिल थे। बावजूद इसके आज तक कॉलेजों में सीसीटीवी नहीं लगाए गए हैं।



### घटना के बाद डीन व अधीक्षक नहीं कर रहे हैं रात्रि गशत

कोलकाता घटना के बाद प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेजों के लिए नई गाइडलाइन जारी की थी। जिसके तहत ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां बिजली या रोशनी का इंतजाम करना, डीन और अधीक्षक का रात्रिकालीन गशत करना शामिल है। इसके अलावा अतिसंवेदनशील क्षेत्र जैसे पार्किंग, बेसमेंट, छत, सीढ़ियों और ऐसी जगह जहां आवाजाही कम हो, वहां भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना शामिल है। सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था और संख्या बढ़ाना आदि। इन सभी बिंदुओं पर एक सप्ताह में अमल होना था, लेकिन अभी तक नहीं हुआ।

कॉलेज का पूरा परिसर सीसीटीवी की जद में नहीं है। यह काम शासन स्तर पर होना है, जब बजट दे दिया जाएगा, हम कैमरों की संख्या बढ़ा लेंगे।
● **डॉ. कविता एन सिंह,** डीन, जीएमसी

अस्पतालों में सीसीटीवी की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। यदि परिसर का कोई क्षेत्र अंधेरे में हैं और वहां सीसीटीवी नहीं है तो प्रबंधन हमें डिमांड भेज सकता है। हम इसके लिए व्यवस्था करेंगे।
● **आईएएस मयंक अग्रवाल,** एमडी हेल्थ कॉरपोरेशन

## हमीदिया में मिले अधजले शवों की पीएम रिपोर्ट आई, पर सुराग नहीं लगा हाथ

### रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की हो रही शिनाख्त

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में तीन दिन पहले नवजात के अधजले शवों की पोस्टमोर्टम रिपोर्ट आ गई है, लेकिन इन्हें कचरे के ढेर में फेंकने वाले का कोई सुराग नहीं मिला है। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस अब शवों का डीएनए कराने की तैयारी कर रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद उन गर्भवती महिलाओं से इसकी मेचिंग कराई जाएगी, जो बीते कुछ महीनों में हमीदिया अस्पताल आती रही हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग ने शवों का पीएम किया है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की गर्भनाल जुड़ी हुई थी, जिससे स्पष्ट हो गया कि बच्चे जुड़वा थे। हालांकि पीएम रिपोर्ट से बच्चों का लिंग, मौत जलने से हुई या पहले हो चुकी थी, इसके अलावा क्या बच्चे मृत पैदा हुए थे आदि कई बातो का खुलासा पीएम रिपोर्ट में नहीं हो सका है। कोहेफिजा पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हम अपने थाना क्षेत्र के आसपास के सभी नर्सिंग होम, क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की शिनाख्त कर रहे हैं। इसके अलावा हमीदिया अस्पताल में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की सूची भी मांगी गई है।

**अब डीएनए मैचिंग की तैयारी में पुलिस लेकिन फेंकने वाला अब भी लापता**

### सीसीटीवी की घटिया क्वालिटी

थाना प्रभारी कोहेफिजा कृष्ण गोपाल शुक्ला का कहना है कि हमीदिया अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है। हमीदिया से मिली डीवीआर में कैमरों की क्वालिटी घटिया है, इसे देखने में बहुत समय लग रहा है। अभी तक जितने भी कैमरों की रिकार्डिंग देखी गई, किसी में कोई संदिग्ध नहीं मिला है।

# बदला शेड्यूल, अब 20 को चलेगी भोपाल मेट्रो

## केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में मेट्रो का संचालन अब 21 की जगह 20 दिसंबर को होगा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के भोपाल आगमन के कार्यक्रम में हुए बदलाव के चलते यह निर्णय शासन द्वारा लिया गया। इसके बाद शासन की ओर से एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को मेट्रो के व्यावसायिक संचालन के लिए 20 दिसंबर की तारीख तय करने निर्देश दिए गए हैं। एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य के अनुसार शासन से मिले निर्देशों के बाद 20 दिसंबर से शहर में मेट्रो के संचालन शुरू किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम दिन के समय मिंटो हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर होंगे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र के मुख्यमंत्री सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअली जुड़ेंगे। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रोजेक्ट भोपाल शहर में अगले 100 सालों की परिवहन सुविधाओं को देखते हुए तैयार किया गया है। शुरुआत में हो सकता है कुछ समय तक यात्रियों की संख्या कम रहे, लेकिन जैसे जैसे यह प्रोजेक्ट पूरा होता जाएगा। यात्रियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी, जिससे शहर वासियों को तेज गति वाली परिवहन सुविधा मिलेगी। इससे शहर में पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रदूषण का स्तर भी तेजी से कम होगा।



### सोमवार को जारी होगी ऑपरेशन से जुड़ी विस्तृत जानकारी

मेट्रो ने भी प्रायोरिटी कॉरिडोर पर व्यावसायिक संचालन की मॉक ड्रिल शुरू कर दी है। इसके तहत टिकटिंग, चैकिंग, स्टेशन व प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जवानों की गश्त सहित अन्य तैयारियों की मॉक ड्रिल की जा रही है। वहीं मेट्रो प्रबंधन ऑपरेशन से जुड़ी समस्त जानकारियां सोमवार को जारी करेगा। इसके तहत मेट्रो के संचालन का समय इसके टिकट का फेयर और यात्री सुविधाओं सहित अन्य जानकारियों को साझा किया जाएगा। बता दें कि शहर में सुभाष नगर से लेकर एम्स भोपाल तक 7.5 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सूबेदार स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने गृह विभाग के लिए होने वाली सूबेदार (स्टेनोग्राफर) और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2025 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा में करीब 31 हजार उम्मीदवार अपने परीक्षा केंद्र और समय का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ईएसबी द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत यह भर्ती परीक्षा 17 और 18 दिसंबर को प्रदेशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा सीबीटी मोड में होगी, जिसके लिए सुरक्षा और तकनीकी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उम्मीदवार एडमिट कार्ड ईएसबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का मैनेजर घूस लेते गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिवनी जिले में एमपी वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन की धनौरा शाखा में पदस्थ वेयरहाउस मैनेजर मुकेश परमार को लोकायुक्त पुलिस ने 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुरेन्द्र जैन की शिकायत पर की गई। परमार ने जैन के नाई पिपरिया गांव में बने वेयर हाउस में धान खरीदी और अन्य अनाज खरीदी की पर्याप्त सुविधाएं न होने की शिकायत उच्च अधिकारियों को न करने के एवज में 25 हजार की रकम मांग रहा था। बातचीत के बाद दोनों के बीच 15 हजार पर सहमती बनी। शुक्रवार को जैसे ही मुकेश परमार अपने दफ्तर में घूस की रकम ली, वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने मैनेजर को दबोचकर घूस की रकम बरामद कर ली। परमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।



### 11 मील और एमएलए रेस्ट हाउस में आज बिजली कटौती



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को शहर के 11 मील और भोजपुर रोड की कालोनियों में बिजली सप्लाई 6 घंटे के लिए बाधित रहेगी। बिजली कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज भोजपुर रोड स्थित आइपर कालेज, महर्षि वेदा साइंस, चैतन्य एजुकेशन, महर्षि इन्फॉरमेशन, गुरुदेव ब्रह्मानंद सरस्वती, आरआरजी कालोनी, छान ग्राम, 11 मील टावर, एमजी हेक्टर शोरूम व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और एमएलए रेस्ट हाउस व उसके आसपास के क्षेत्रों में भी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी।

एक शाम छींद वाले दादाजी के नाम

### संगीतमय सुंदरकांड का 30वां पाठ कल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सनातन धर्म प्रेमियों के सहयोग से चल रही धार्मिक श्रृंखल एक शाम छींद वाले दादाजी के नाम के तहत शनिवार को श्री परशुराम मंदिर शिवाजी नगर में संगीतमय सुंदरकांड का 30वां पाठ एवं अभिमंत्रित रुद्राक्ष माला वितरण होगा। दिसंबर माह में जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ वाले भक्त आयोजन समिति को सूचित कर सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। अब तक 1381 श्रद्धालुओं का सम्मान, 101 अभिमंत्रित तुलसी माला गौमुखी सहित तथा पूर्व में 1233 माला वितरण, रामायण वितरण योजना के तहत रामचरित मानस अर्थ भेंट, मातृशक्ति को सिंदूर सुहाग साड़ियां और चुनरियां प्रदान, किन्नर महामंडलेश्वर द्वारा 351 सिक्का वितरण, 255 रुद्राक्ष वितरण, 9 विशाल भंडारे, 291 श्री हनुमान चालीसा और 101 सुंदरकांड पाठ पुस्तिकाओं का वितरण हो चुका है। प्रतिमाह द्वितीय शनिवार आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रण।

### पीडब्लयूडी के मुख्य अभियंता को मातृशोक

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय मस्के की माताजी श्रीमती लीलाबाई का निधन शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11 बजे पांढुर्ना के विश्रामघाट पर किया जाएगा। विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उन्हें श्रद्धांजलि देने पाढ़ुर्ना पहुंचेंगे।।



## आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध मंत्रालय के सामने प्रदर्शन



आईएएस संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मंत्रालय के गेट नंबर 6 पर सकल ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा तथा सामान्य वर्ग के कर्मचारियों द्वारा शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासन को जगाने के लिए शंख बजाकर प्रदर्शन किया।

# एनेस्थीसिया का आवेर डोज लेकर एम्स की महिला डॉक्टर ने किया सुसाइड का प्रयास

**हालत गंभीर:** एम्स के इमरजेंसी एंड ट्रॉमा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल की एक महिला चिकित्सक ने आत्म हत्या का प्रयास किया है। इसके लिए उन्होंने खुद को एनेस्थीसिया का ओवर डोज वाला इंजेक्शन लगाया है। महिला चिकित्सक की हालत गंभीर है और एम्स में इलाज जारी है। जानकारी अनुसार जानकारी एम्स के इमरजेंसी एंड ट्रॉमा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा ने गुरुवार को आत्महत्या का प्रयास किया है। वह ड्यूटी के दौरान एम्स से घर पहुंची और घर पर जाकर एनेस्थीसिया का ओवर डोज ले लिया। इस दौरान महिला डॉक्टर के पति डॉ. रतन (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ) जब कुछ सयम के बाद घर पहुंचे तो डॉ. रश्मि को कुर्सी पर अचेत अवस्था में बैठा देखा, जिसके बाद वह बेहोशी की हालत में डॉ. रश्मि को लेकर एम्स भोपाल आए। उनकी स्थिति को देखते हुए मौजूद डॉक्टरों ने तत्काल सीपीआर देना शुरू कर दिया। इससे उन्हें कुछ फायदा तो हुआ लेकिन अभी उनकी हालत क्रिटिकल बनी हुई है। पल्स रेट और हार्टबीट पहले से नॉर्मल हुई हैं। प्रबंधन को डॉ. रश्मि के पति डॉ. रतन ने जानकारी दी कि घर पर सब नॉर्मल था, सब अपना-अपना काम कर रहे थे।



### 72 घंटे बाद ही स्थिति होती है क्लियर

एम्स के डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे मामलों में 72 घंटे के बाद ही स्थिति क्लियर होती है। अभी तक डॉ. रश्मि रिकवर कर रही हैं, लेकिन अंदर नसों को कितना नुकसान पहुंचा है, यह स्थिति 72 घंटे बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल वो मेन आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। एम्स प्रबंधन का कहना है कि डॉ. रश्मि ने यह कदम क्यों उठाया, अभी यह स्थिति क्लियर नहीं है।

### 7 दिसंबर को था जन्मदिन

डॉ. रश्मि का 7 दिसंबर को जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए उन्होंने एम्स से अवकाश लिया था और वह अंडमान गई थी। इसके बाद जब वह लौटकर आई तो एम्स में उनके स्टाफ ने सेलिब्रेशन किया और केक काटा।

# ऑनलाइन गेमिंग में पैसों का विवाद ट्रक चालक को बंधक बनाकर पीटा

**पीड़ित के खाते में गेमिंग के चार लाख आए, उसने तीन लाख किए थे वापस**

## ऑडी कार से विदिशा से भोपाल लाए आरोपी, रास्ते भर डंडे और बेल्ट से पीटा

**जागरण, भोपाल।** ऑनलाइन गेमिंग की रकम को लेकर हुए विवाद में साइबर ठगों ने ट्रक चालक को जमकर पीटा। आरोपियों ने विदिशा में रातभर बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की, फिर गुरुवार सुबह ऑडी कार से उसे भोपाल ले आए। मौका मिलते ही पीड़ित ने कार से कूदकर शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। मिसरोद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार के अनुसार पीड़ित सुनील मालवीय, भानपुरा मंदसौर का रहने वाला है। वह ट्रक चलाता है। सुनील की मुलाकात हरिओम वैणव से हुई थी। हरिओम ने उसे बताया कि वह ऑनलाइन गेम में पैसा लगाता है और इस गेम की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराते हैं। उसे हर बार पांच हजार मिलते हैं। 12 दिन पहले हरिओम ने सुनील के खाते में चार लाख ट्रांसफर कराए। रकम आते ही सुनील की ट्रक फाइनेंस की लंबित एक लाख की किश्त अपने-आप कट गई। बाकी बचे तीन लाख हरिओम के बताए खाते में लौटा दिए, बाकी के पैसे को लेकर विवाद हुआ।



पीड़ित सुनील

**पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

पीड़ित सुनील की रिपोर्ट पर हरिओम वैणव और उसके साथियों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की गई। सुनील ने पुलिस को बताया कि आरोपी रास्ते भर डंडे और बेल्ट से मारते रहे और बार-बार धमकाते रहे कि एक लाख रुपए लौटाओ, नहीं तो छोड़ेंगे नहीं। इस पर सुनील लगातार घरवालों को कॉल कर पैसे लाने की बात करता रहा। मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है

### विदिशा बुलाकर बंधक बनाया

बुधवार रात आरोपियों ने सुनील को विदिशा बुलाया। वह अपने साथी लखन के साथ एक होटल में पहुंचा। यहां हरिओम और उसके तीन साथियों ने दोनों को बंधक बनाकर जमकर पीटा। हथियार दिखाकर धमकाया। गुरुवार सुबह चारों आरोपी सुनील और लखन को ऑडी कार में बैठाकर भोपाल लेकर आए। मिसरोद की एक कॉलोनी में पहुंचकर दो आरोपी एक फ्लैट में चले गए, जबकि दो आरोपी सुनील और लखन के साथ कार में मौजूद रहे। मौका मिलते ही सुनील कार से बाहर आया और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के इकट्ठा हुए लोग ने सुरक्षित स्थान पर बैठाया।

**पहल** परीक्षाओं के बीच शंकाओं से घिरे विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखेगी हेल्पलाइन

# छात्रों को तनाव मुक्त करने 24 घंटे काउंसलर तैनात

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सात फरवरी से शुरू हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन पर विद्यार्थियों द्वारा भय एवं आशंकाओं भरे कई प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इस घड़ी में उन्हें प्रशन्नतापूर्व और स्वस्थ्य मन से पढ़ाई करने के उपाये बताये जा रहे हैं। मंडल ने हेल्पलाइन को निर्देश दिए हैं कि चौबीस घंटे विद्यार्थियों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान किया जाए। दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा प्रदेशभर में करीब चार हजार केंद्रों पर होगी। अभी तक हेल्पलाइन पर विद्यार्थियों की विषय संबंधी समस्याएं ज्यादा दर्ज की गई हैं। अब जैसे-जैसे परीक्षाओं का समय नजदीक आता जा रहा है विद्यार्थियों की शंकाएं बढ़ती जा रही हैं। विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि कहीं पेपर तो नहीं बिगड़ जाएगा। या फिर जो पढ़ रहे हैं। परीक्षाओं में उससे अलग हटकर प्रश्न तो नहीं आएंगे। कांउसलरों के अनुसार सप्ताहभर में दस विद्यार्थियों ने कॉल कर पूछा है कि कहीं फेल तो नहीं हो जाएंगे। मन में ऐसे विचार आ रहे हैं, तो इसके लिए क्या किया जाये। विद्यार्थियों को सलाह दी जा रही है कि वह पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर केंद्रित करें। फुर्सत के समय में अच्छे संगीत सुनें। पारिवार सदस्यों दोस्तों के साथ खेलों में भागीदारी करें। इससे वह तनाव मुक्त रहेंगे। व्यर्थ के विचार भी मन में नहीं आएंगे। अभिभावक भी फोन कर रहे हैं कि बच्चों की तैयारियां कैसे करवाएं। उन्हें सलाह दी जा रही है कि वे बच्चों पर कोई दबाव न बनाएं। उन्हें घरों में खुश होकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। इससे वह तनावमुक्त रहकर ही अच्छी पढ़ाई कर सकेंगे।



### परीक्षा केंद्रों की निगरानी रिपोर्ट जुटा रहा मंडल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तैयार किए गए परीक्षा केंद्रों का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। मंडल अपने स्तर से जिलों में यह निगरानी रिपोर्ट जुटा रहा है कि अनुमोदित परीक्षा केंद्रों पर कोई कमी तो नहीं है। यहां पर सभी व्यवस्थाएं हैं। बोर्ड के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है। कोई कमी है, तो उसकी पूर्ति परीक्षा के पहले करें।

### मंडल और संचालनालय बना रहे संयुक्त रूपरेखा

दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में रिवीजन की तैयारियां हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल और लोक शिक्षण संचालनालय ने संयुक्त रूप से जो मॉडयूल तैयार किए गए हैं। इसमें वही विषय वस्तु समाहित की गई, जो शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कक्षाओं में पढ़ाई गई है। इनमें प्रश्नों के साथ उत्तर दिए गए हैं। जिसे विद्यार्थी सहज और सरल तरीके से हल कर सकते हैं।

# कॉलेजों में वेंडिंग मशीनें तो हैं लेकिन सेनेटरी नैपकिन गायब

## छात्राओं ने कहा- वेंडिंग मशीनों में नहीं की जाती पैड की रिफिलिंग

**श्वेता कुमारी।** उच्च शिक्षा विभाग ने शहर के महाविद्यालयों को छात्राओं के पर्सनल हाइजीन को ध्यान में रखते हुए सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने के निर्देश दिए थे। जिसका उद्देश्य छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता और सुविधा सुगमता से उपलब्ध कराना था। ताकि असहज स्थिति में छात्राएं 5 रुपये का सिक्का डाल कर मशीन से सैनेटरी नैपकिन प्राप्त कर सकें। कॉलेजों ने ये मशीनें लगवा तो दीं, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर ये मशीने न तो काम कर रही हैं, न ही इन्हें समय-समय पर रिफिल किया जा रहा है। जबकि कॉलेज प्रशासनों का दावा है कि उनके यहां की मशीनें दुरुस्त हैं और समय-समय पर रिफिलिंग भी की जाती है। शहर के प्रमुख कॉलेजों की छात्राओं से बातचीत में मशीनों की वास्तविकता का खुलासा हुआ। नूतन कॉलेज की छात्रा साक्षी ठाकुर कहती हैं- शुरुआत में कुछ दिन मशीन से पैड मिल जाते थे, लेकिन अब कई महीने से मशीन बंद पड़ी है। इनमें पैड रिफिलिंग करने कोई नहीं आता है। आनंद विहार महिला कॉलेज की छात्रा रचना सेन ने बताया वेंडिंग मशीन लंबे समय से खाली पड़ी हैं। महिला पॉलिटेक्निक की छात्रा निधि जैन कहती हैं- एक बार जरूरत पड़ने पर मशीन में पैसे डाले लेकिन न पैड निकला, न पैसा। ऐसे में दोस्तों से मदद लेनी पड़ी। सत्य साईं कॉलेज की भावना दुबे का कहना है- यहां वेंडिंग मशीन अकसर बंद पड़ी रहती हैं, महीनों से किसी ने उसका इस्तेमाल नहीं किया। महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज की छात्रा वंशिका ने बताया- कॉलेज की पैड वेंडिंग मशीन काम नहीं करती। वॉशरूम में साफ सफाई नहीं होती, अकसर पानी नहीं आता। सबसे ज्यादा दिक्कत की बात ये है कि यहां आस-पास कोई दुकान भी नहीं है, जहां से हम सैनिटरी नैपकिन खरीद सकें। नियमित कक्षाएं या परीक्षाएं हो तो बहुत दिक्कत होती है।



### क्या कहता है कॉलेज प्रशासन

गर्ल्स टॉयलेट और कॉमन रूम में मशीन लगी है। एक कमेटी का गठन भी किया गया है। जो इसकी रिफिलिंग और रिपोर्टिंग करती है। छात्राओं का सेल्फ हेल्प ग्रुप भी है, जो नॉमिनल चार्जेज पर पैड देता है।
■ **चांदना वासु,** फैकल्टी महिला पॉलिटेक्निक

महिला बाल विकास के सहयोग से 5 साल पहले पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई थी। मशीन के रेगुलर मेंटेनेंस के लिए इंचार्ज भी हैं। कॉलेज की कमेटियां और स्टूडेंट यूनियन भी पैड मुहैया करवाता है।
■ **डॉ अंजु चौरसिया,** फैकल्टी, आनंद विहार

सेनेटरी नैपकिन्स वेंडिंग मशीन पांच साल से लगी हुई है। यह मशीन इनर व्हील क्लब ने डोनेट की थी।
■ **मधु मिश्रा, प्रिंसिपल,** सत्य साई कॉलेज


डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
भारत के गौरवशाली अतीत और संस्कृति से जोड़ती अहम पहल
सम्राट विक्रमादित्य
प्रवेश द्वार
भूमिपूजन
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
13 दिसम्बर, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
शासकीय माध्यमिक विद्यालय, फंदा, भोपाल
विरासत के साथ शहरी विकास
विक्रमादित्य द्वार
विकास और सेवा के 2 वर्ष
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11158/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# चुनावी व्यवस्था खराब नहीं इसमें बदलाव की दरकार

*भारत की चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बैलेट पेपर पर लौटने की मांग हो रही है। हालांकि, मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह खराब नहीं कहा जा सकता। इसमें सुधार की गुंजाइश है। राजनीतिक दलों और चुनाव अधिकारियों की सतर्कता व ईमानदारी से चुनावी गड़बड़ियों से बचा जा सकता है।*

*क्या भारत में मतदान बस दिखावा है? क्या देश को बैलेट पेपर पर लौट जाना चाहिए? ये सवाल लगातार उठ रहे हैं। हकीकत में हर व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश होती है, पर इसका यह मतलब नहीं कि मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह खराब है। भारत की चुनाव व्यवस्था में सुधार जरूरी है और हो सकता है, लेकिन इसे भ्रष्ट बताकर नकारा नहीं जा सकता।*

*भारत में जब बैलेट पेपर चलते थे, तब भी कुछ राज्यों में बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान की घटनाएं होती थीं। यहां तक कि ईवीएम के दौर में भी कई जगह स्थानीय गुंडे बूथ में घुसकर उन लोगों के नाम पर वोट डाल देते हैं, जो वोटिंग के लिए नहीं आए होते। यह वोटिंग मशीन की नहीं, राजनीतिक विफलता है।*

*राहुल गांधी वोट चोरी का जो आरोप लगा रहे हैं, उसे मजाक कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। उनका आरोप है कर्नाटक में फॉर्म 7 के जरिये बड़े पैमाने पर नाम काटे गए और इसके लिए जिनकी आईडी का इस्तेमाल हुआ, उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। अब यह बात समझ से परे है कि चुनाव आयोग ने जांच को रोकने की कोशिश की और सहयोग नहीं किया।*

*अगर फर्जी मतदाता पंजीकृत हो रहे हैं, तो राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों को आपत्ति उठाने का समय मिलना चाहिए। इसके लिए उन्हें मतदाता सूची समय पर मिलनी चाहिए और ऐसी होनी चाहिए जिसकी मशीन से जांच हो सके। चुनाव आयोग का कहना कि यह मतदाताओं के निजता के अधिकार का उल्लंघन है, बेकार बात है। आप किसे वोट देते हैं, यह निजी मसला है, लेकिन मताधिकार सार्वजनिक है। वोटर लिस्ट इसी सार्वजनिक अधिकार का रेकॉर्ड है, इसलिए इसे गोपनीय रखने का मतलब नहीं बनता। कई बार ऐसा हुआ है कि आखिरी घंटों में वोटिंग अचानक बहुत बढ़ गई। यह वोटिंग सही भी हो सकती है और फर्जी भी। मतदान को लेकर अगर कोई शिकायत हो और मामला कोर्ट में पहुंचे, तो फैसला आने तक रेकॉर्डिंग सुरक्षित रखनी होती है। लेकिन, मान लीजिए अगर वोटिंग के 45 दिनों बाद फ्रॉड के सबूत मिलते हैं और याचिका दायर की जाती है, तो रेकॉर्डिंग नहीं मिलेगी। यही नहीं, आयोग के सदस्यों को भी मनमाने तरीके से इम्युनिटी दे दी गई है।*

*सीसीटीवी फुटेज को केवल चुनावी गड़बड़ी के संभावित सबूत के रूप में ही क्यों देखा जाए? इसे तो ऐतिहासिक दस्तावेज मानना चाहिए, जिसे भविष्य के इतिहासकार यह समझने के लिए देखेंगे कि किसी इलाके में लोकतंत्र कैसे काम करता था। यह तर्क देना कि ऐसी फुटेज का दुरुपयोग कर फर्जी विडियो बनाए जा सकते हैं, उतना ही अव्यावहारिक है जितना यह कहना कि महिलाओं को शादी-ब्याह के विडियो में न दिखाया जाए। क्या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से बिल्कुल भी छेड़छाड़ नहीं हो सकती? अगर चुनाव अधिकारी मिलीभगत करें, तो यह संभव है कि जिस ईवीएम पर मतदाताओं ने मतदान किया है, उसकी जगह दूसरी मशीन रख दी जाए। ऐसी मशीन, जिसमें पहले से मनचाहे वोट दर्ज हों। इसी तरह, मिलीभगत से यह भी संभव है कि मशीनों को ऐसे प्रोग्राम किया जाए, जिससे वो कुछ और वोट दर्ज करें, जबकि वोटर ने दबाया कुछ और हो।*

*चुनावी गड़बड़ियों से बचने की सबसे बड़ी ढाल है राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं की सतर्कता। साथ में चुनाव अधिकारियों की ईमानदारी भी जरूरी है। एसआईआर के दौरान विदेशी नागरिकों को हटाने के अभियान पर यह बुनियादी सिद्धांत लागू होना चाहिए कि आरोप साबित होने तक हर आरोपी निर्दोष माना जाता है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि आवेदन करने वाला कोई शख्स विदेशी नागरिक है, उसे मत देने का अधिकार मिलना चाहिए।*

# धमकियों से विवश नहीं कर सकते अमेरिका-यूरोप

अंतरराष्ट्रीय संबंध

शिवकांत शर्मा



> अमेरिका और यूरोप जहां एच1बी वीजा पर संख्या और समय की सीमाएं लादने और कुशल कामगारों की आवाजाही को रोकने में लगे हैं, वहीं रूस ने कामगारों की निर्बाध आवाजाही की पेशकश की है क्योंकि उसे इस समय कामगारों की जरूरत है। अमेरिका और यूरोप जहां भारत पर रूस से तेल और गैस न खरीदने का दबाव डाल रहे हैं वहीं रूस ने तेल और गैस के साथ-साथ परमाणु ईंधन की भी निर्बाध आपूर्ति करने और छोटे परमाणु बिजलीघर बनाकर देने की पेशकश की है। रूस, चीन और भारत जैसे महादेशों को प्रतिबंधों और धौंस-धमकियों से घेरा और विवश नहीं किया जा सकता।

अमेरिका और यूरोप भारत में पुतिन के स्वागत और व्यापार प्रस्तावों से नाराज होकर भारत को और परेशान करेंगे या फिर भारत का व्यापार रूस के हाथों में जाने से रोकने के लिए जल्दी व्यापार समझौते करेंगे? भारत के लिए रूस के व्यापार प्रस्ताव और उसका भरोसा आकर्षक जरूर हैं और रूस में व्यापार और आप्रवासन बढ़ाने की संभावनाएं भी व्यापक हैं।

अमेरिका और नाटो रूस को यूक्रेन से खदेड़ने के लिए लगभग चार वर्षों से उसकी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने के प्रयासों में जुटे हैं। उन्हें लगता था जैसे दूसरे विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन को और अफ़ग़ानिस्तान के युद्ध ने सोवियत संघ को दिवालिया बना दिया था वैसे ही यूक्रेन का युद्ध रूस की कमर तोड़ देगा। वास्तव में ऐसा हुआ नहीं। शुरू के दो सालों में आए मुद्रास्फीति के उछाल और रूबल और अर्थव्यवस्था की गिरावट को रक्षासामग्री के निर्माण और ऊर्जा के निर्यात ने संभाल लिया। फिर भी, पुतिन जानते हैं कि संकट केवल टला है, गया नहीं है। युद्ध में लगभग 1500 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। मुद्रा स्फीति और ब्याज दरें आसमान छू रही हैं और कर्ज का पहाड़ खड़ा हो गया है। देश में निवेश, सामान और कामगारों की भयंकर तंगी है। चीन ने इस अवसर का लाभ उठाकर रूस में उसी तरह अपना कारोबार फैलाया है जैसे दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने यूरोप में फैलाया था और विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन बैठा था। इसी अवसर का लाभ उठाने के लिए ट्रंप शांति समझौता कराने को बेचैन हैं।

पुतिन की भारत यात्रा की सबसे बड़ी वजह यही थी। यूक्रेन युद्ध से विश्व के दो सबसे धनी और बड़े बाजारों और निवेशकों, अमेरिका और यूरोप को खो देने के बाद उनके पास चीन और भारत से बेहतर विकल्प नहीं हैं। रूस की तरह भारत और चीन भी ट्रंप के पल-पल बदलते, मनमाने टैरिफ फ रमानों, आप्रवासन नीतियों और प्रतिबंधों से परेशान हैं। इसलिए पुतिन ने भारत में उन क्षेत्रों से जुड़े प्रस्ताव प्रमुखता से रखे जो ट्रंप की टैरिफ नीतियों और यूरोप के प्रतिबंधों के निशाने पर हैं। जैसे रक्षा सामग्री और तकनीक का क्षेत्र जहां अमेरिका और यूरोप शर्तें लगाते हैं और तकनीक का हस्तांतरण करने एवं संयुक्त निर्माण करने को तैयार नहीं होते। रूस ने वहां बिना शर्त हस्तांतरण और संयुक्त निर्माण की पेशकश की है।

अमेरिका और यूरोप जहां एच1बी वीजा पर संख्या और समय की सीमाएं लादने और कुशल कामगारों की आवाजाही को रोकने में लगे हैं, वहीं रूस ने कामगारों की निर्बाध आवाजाही की पेशकश की है क्योंकि उसे इस समय कामगारों की जरूरत है। अमेरिका और यूरोप जहां तरह-तरह की शर्तें लगाकर मुक्त व्यापार समझौते को महीनों से लटकाए हुए हैं वहीं रूस ने अपने साथ-साथ अपने आर्थिक संघ के सदस्य देशों के साथ भी बिना शर्त मुक्त व्यापार समझौते का प्रस्ताव रख दिया है। अमेरिका और यूरोप जहां भारत पर रूस से तेल और गैस न खरीदने का दबाव डाल रहे हैं वहीं रूस ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए तेल और गैस के साथ-साथ परमाणु ईंधन की भी निर्बाध आपूर्ति करने और छोटे परमाणु बिजलीघर बनाकर देने की पेशकश की है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका और यूरोप भारत में पुतिन के स्वागत और व्यापार प्रस्तावों से नाराज होकर भारत को और परेशान करेंगे या फिर भारत का व्यापार रूस के हाथों में जाने से रोकने के लिए जल्दी व्यापार समझौते करेंगे? भारत के लिए रूस के व्यापार प्रस्ताव और उसका भरोसा आकर्षक जरूर हैं और रूस में व्यापार और आप्रवासन बढ़ाने की संभावनाएं भी व्यापक हैं। पर वे अमेरिका और यूरोप की नाराजगी से हो सकने वाले नुकसान की भरपाई के लिए काफी नहीं। भारत ने पिछले साल अमेरिका को 87 अरब और यूरोप को 77 अरब डॉलर का सामान बेचा था जो उसके कुल निर्यात के 40 प्रतिशत के बराबर है। रूस को अभी वह मात्र 5 अरब डॉलर का निर्यात करता है। पिछले दो साल में रूस से सस्ते दामों पर खरीदे तेल से होने वाली बचत भी 4 अरब डॉलर से अधिक की नहीं थी। इसलिए अमेरिका और यूरोप में होने वाली 164 अरब डॉलर की बिक्री को सुरक्षित रखना और उसे बढ़ाना भारत का पहला लक्ष्य होना चाहिए। परंतु भारत जैसा बड़ा देश किसी की धौंस या दबाव में कुछ नहीं कर सकता।

जैसे रूस और चीन ट्रंप और यूरोप के प्रतिबंध, टैरिफ और आप्रवासन नीतियों की मार से टस से मस नहीं हुए वैसे ही भारत भी अपनी नीतियों पर अडिग रहा। ट्रंप ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले पुतिन की बड़ाई कर उन्हें फुसलाने की कोशिशें की। फिर धमकाने, धौंस जमाने और प्रतिबंध लगाने की कोशिशें कीं पर एक न चली। यही हाल चीन के साथ हुआ और हार कर ट्रंप को ही झुककर सुलह करनी पड़ी।

भारत में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राजदूतों ने मिलकर पुतिन की यात्रा से पहले लिखे अपने लेख में उनकी आलोचना करते हुए यूक्रेन के हमले को अंतरराष्ट्रीय नियमों का घोर उल्लंघन बताया था। यदि वह उल्लंघन था तो फिर अमेरिका कौन से अंतरराष्ट्रीय नियम का पालन करते हुए करेबियाई सागर में वेनेजुएला की नौकाओं पर हमले कर रहा है? ईरान के परमाणु केंद्र पर किया हमला संयुक्त राष्ट्र के किस नियम का पालन था? क्या ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी मिलकर अमेरिका को रोक सकते हैं? इसी तरह रूस, चीन और भारत जैसे महादेशों को भी प्रतिबंधों और धौंस-धमकियों से घेरा और विवश नहीं किया जा सकता। शायद इसीलिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय उस समय की पांच महाशक्तियों को वीटो का अधिकार दिया गया था। यह बात संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक और संरक्षक होने के नाते अमेरिका को और नाटो में शामिल ब्रिटेन और फ्रांस जैसी शक्तियों को नहीं भूलनी चाहिए थी।

पुतिन की यात्रा के दौरान और उसके बाद ट्रंप और नाटो ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया जिससे भारत को चिंता हो। यूं भी यूरोप भी इस समय ट्रंप के टैरिफ, यूक्रेन की लड़ाई और सुस्त अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है इसलिए उसे भी भारत के व्यापार की उतनी ही जरूरत है जितनी भारत को है। ऊपर से ट्रंप के पल-पल बदलते और नित नए फरमानों ने यूरोप की नींद उड़ा रखी है। रूस को यूक्रेन के चार प्रांत और क्रीमिया प्रायद्वीप देकर शांति समझौता कराने की 28 सूत्री शांति योजना न यूरोप के निगले बन रही है न उगले। इसी बीच ट्रंप ने नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जारी कर दी है जिसमें यूरोप की सारी समस्याओं का ठीकरा उसके एकीकरण के सिर फोड़ते हुएउसे राजनीतिक स्वतंत्रता और प्रभुसत्ता का गला घोंटने का दोषी बताया गया है। इसमें फ़्रांस की नेशनल रैली पार्टी, जर्मनी की एएफडी पार्टी और इटली की एफडीएल जैसी राष्ट्रवादी पार्टियों से सत्ता का आंदोलन चलाने को भी कहा गया है।

ऐसा लगता है ट्रंप यूरोप को उसकी हैसियत याद दिलाकर रूस के साथ व्यापारिक संबंध बहाल करने की जल्दी में है। इससे रूस को अपना खोया वर्चस्व बहाल करने और यूरेशिया में अपना प्रभाव क्षेत्र बनाने का मौका मिलेगा। चीन ने पहले ही हिंदचीनी देशों में अपना प्रभाव क्षेत्र जमा रखा है। ऐसे में अब विश्व में उभरती नई व्यवस्था को अमेरिका और चीन की धुरियों में बंटने की जगह बहुपक्षीय बनाए रखने के लिए यूरोप और भारत को भी अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र बना कर चलना होगा। पश्चिम एशिया और अफ्रीका में दोनों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

# पुलिस सुधारों की शुरुआत हो उनकी छवि के सुधार से

पुलिस बल प्रबंधन

प्रकाश सिंह



> हर वर्ष पुलिस सुधार पर कॉन्फ्रेंस होती है। आइबी, यानी खुफिया ब्यूरो यह कॉन्फ्रेंस आयोजित करता है। इन कॉन्फ्रेंस में आतंकवाद पर, नक्सलवाद पर, जम्मू-कश्मीर पर, पूर्वोत्तर पर खूब बातें होती हैं। लेकिन इनमें रोजाना की पुलिस समस्याओं पर कभी कोई बात नहीं होती। यह बहुत ही दयनीय स्थिति है कि आजादी के 78 साल बाद भी हम उस पुलिस बल पर निर्भर हैं, जिसका गठन अंग्रेजों ने अपने औपनिवेशिक हितों की पूर्ति के लिए किया था।

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित डीजीपी-आइजी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के बीच पुलिस की छवि बदलने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने और औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों के स्थान पर लागू किये गये भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बिल्कुल सही बात है। लेकिन यह बहुत ही दयनीय स्थिति है कि आजादी के 78 साल बाद भी हम उस पुलिस बल पर निर्भर हैं, जिसका गठन अंग्रेजों ने अपने औपनिवेशिक हितों की पूर्ति के लिए किया था। एक आर्थिक महाशक्ति को बेहतर कानून-व्यवस्था की ठोस बुनियाद की आवश्यकता है।

हर वर्ष पुलिस सुधार पर कॉन्फ्रेंस होती है। आइबी, यानी खुफिया ब्यूरो यह कॉन्फ्रेंस आयोजित करता है। इन कॉन्फ्रेंस में आतंकवाद पर, नक्सलवाद पर, जम्मू-कश्मीर पर, पूर्वोत्तर पर खूब बातें होती हैं। लेकिन इनमें रोजाना की पुलिस समस्याओं पर कभी कोई बात नहीं होती। इन कॉन्फ्रेंस के आयोजक आइबी में वे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी होते हैं, जिन्होंने बीस-तीस साल से वर्दियां नहीं पहनी हैं। इसलिए उन्हें पुलिस को होने वाली रोजमर्रा की समस्याओं की कोई खास जानकारी नहीं होती। मैंने सुझाव दिया था कि पुलिस सुधार पर सालाना कॉन्फ्रेंस दो हिस्सों में होनी चाहिए। पहले हिस्से में पुलिस की रोजमर्रा की समस्याओं पर बातें होंऔर दूसरे हिस्से में उन तमाम चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हो, जिन पर चर्चा होती ही है।

देश के पुलिस बल को जिन समस्याओं से रोज दो-चार होना पड़ता है, वे बहुत बड़ी हैं। मालखाने में सामान रखने की जगह नहीं है, थानों में विजिटर्स रूम नहीं हैं। कई जगह थानों में लॉकअप नहीं हैं। पुलिस स्टेशन की बिल्डिंग जर्जर है। लाशों के अंतिम संस्कार के लिए जितनी राशि दी जाती है, उतनी कम राशि में वह संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में भी दारोगा और पुलिस वाले जिस तरह काम करते हैं, वह अचरज में डालने वाला है। पुलिस सुधारों की शुरुआत 1902 से होती है। मुद्दा यह है कि इन सवा सौ सालों में कुछ भी नहीं बदला है। क्या यह हमारे लिए शर्म की बात नहीं है? अगर अंग्रेज नहीं बदले, तो आप उन्हें दोष नहीं दे सकते, लेकिन आप क्यों नहीं बदले?

यह हम सभी का एक प्रतिबिंब है-वकील, पुलिस अधिकारी, नौकरशाह, राजनेता, न्यायपालिका। हम जानते हैं कि यह एक औपनिवेशिक ढांचा है, जो हमें दिया गया है और हम इसे रोकने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि सत्ता में बैठे राजनेता सोचते हैं कि यह उनके अनुकूल है, वे इसका इस्तेमाल और दुरुपयोग कर सकते हैं। इसलिए, यह व्यवस्था जारी है।

हमें सुधारों की आवश्यकता क्यों है? एक तो कानून-व्यवस्था के लिए और दूसरा आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए। हमें सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने पर गर्व है। अगर आप आर्थिक प्रगति की गति को बनाये रखना चाहते हैं, तो आपको अच्छी कानून-व्यवस्था की आवश्यकता है। और अगर आप अच्छी कानून-व्यवस्था चाहते हैं, तो आपको सुधार करने होंगे। अगर जरूरी पुलिस सुधार नहीं किये गये और औपनिवेशिक मॉडल पर ही पुलिस काम करती रही, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी। वर्ष 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस सुधार का निर्देश जारी किया था। लेकिन उस दिशा में ज्यादा कुछ नहीं हुआ। शीर्ष अदालत का फैसला आने के बाद राज्यों ने अपने-अपने कानून तो पारित किये, लेकिन केवल यथास्थिति को वैध बनाने के लिए।

ऐसे में, प्रधानमंत्री ने बदलाव लाने की जो बात कही है, उसके लिए बहुत कुछ करना होगा। सबसे पहला और जरूरी काम है कि पुलिस खुद अपनी छवि सुधारे। आम लोगों के साथ बातचीत और संवाद का तरीका बदलना होगा। विनम्रता भरे एक शब्द, धैर्य के साथ लोगों की बात सुनने की आदत और सम्मानजनक ढंग से समाधान बताने का ही बेहद प्रभावी असर होगा और इससे लोगों में पुलिस के प्रति धारणा बदलेगी।

लोगों की शिकायतें तत्काल दर्ज करना भी उतना ही आवश्यक है। एफआइआर दर्ज करने से बचना या मना करना भी पुलिस के प्रति आम लोगों की प्रतिकूल छवि बनने का एक कारण है। जब पीड़ितों को खाली हाथ लौटा दिया जाता है, तब अपराध न्याय प्रणाली पर से भरोसा टूट जाता है। मामलों की पक्षपात रहित जांच भी पुलिस की बेहतर छवि निर्माण के लिए जरूरी है। पुलिस को न्याय का वाहक होना चाहिए, निहित स्वार्थ का नहीं। जांच साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए, दबाव डलवा कर दिलाये गये बयानों पर नहीं। अगर जांच पेशेवर तरीके से की जाये, तो अदालतों में दोषसिद्धि होना तय है, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ेगा।

पुलिस हिरासत में यातना देने और थर्ड डिग्री तरीकों को खत्म किया जाना चाहिए। हिरासत में हिंसा मानवाधिकार उल्लंघन का मामला तो है ही, इससे लोगों का भरोसा भी टूटता है। सभी थानों में सीसीटीवी लगाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पूरी तरह से अमल होना चाहिए। संसाधनों का पर्याप्त आवंटन भी पुलिस सुधार के लिए आवश्यक है। बीसवीं सदी के ढांचे से आप पुलिस से बेहतर करने की उम्मीद नहीं कर सकते। पर्याप्त पुलिस बल, वाहन, संवाद के आधुनिक उपकरण, फोरेंसिक प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षण की सुविधा और साइबर यूनिट्स अनिवार्य आवश्यकताएं हैं।

यदि पुलिस सुधारों को पूरी तरह से अमल में नहीं लाया गया तो भविष्य में देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है, क्योंकि तमाम सरकारें अपने-अपने हिसाब से पुलिस का इस्तेमाल करती हैं और यह किसी भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक तरक्की के लिए जरूरी है कि पुलिस सुधार हों। आधुनिक भारत के लिए जरूरी है कि पुलिस भी आधुनिक हो।

उलट बांसी

# एयरपोर्ट पर कस्बे के बस स्टैंड जैसे 'आत्मीय' दृश्य

मुकेश नेमा

> दूसरी एयरलाइन्स वालो के दाम चौगुना आठ गुना कर देने पर चकित लोग मुझे ऐसे लगते है जैसे वो मंगल ग्रह से आए हो। इसमें नया क्या है ? कोरोना के वक्त शराब और तंबाकू जैसी जनोपयोगी वस्तु भी दस गुना दाम पर बिकी ही थी। तब कोई हैरान नहीं हुआ। हम सभी मानते है कि जो मौके का फायदा न उठा ले वो गधा।

बता नहीं सकते आपको। एयरपोर्ट पर सर पकड़े बैठे अमीर और अमीर दिखने की कोशिश में अपनी जेबें कटवा रहे मिडिल क्लास लोगों को देखना कितना सुकून भरा है। भीड़ मची है। धक्का मुक्की का माहौल है। लोग कलप रहे हैं। खाने पीने के लाले पड़े हुए है। फ्लाइटें लेट हो रही है, रद्द की जा रही है। क्या करें ? कहां जाएं। किससे पूछें, किसे बताएं, एकदम किंकर्तव्यविमूढ़ वाली स्थिति। कितना जाना पहचाना आत्मीय दृश्य। कस्बे के बस स्टैंड जैसा अपना। शहर के रेलवे स्टेशन जैसा प्रिय। ये सच्चा समाजवाद है। अमीर गरीब सब एक जैसे। सब दुखी। सब लाचार। अमीर आदमी का हैरान होना ,कलपना गरीबों को हमेशा तसल्ली देता है। लगता है कि जनता वोट देने के मामले भर में एक जैसी नही है। लोकतंत्र की भावना दृढ़ होती है इससे। हम हमेशा से यही चाहते थे। और मन की होने से खुशी मिलती ही है। यात्री गेट पर खड़े हैं, टिकट हाथ में है, पर जहाज हवा में नहीं।

एक मायने में रेल और बस से सफर करने वाले इन हवाई लोगों से बेहतर ही माने जाने चाहिए। दूरदर्शी, धैर्यवान और समझदार। बस और रेल से सफर करने वाले को पक्का भरोसा होता है कि ये लेट होगी। वो इनके वक्त पर आने पर चकित होता है और जब भी ये वक्त पर आ जाती है, सफर करने वाला घर पर ही छूट जाता है। बस और ट्रेन से सफर करने वाला इनके न आने पर रोता पीटता नहीं। चीख चीख कर वीडियो नही बनाता। उसके चेहरे पर शिकन भी नही आती। वो आसपास मौजूद रमणीक महिलाओं को ताकता है और अकारण मुग्ध हो जाता है। भूख लगने पर अखबार बिछाता है। पांव फैलाकर बैठता है। साथ लाई पूड़ी अचार का भोग लगाता है और बहुत बार घर से भी ज्यादा गहरी नींद में सोता है।

और फिर दूसरी एयरलाइन्स वालो के दाम चौगुना आठ गुना कर देने पर चकित लोग मुझे ऐसे लगते है जैसे वो मंगल ग्रह से आए हो। इसमें नया क्या है ? कोरोना के वक्त शराब और तंबाकू जैसी जनोपयोगी वस्तु भी दस गुना दाम पर बिकी ही थी। तब कोई हैरान नहीं हुआ। हम सभी मानते है कि जो मौके का फायदा न उठा ले वो गधा। पूरे हिंदुस्तान में कहीं भी ट्रैफिक जाम हो भर जाए, आसपास की दुकानों मे मौजूद एक्सपायर डेट की मैगी और समोसों के दाम भी आसमान छूने लगते है। ऐसे में दूसरी एयरलाइंस वालों का बहती गंगा मे हाथ धो लेने को सामान्य लोकाचार ही माना जाना चाहिए।

मेरा यह मानना है कि इंडिगो ने एक बार फिर भारतीय लोक धारणाओं की पुष्टि की है। एक बार फिर बताया है हमें कि जब घर मे कोई अकेला बंदा कमा रहा हो तो उसकी हर उल्टी सीधी बात कानून होती है। बूढ़े पति अपनी कमउम्र पत्नी से कभी असहमत नहीं होते। दुधारू गाय यदि लात मार दे तो बुरा नही मानना चाहिए। और गांव की इकलौती भौजाई से खूबसूरत कोई नही होता। ये सब कहावतें याद दिलाने के लिए मैं भारतीय संस्कृति मे रची बसी इंडिगो का आभारी हूँ और आपको भी होना चाहिए।




॥गीता॥



**श्लोक**

परित्राणाय साधूनां विनाशाय
च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि
युगे युगे॥

**भावार्थ**

साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए, पाप कर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए मैं युग-युग में प्रकट होता हूं।

जीवन दर्शन

# केवल स्वतंत्रता में ही संभव है सृजनशीलता



अपने आपको जानने की कोई पद्धति नहीं है। किसी पद्धति को खोजने का एक ही अर्थ होगा कि हम किसी परिणाम को हासिल करना चाहते हैं; और वही तो हम सभी को चाहिए। हम किसी सत्ता-प्रामाण्य का अनुसरण करते हैं।

अपने आपको जानने की कोई पद्धति नहीं है। किसी पद्धति को खोजने का एक ही अर्थ होगा कि हम किसी परिणाम को हासिल करना चाहते हैं; और वही तो हम सभी को चाहिए। हम किसी सत्ता-प्रामाण्य का अनुसरण करते हैं। यदि यह किसी व्यक्ति का नहीं है, तो किसी पद्धति या विचारधारा का हो सकता है, क्योंकि हम कोई ऐसा परिणाम चाहते हैं, जो संतोषजनक हो और हमें सुरक्षा दे सके।

हम वास्तव में अपने को, अपने आवेगों और अपनी प्रतिक्रिया को, अपने सोचने की समस्त प्रक्रियाओं को, चाहे वे चेतन हों अथवा अचेतन, समझना नहीं चाहते, बल्कि हम उस प्रणाली का अनुसरण करना पसंद करते हैं, जो हमें किसी परिणाम का आश्वासन दे सके। किसी विधि का अनुसरण निश्चित तौर पर सुरक्षा पाने की हमारी अभिलाषा का परिणाम है और स्पष्ट है कि कोई भी परिणाम स्वयं की समझ नहीं है। जब हम किसी पद्धति का अनुसरण करते हैं, तो हमें व्यक्ति, आचार्य, गुरु, उद्धारक, महात्मा की आवश्यकता पड़ती है।...

सत्ता या प्रमाण हमें स्वयं को समझने से रोकते हैं। क्या ऐसा नहीं है? किसी मार्गदर्शक की शरण में जाने से आपको अस्थायी रूप से सुरक्षा का, अपने कल्याण का बोध हो सकता है, लेकिन यह स्वयं की समूची प्रक्रिया को समझना नहीं है। प्रमाण या प्रामाण्य का स्वरूप ही ऐसा है कि वह आपको अपने प्रति पूर्णतया सचेत नहीं होने देता और इस प्रकार अंततः स्वतंत्रता छीन लेता है और सृजनशीलता तो केवल स्वतंत्रता में ही संभव है। सृजनशीलता केवल स्वबोध से आ सकती है।

हममें से अधिकांश लोग सृजनशील नहीं हैं। हम दोहराने वाली मशीनें हैं। हम केवल ग्रामोफोन के रेकॉर्ड हैं, जो बार-बार अपने या दूसरों के किन्हीं अनुभवों, निष्कर्षों या स्मृतियों के गीत गाते हैं। दोहराना सृजनशील होना नहीं है, पर हम दोहराते रहना चाहते हैं। चूंकि हम भीतर से सुरक्षित होना चाहते हैं, हम निरंतर इस सुरक्षा के लिए पद्धतियों व विधियों की खोज में लगे रहते हैं और इस प्रकार हम किसी सत्ता या प्रमाण को स्थापित कर लेते हैं, किसी दूसरे की पूजा करने लगते हैं। इससे समझ और सूझ-बूझ, मन की वह सहज शांति नष्ट हो जाती है, जो सृजनशील अवस्था के लिए अपरिहार्य है।

हमारी कठिनाई यही है कि हमने सृजनशीलता के इस बोध को खो दिया है। सृजनशील होने का यह अर्थ नहीं है कि हम चित्रकारी करें, कविताएं लिखें और प्रसिद्ध हो जाएं। अभिव्यक्ति की क्षमता और सृजनशील दो अलग बातें हैं। सृजनशील ऐसी अवस्था है, जिसमें स्व मौजूद नहीं रहता, जिसमें मन हमारे अनुभवों, हमारी महत्वाकांक्षाओं और हमारी इच्छाओं का केंद्र नहीं बना रहता। यही वह अवस्था है, जिसमें वह यथार्थ संभव होता है, जो सभी वस्तुओं का सृजक है।

**जे कृष्णमूर्ति**

# अस्पताल के नवीन भवन में 100 से अधिक कारों की पार्किंग व्यवस्था अस्थाई रूप से की जाए

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के कारोगारी हो या बाहर से आने वाले ग्राहक पिछले लम्बे समय से या यूं कहा जाए कि जब से सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाइ ओवर का निर्माण प्रारंभ हुआ है, तब से पार्किंग की समस्या से बुरी तरह से जूझ रहे हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुख्य मार्ग पर बने खेल मैदान के एक हिस्से को अस्थाई पार्किंग के लिए खोले जाने से साफ इंकार के बाद हालांकि सिक्स लेन फ्लाइ ओवर के लिए मार्ग के बीचों गीच लगाई गई टीन की चदरें में थोड़ा बहुत बदलाव किया गया है, जिसके बाद बर्तन बाजार से लेकर बस स्टेण्ड तक बीच बीच में वाहन पार्क होने लगे हैं, लेकिन वाहनों की संख्या इतनी अधिक है कि 3000 कारों वाले आलीशान संत हिरदाराम पार्किंग शापिंग काम्पलेक्स में अब जगह बिलकुल भी नहीं बची है, वह फुल है, ऐसे में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों एवं राजधानी भोपाल के कोने कोने से आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग बहुत बड़ी समस्या बनी हुई यही कारण है कि भोपाल इंदौर मुख्य मार्ग के अलावा प्रेम रामचंदानी मार्ग को जोड़ने वाली आधा दर्जन सड़कों खासतौर पर इलाहबाद बैंक रोड, एफ वार्ड रोड, चंचल रोड आदि पर अवैध रूप से वाहन पार्क होने लगे हैं ऐसे में सड़क किनारों पर जहां पहले से ही ठेले वालों एवं कारोबारियों का कब्जा है, उस पर अवैध रूप से पार्क होने वाली वाहनों की वजह से इन सड़कों पर बार बार जाम लगना आम बात हो गई है।



**अस्पताल परिसर में मिले सुविधा :** कारोबारियों का कहना है कि अस्पताल सुबह 10 से 4 बजे तक ही चालू रहता है दूसरे जहां नवीन भवन में आलीशान पार्किंग की व्यवस्था की गई है, अस्पताल उसके ग्राउंड फ्लोर एवं प्रथम एवं द्वितीय तल पर है जिसका प्रवेश द्वार वर्तमान अस्पताल भवन के सामने भोपाल इंदौर राजमार्ग से है अगर नवीन भवन के बेसमेंट पर बनाए गए पार्किंग का इस्तेमाल बाहर से आने वाले ग्राहकों के लिए किया जाता है तो इससे अस्पताल के मरीजों किसी तरह का व्यवधान नहीं होगा दूसरे नवीन भवन में पार्किंग स्थल तक आने व जाने के दो अलग अलग रास्ते हैं और इसका मुख्य द्वारा पुराने बी ओल्ड वार्ड की तरफ है ऐसे में अगर अतिरिक्त वाहनों के लिए इस भवन के बेसमेंट पर बने पार्किंग स्थल के किया जाता है तो उसके बाद मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे पार्क हो रहे वाहनों की समस्या से छुटकारा मिल सकता है और इस पर अस्पताल प्रशासन के अलावा स्थानीय पुलिस, ट्रेफिक पुलिस व विधायक रामेश्वर शर्मा को विचार करना चाहिए। वैसे भी ग्राहकी की समय अपरान्ह 3 बजे के बाद होता है और मुख्य मार्ग पर वाहनों की पार्किंग का दबाव भी अपरान्ह 4 बजे के बाद होता है जबकि सरकारी सिविल अस्पताल 4 बजे तक बंद हो जाता है और डाक्टर भी चले जाते हैं ऐसे में अगर नवीन अस्पताल भवन के बेसमेंट पर बनाए गए पार्किंग स्थल का इस्तेमाल कारोबारियों व ग्राहकों को करने दिया जाता है, तो वर्तमान पार्किंग की समस्या से कुछ राहत मिल सकती है।

### तो मिल जाएगी राहत

व्यापारियों का कहना है कि जहां संत हिरदाराम नगर में पार्किंग समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है, वहीं अब अस्पताल के नवीन भवन के आधार तल पर बनाई गई 100 से अधिक कारों की आलीशान पार्किंग पर व्यापारियों का ध्यान केन्द्रित हुआ है और कारोबारी मांग करने लगे हैं कि इसका इस्तेमाल बाहर से आने वाले ग्राहकों की कारों की पार्किंग के लिए किया जाए।



"पार्किंग समस्या के कारण ग्राहकी प्रभावित हो रही है। अस्पताल के नवीन भवन के आधार तल पर 100 से अधिक कारों के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल का इस्तेमाल ग्राहकों को करने दिया जाना चाहिए।

■ **कन्हैयालाल इसरानी, अध्यक्ष, कपड़ा एसोसियेशन**



शाम 4 से लेकर रात 10 बजे तक अस्थाई रूप से अस्पताल भवन पार्किंग का इस्तेमाल हो सके, इसके लिए विधायक से मिलकर आग्रह किया जाएगा।

■ **बसंत चेलानी, सदस्य, रोगी कल्याण समिति**

# सरकार की सख्ती का असर, एयर इंडिया की बैंगलुरू उड़ान कल से, 19 तक मिलेगी सुविधा



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** निजी क्षेत्र की अग्रणी एयरलाइंस इंडिगो में पिछले दिनों आए जबरदस्त गतिरोध के बाद एविएशन मिस्टर द्वारा दस प्रतिशत कटौती की चेतावनी का असर दिखने लगा है। अब तक एयर इंडिया भोपाल से दिल्ली व मुम्बई के लिए ही उड़ाने संचालित कर रहा था, लेकिन अब सरकार ने भोपाल से बैंगलुरू क लिए 14 से 19 दिसम्बर तक अतिरिक्त उड़ाने चलाने का निर्णय लिया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए एयर इंडिया 14 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक बेंगलुरु-भोपाल-बेंगलुरु की एक अतिरिक्त उड़ान संचालित करेगी। नई उड़ान संख्या एआई-3391 बैंगलुरू से दोपहर 2.30 बजे बैंगलुरू से भोपाल आएगी जबकि भोपाल से उड़ान संख्या 3392 अपरान्ह 3.05 बजे टेकआफ होगी। फिलहाल, इंडिगो बेंगलुरु-भोपाल-बेंगलुरु मार्ग पर प्रतिदिन 2 उड़ानें संचालित करती है। शनिवार और रविवार को, इंडिगो इस मार्ग पर 3 उड़ानें हो रही हैं। एयर इंडिया की अतिरिक्त सेवा शुरू होने के साथ, 14-19 दिसंबर 2025 के दौरान बेंगलुरु और भोपाल के बीच प्रतिदिन 4 उड़ानें उपलब्ध होंगी, जिससे कनेक्टिविटी और यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इधर बैंगलुरू की तरह ही मुम्बई के लिए भी अब अतिरिक्त उड़ाने प्रारंभ करने पर इसलिए विचार किया जा रहा है क्योंकि इंडिगो यहां 3 उड़ानों की सेवाएं दे रहा है इसी तरह दिल्ली के अलावा बैंगलुरू, हैदराबाद एवं गोवा के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस आगामी दिनों में अपनी सेवाएं दे सकता है।

# पुलिस की तत्परता से बची महिला की जान

**जागरण प्रतिनिधि ओबेदुल्लागंज।** रेलवे टेक पर एक महिला रेल पटरी पर आत्महत्या करने के उद्देश्य घूम रही है जिसकी सूचना पर थाना ओबेदुल्लागंज से सहायक उप निरीक्षक मुकेश कबडे आरक्षक ऋषभ यादव महिला आरक्षक ममता तत्काल कंट्रोल द्वारा दिए गए पॉइंट पर पहुंचकर महिला जो रेलवे ट्रैक के साथ साथ जा रही थी की जान बचाई उक्त महिला से पूछताछ की तो महिला ओबेदुल्लागंज क्षेत्र का होना बताया तथा पति द्वारा शराब पीने की आदत से परेशान होकर आत्महत्या करने के उद्देश्य से रेलवे पटरी पर घूमने बताया जिसे समझा बुझा कर महिला के देवर के साथ रवाना किया गया आमजनो ने पुलिस की सजगता व कार्यप्रणाली की सराहना की।



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1**
**महाराणा प्रताप नगर भोपाल**
क्रमांक /राजस्व/भोविप्रा/25 भोपाल
दिनांक 10/12/2025
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की योजना राजधानी परियोजना में स्थित भूखंड क्र.100/50-सी, श्रीमती किरण विजय सिंह पत्नी श्री ए. वी. सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक 07/03/2017 को हो जाने के कारण उनके वारिसगणो में 1. श्री आदित्य विजय सिंह पुत्र श्री विजय शंकर सिंह, 2. श्री धनंजय सिंह पुत्र श्री आदित्य विजय सिंह, 3. श्रीमती शिवानी सिंह पत्नी श्री अभय कुमार द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसो की सहमति तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

# छात्रों का आईटीआई व ब्यूटी पार्लर में एक्सपोज़र विज़िट, वन्यजीव अभ्यारण चिड़ी खो भी देखा

**नज़ीराबाद/रनाहा 12 दिसम्बर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रनाहा में अध्ययनरत व्यावसायिक ट्रेड आईटी/आईटीएस एवं ब्यूटी वेलनेस के विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल की जानकारी और व्यावहारिक अनुभव दिलाने के उद्देश्य से आज एक्सपोज़र विज़िट एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रकाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षकों रचना सेन हेमू विश्वकर्मा तथा संस्था के राजेंद्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को नरसिंहगढ़ स्थित आईटीआई इंस्टिट्यूट एवं ब्यूटी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों को स्वीट ब्यूटी पार्लर नरसिंहगढ़ का भ्रमण कराया गया। इस दौरान लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न ट्रेड से जुड़े तकनीकी कार्य उपकरणों के उपयोग प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा व्यावसायिक कौशल की बारीकियों को नज़दीक से समझा और आत्मसात किया। चिड़ी खो वन्यजीव अभयारण का पैदल भ्रमण एक्सपोज़र विज़िट के पश्चात प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण चिड़ी खो का भी भ्रमण कराया गया। सभी छात्रों ने लगभग 10 किलोमीटर पैदल यात्रा कर प्राकृतिक आवास, वन्यजीवों के आचरण व पर्यावरणीय गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कई विद्यार्थियों ने पहली बार किसी अभयारण को देखा जिससे वह उत्साहित नजर आए। विशेषज्ञों एवं शिक्षकों ने बच्चों को विविध वन्यजीवों पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व पर विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।



प्राचार्य प्रकाश विजयवर्गीय ने बताया कि विद्यालय के चयनित विद्यार्थी 16 दिसम्बर 2025 को भोपाल में होने वाली जिला स्तरीय गतिविधि जादू नहीं विज्ञान है; समझना आसान है में विकासखंड बैरसिया का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संत हिरदाराम नगर ने शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैन मंदिर धर्मशाला में की गई संगोष्ठी जिसमें गंगा धाम आश्रम के महंत स्वामी तुलसीदास महराज मुख्य अतिथि थे वहीं एवं मध्य भारत प्रांत के विशाल पुरोहित की उपस्थिति में मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल विभाग मंत्री जीवन शर्मा मौजूद थे। उन्होंने अपने उद्बोधन सभी हिन्दुओं को जागरूक रहने का आव्हान किया। सभी को प्राप्त हुआ। इसके अलावा जैन समाज के राकेश जैन भी संगोष्ठी में उपस्थित थे। संगोष्ठी के पश्चात पैदल यात्रा संचलन के रूप में शौर्य यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से शहर के भीतरी मार्ग से होते हुए पुनः जैन धर्मशाला बस स्टैंड पर समाप्त की गई। सह मंत्री जीतू कटारिया ने बताया कि 6 दिसंबर 1992 को हिंदू समाज ने मिलकर विवादित ढांचे को तोड़ा था,वह गीता जयंती का दिन था,इसलिए इस दिन को हिंदू समाज शौर्य के रूप में मनाता है,इस उपलक्ष में हर वर्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक सिंघाई जिला मंत्री चंद्र प्रकाश सबनानी, जिला सह मंत्री जीतू कटारिया, जिला संयोजक गजेंद्र मेवाड़ा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर, सह संयोजक दयाराम मेहर, पवन धाकड़, सेवा प्रमुख संदीप जैन, प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोक खियानी, मंत्री युवराज मीना, संयोजक करण नागर, रवी मराठा, जिले के संजय राठौर, मोती मांझी, राजेश ठाकुर, संजय विश्वकर्मा, देवेंद्र दुबे, जीतू हेमनानी सहित विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। शौर्य यात्रा में अनेक महिलाएं भी शामिल हुई।



**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-प्रापण निविदा सूचना सं. झांसी/उमुसाप्र/2025/19** **दिनांकः 11.12.2025**
**ई-प्रापण निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे, झांसी, निम्नलिखित ई-खरीद निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः** 51256196 | **बयाना राशि (रु.):** 252760/- |
| **संक्षिप्त विवरणः** लो टोर्क ग्रीस सील फॉर अपग्रेडेड क्लास ई (6" x 11") सीटीआरबी ड्राइंग नं टिमकेन पार्ट नंबर- के15071 ऑर एनईआई पार्ट नंबर 1107जी/1107जी-2 ऑर एसकेएफ पार्ट नंबर बीटी2-8516-डी23 मटेरियल एंड स्पेसिफिकेसनः एज पर आईएसओ स्पेसिफिकेशन नंबर डबल्यूडी-63-मिस-2020 एंड कनफोर्मिंग टू आरडीएसओ'स एसटीआर नंबर एबी/आरबी/-40-2016 (रेव.2) ऑर लेटेस्ट। | |
| **मात्राः** 17000 नग | **निविदा खुलने की तिथिः** 31.12.2025 |

**नोटः** उपरोक्त निविदाओं की पूरी जानकारी **IREPS** की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र के लिए, कृपया नियमित रूप से इस वेबसाइट का अवलोकन करें। समाचार पत्रों में अलग से कोई शुद्धिपत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2391/25 (ADM)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# एक साल में संगठन को मनीष, प्रमोद व राजू ने दी मजबूती



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव कार्यभार ग्रहण करते हुए शनिवार को दो साल का समय पूरा हो रहा है, और इस उपलक्ष्य में अनेक विकास के कार्यो के अलावा जगह जगह होर्डिंग लगे है, वहीं अगर संगठन की बात की जाए तो व्यापारिक एवं भाजपा बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर, गांधीनगर एवं सीहोर रोड स्थित ग्राम फंदा जहां शनिवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव विक्रमादित्य स्वागत द्वार का भूमिपूजन करने जा रहे हैं, वहां के भी भाजपा मण्डल के अध्यक्षों को एक भी एक साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। 13 दिसम्बर 2024 को गांधीनगर के जुझारू युवा भाजपा नेता राजू मीणा को कमान दी गई थी तो संत हिरदाराम नगर में युवा नेता मनीष बागवानी के हाथों संगठन की कमान आई वहीं भले ही जिला जनपद पंचायत फंदा के अध्यक्ष थे, बावजूद उसकी सेवाओं को देखते हुए प्रमोद राजपूत को भी मण्डल अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। सबसे बड़ा काम एसआइआर का था, जिसमें तीनों मण्डलों के अध्यक्ष पूरी तरह से लगभग एक माह से अधिक समय तक सक्रिय रहे। इस उपलक्ष्य में जहां फंदा मण्डल अपना एक साल का कार्यकाल मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के साथ पूरे जोश खरोश के साथ मनाने हेतु जबरदस्त तैयारियों में जुटा है, वहीं संत हिरदाराम नगर एवं गांधीनगर के अध्यक्ष भी वहां मौजूद रहेंगे।

### नहीं बनी साल में कार्यकारिणी

जहां तीन में से एक जगह फंदा मण्डल की कार्यकारिणी गठित हो चुकी है, वहीं गांधीनगर एवं संत हिरदाराम नगर के कार्यकर्ताओं को मण्डल कार्यकारिणी का इंतजार है हालांकि दोनो जगहों के मण्डल अध्यक्ष राजू मीणा व मनीष बागवानी का कहना है कि उन्होंने एक साल में पार्टी के हर कार्यक्रम एवं मिले एजेन्टा को पूरी निष्ठा से कार्यान्वित किया है, और आज गांधीनगर व संत नगर में पार्टी जबरदस्त मजबूत हैं, वहीं आम कार्यकर्ता इस बात से निराश हैं कि कार्यकारिणी का गठन नहीं होने से मण्डल के पदों से वे दूर ही हैं। वैसे राजू मीणा व मनीष बागवानी ने जल्द कार्यकारिणी के गठन की बात भी कही है।

# विद्यार्थियों ने विधानसभा का भ्रमण किया, जानी प्रक्रिया

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** स्कूली विद्यार्थी रहते हुए ही अनेक बच्चे 18 साल की आयु को क्रास कर लेते हैं और उन्हें किसी भी चुनाव में मतदान करने का अवसर मिलता है अगर इसी आयु में वे विधान सभा एवं लोकसभा की कार्रवाई का प्रत्यक्ष अवलोकन कर लेते हैं, तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी से भलीभांति परिचित हो जाते हैं। यह कहना है ग्रुप आफ क्राइस्ट मेमोरियल के चेयरमैन डा. मैनिस मैथ्यूज का। विधान सभा भ्रमण कर लौटे क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों से रूबरू हुए। विद्यार्थियों को भोपाल विधान-सभा भ्रमण के लिए ले जाया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देष्य विद्यार्थियों को राज्य सरकार के लिए चुने गए विधायक और मंत्रियों की कार्य प्रणाली से अवगत करना था। विधानसभा भ्रमण के विद्यार्थियों का दल षिक्षिका श्रीमती सबीना खान के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विधानसभा परिसर में पहुँचा। जहाँ उन्हों ने विधानसभा में होने वाली सारी कार्यवाही को सजीव रूप में देखा। विद्यार्थिंयों ने देखा की किस प्रकार पक्ष-विपक्ष के प्रतिनिधि अपने विचार रखतें हैं।

राज्य सरकार के प्रतिनिधि द्वारा अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा विपक्ष प्रतिनिधियों द्वारा उन कार्यों पर अपनी प्रतिक्रिया को प्रकट किया गया। विद्यार्थिंयों ने जाना की किस प्रकार विधानसभा का सत्र संचालित होता है तथा सत्र संचालन के लिए किस प्रकार प्रतिनिधियों का चयन किया जाता है तथा किस प्रकार विपक्ष के प्रतिनिधि आलोचनात्मक प्रतिक्रिया प्रकट करके कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करतें हैं। विद्यार्थिंयों के लिए यह भ्रमण बहुत ही उपयोगी और ज्ञान वर्धक रहा। उन्होंने पहली बार देखा की किस प्रकार जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता की समस्यों को सरकार के सामने रखतें हैं। शैक्षणिक भ्रमण श्रंखला का आयोजन विद्यालय के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ के मार्गदर्शन में किया गया है। उनका मानना है कि विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान के अतिरिक्त प्रत्येक्ष एवं सजीव कार्रवाई को देखना और जानना भी आवश्यक है। जो उनके व्यक्तित्व विकास को निखारता है।

## SUDOKU 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | 8 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | 3 | 4 | | | |
| 9 | | | | | | | | 5 |
| | | | | | | | | 4 |
| | 1 | 5 | | 6 | | 7 | 3 | |
| 7 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | 7 |
| | | | 3 | 9 | 2 | | | 8 |
| | | 8 | 4 | | 6 | | 1 | |

## SOLUTIONS 85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज आपका कॉन्फिडेंस अलग ही लेवल पर होगा। प्रोफेशनल लाइफ में अच्छा करेंगे। कोई पुराना अटका हुआ काम पूरा होगा। ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृषभ :** आज का दिन व्यस्त रहने वाला है। किसी चीज की उलझन हो सकती है। धैर्य और समझदारी से आप चीजों को संभाल सकते हैं।

**मिथुन :** आज के दिन आपकी कम्युनिकेशन स्किल बहुत काम आएगी। पार्टनर के साथ रोमांस बढ़ेगा। पैसों के मामले में स्थिरता आएगी।

**कर्क :** आज आप इमोशनल तौर पर खुद को मजबूत महसूस करेंगे। ऑफिस में आपकी मेहनत को नोटिस किया जाएगा। कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह :** आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी। करियर में सफलता मिलेगी। नया रोल मिल सकता है, जिससे सम्मान भी बढ़ेगा। पैसों के मामले में लाभ मिलेगा।

**कन्या :** कोई पुराना रुका हुआ काम आज आगे बढ़ने वाला है। आर्थिक स्थिति अब पहले से बेहतर होने वाली है। सेहत में सुधार आएगा।

**तुला :** आज आपको ऑफिस में कोई नया अवसर मिल सकता है। रिश्तों में मिठास आएगी। पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। आर्थिक रूप से आज का दिन आपके लिए सही होगा।

**वृश्चिक :** आज आपके विचारों में क्लैरिटी आएगी। किसी प्रोजेक्ट के सफल होने के चांस हैं। प्रोफेशनल लाइफ में लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। लव लाइफ खुशियों से भरी होगी।

**धनु :** आज आपका दिन उत्साह भरा रहने वाला है। आज पहले से ज्यादा पॉजिटिव महसूस करेंगे। कोई नई शुरुआत करने के लिए समय अनुकूल है।

**मकर :** आज आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। प्रोफेशनल लाइफ में अच्छा अवसर मिलने के चांस हैं।

**कुंभ :** आर्थिक मामले में आप धीरे-धीरे बेहतर होते जाएंगे। परिवार में अच्छा समय बीतेगा। नए लोगों से मिलेंगे और समय अच्छा जाएगा।

**मीन :** आज ऑफिस में आपकी परफॉर्मेंस शानदार रहेगी। सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। करियर में तरक्की के भरपूर अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल होगा।

**आज का पंचांग:** 13 दिसंबर शनिवार 2025। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। विक्रम विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु पौष मास कृष्ण पक्ष की नवमी 16 घंटे 39 मिनट तक, तत्पश्चात दशमी हस्त नक्षत्र 30 घंटे 38 मिनट तक, आयुष्मान योग 11 घंटे 17 मिनट तक, तत्पश्चात सौभाग्य योग, कन्या में चंद्रमा।
**राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**केनरा बैंक Canara Bank**
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन, कॉसमॉस मॉल के पास, नानाखेड़ा, उज्जैन फोन : 7974875163, 9830687877, 7999556244
परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **31/12/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते / जमानतदार का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक बकतरा शाखा फोन : 9993378305, e-mail id :- cb4744@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणी : **मेसर्स अभिषेक फर्नीचर** प्रोपराइटर- श्री हीरालाल ठाकुर पुत्र श्री बंशीलाल ठाकुर **जमानतदार-श्री राजेश ठाकुर** पुत्र श्री बालमुकुन्द **एवं श्रीमती संध्या** पत्नि राजेश ठाकुर | 06/04/2022 15-12-2022 दि. 07.12.2025 को ₹ 44,31,693.73/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित डायवर्टेड भूमि सर्वे नं. 190 एवं 203/3, 206, पी.सी. नं. 25, मोकलवाड़ा, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 0.223 हेक्टेयर संपत्ति मालिक- श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बालमुकुन्द एवं श्रीमती संध्या पत्नि राजेश कुमार चर्तुसीमाएं- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- कमल लोधी, उत्तर- रोड, दक्षिण- रास्ता | ₹ 6,95,000/- ₹ 69,500/- ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स शीतल ऑटो डील एण्ड स्पेयर पार्ट्स** प्रोपराइटर-श्री मोदक सिंह पुत्र चंदन सिंह **जमानतदार- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह** | 20-01-2018 10-08-2018 दि. 07.12.2025 को ₹ 44,43,441.18/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | खुला प्लाट स्थित खसरा नं. 125/12/1, प.ह. नं. 06, कबाड़ मोहल्ला, शक्ति नगर, ब्लॉक ऑफिस कालोनी के पीछे, ग्राम-बाड़ी, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 139.44 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह चर्तुसीमाएं- पूर्व-खुला प्लाट, पश्चिम - खुला प्लाट, उत्तर- श्री भटेले एवं श्री अशोक कुमार का मकान, दक्षिण- खुला प्लाट | ₹ 3,25,000/- ₹ 32,500/- ₹ 10,000/- |
| ऋणी : **मेसर्स लक्ष्मी एंटरप्राइजेज** प्रोपराइटर- श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नि श्री बलवंत सिंह, जमानतदारः श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह | 08/04/2025 20/06/2025 दि. 07.12.2025 को ₹ 22,84,039.79/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित सर्वे नं. 71, (कम्प्यूटर सर्वे नं. 71/2), ग्राम कामका, तहसील बाड़ी, जिला, रायसेन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफलः 0.202 हेक्टेयर/2020 वर्गमीटर। चर्तुसीमाएंः पूर्वः प्रधानमंत्री ग्रामीण पक्की रोड, पश्चिमः विक्रेता की बची हुई जमीन, उत्तरः वर्मा जी की जमीन, दक्षिणः विक्रेता की बची हुई जमीन | ₹ 26,00,000/- ₹ 2,60,000/- ₹ 10,000/- |
| **ब्यावरा शाखा : ब्यावरा फोन : 9806286896, e-mail id :- cb5562@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणीः **श्रीमती गायत्री बाई पत्नि श्री रामबाबू पुष्पद** जमानतदार/बंधककर्ताः श्री रामबाबू पुत्र श्री बिहारीलाल | 06.08.2024 19.10.2024 दि. 07.12.2025 को ₹ 7,43,031.20 + Intt. & other charges | बंधक संपत्ति रिहायशी मकान संख्या 181/1, बिल्ली मोहल्ला, करेडी, प.ह. नं.54, वार्ड नंबर 8, राजगढ़, (म.प्र.) क्षेत्रफलः 480 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री रामबाबू पुष्पद पुत्र श्री बिहारीलाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः श्री मोहन शर्मा का मकान, पश्चिमः सड़क, उत्तरः श्री जगदीश का मकान, दक्षिणः श्री राधेश्याम का मकान | ₹ 6,00,000/- ₹ 60,000/- ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 30.12.2025 या उससे पूर्व सायं 5.30 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 31.12.2025 दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)
E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com Website : https://BAANKNET.com
नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी श्री बी जयसीलन मो. 9425302389, email id: robpl2rec@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।
स्थान : उज्जैन, दिनांक : 09-12-2025
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



## दो वर्षों में नवाचारों के साथ तेजी से हुआ प्रदेश का विकास

# प्रधानमंत्री के विजन को मोहन ने प्रदेश में धरातल पर उतारा

विशेष संवाददाता, भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को ध्येय वाक्य मानते हुए मप्र में चहुंमुखी विकास के काम किए गए। पिछले दो वर्षों में मोदी के संकल्प को धरातल पर उतारने की ईमानदार कोशिश की गयी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने नवाचारों की शुरुआत की है। विभिन्न क्षेत्रों में एक के बाद एक नवाचार किए गए,उससे एक साथ पूरे प्रदेश के समग्र विकास की राह खुली है। इसमें सबसे अहम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसा नवाचार शामिल है। सात क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन( रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव) में हर अंचल में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उद्योग स्थापित करने की नींव रखी गई। परिणामस्वरूप प्रदेश में निवेशकों का रुझान बढ़ा और 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 2.46 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले।

## इन क्षेत्रों में आए इतने निवेश

मध्य प्रदेश में रीवा, ग्वालियर, और शहडोल जैसे कई शहरों में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन हुए, जिनसे पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में 2.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव मिले, जैसे रीवा में रुपए 31,000 करोड़ (पर्यटन), ग्वालियर में अडानी ग्रुप का रुपए 3,500 करोड़ और अन्य कॉन्क्लेव से कुल निवेश प्रस्ताव शामिल हुए है। रीवा 2024 में हुए कॉन्क्लेव में पर्यटन क्षेत्र के लिए रुपए 31,000 करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा और सीमेंट क्षेत्र शामिल थे।

### इंदौर में हुआ ग्रोथ सम्मेलन

इस अंचल में आयोजित किए गए टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में कपड़ा उद्योग पर विशेष फोकस रहा। यह वही अंचल है,जहां पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत बंद पड़ी कपड़ा मिल के वर्षो से अपनी बकाया जहां पर निवेशकों ने 45 हजार 896 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिए। यहां तकरीबन 79 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं।

### यहां 28,000 नौकरियों की उम्मीद

**ग्वालियर :** अगस्त 2024 में आयोजित सम्मेलन में अडानी समूह ने रुपए 3,500 करोड़ के निवेश की घोषणा की, और कुल रुपए 8,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए.

**शहडोल :** जनवरी 2025 में यहाँ भी एक कॉन्क्लेव हुआ, जहाँ स्थानीय संसाधनों और औद्योगिक विकास पर जोर दिया गया।

### ये है रीजनल कॉन्क्लेव के आयोजन का उद्देश्य

स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना। इन सम्मेलनों के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार ने निवेशकों से सीधा संवाद कर उन्हें आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने और राज्य की औद्योगिक क्षमता को उजागर करने का प्रयास किया है।

## दो वर्ष की कुछ प्रमुख उपलब्धियां

- नया इकोसिस्टम 18 नई नीतियों को मंजूरी
- इन्वेस्टर मीट रुपए 32 लाख करोड़ से अधिक का निवेश
- रुपए 8.57 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर
- निवेश सरल, तेज और पारदर्शी - 'एमपी इंवेस्ट पोर्टल 3.0 लॉंच'
- 1 करोड़ 33 लाख परिवारों को निः शुल्क खाद्यान्न वितरण
- कमजोर वर्ग कल्याण जनजातीय कल्याण
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 3,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4,000 हजार रुपये किया
- पचमढ़ी अभयारण्य का नाम राजा भभूत सिंह के नाम पर किया गया
- जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लाईओवर का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर किया गया
- शासकीय सेवाओं में महिलाओं के आरक्षण को बढ़ाकर किया 35 प्रतिशत
- 5 लाख स्व- सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुईं आत्मनिर्भर
- रेडीमेट गारमेंट इंडस्ट्री में प्रति महिला श्रमिक 5,000 के मान से प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत 'सुमन सखी' चैटबॉट की शुरुआत
- आत्मनिर्भरता हेतु दाल मिशन को मंजूरी
- आपदा प्रभावित 24 लाख 14 हज़ार से अधिक किसानों को 2,106 करोड़ 64 लाख से अधिक की राशि प्रदान
- गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये पर किसानों के हित में 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया गया
- स्वावलंबी गो-शाला कामधेनु स्थापना नीति-2025 स्वीकृत
- दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन के लिए 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर विकास योजना' प्रारंभ
- ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत 550 से अधिक शहरी ई- बसों का संचालन
- 21,186 ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया गया
- सभी 55 जिलों में स्टेडियम का निर्माण करने की तैयारी
- पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 25 हजार मकान बनाने का लक्ष्य, 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण
- डॉ. विष्णु वाकणकर रातापानी अभयारण्य प्रदेश का 8वां, माधव राष्ट्रीय उद्यान, 9वां टाइगर रिजर्व बना
- ओंकारेश्वर वन्य जीव अभयारण्य देवास-खंडवा, डॉ भीम राव अम्बेडकर अभयारण्य सागर, जहानगढ़ अभयारण्य श्योपुर और प्रदेश के प्रथम ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व का गठन

## यहां हुए रीजनल कॉन्क्लेव



**उज्जैन** यहां हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में तकरीबन 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिसमें एक लाख रोजगार के अवसर बनने की उम्मीद लगाई जा रही है। यहां पर निवेशकों ने होटल, रियल एस्टेट और आईटी सेक्टर पर निवेश करने के प्रस्ताव सरकार को सौंपे हैं।



**जबलपुर** महाकौशल क्षेत्र के इस मुख्यालय में डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में पहला रीजनल कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इस आदिवासी बाहुल्य अंचल में 17 हजार करोड़ के निवेश प्राप्त हुआ। जिसमें 13 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित हुए। विशेषकर नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र के अलावा आईटी, रियल एस्टेट जैसे सेक्टर में निवेशकों ने अपने उद्योग स्थापित करने की मंशा जताई। यहां पर रक्षा उपकरण के क्षेत्र में निवेश किया गया है।




**सागर** सागर में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 23,000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव दिए गए, जिसमें 27 हजार रोजगार सृजित होने की उम्मीद लगाई जा रही है। यहां नवीकरणी ऊर्जा, उद्योग,रियल एस्टेट, शिक्षा , चिकित्सा और आई टी के क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने को लेकर समझौता किया गया है।




**ग्वालियर** ग्वालियर में हुए कॉन्क्लेव में पर्यटन से जुड़े 8 हजार करोड़ के निवेश के लिए उद्योगपतियों द्वारा अपने प्रस्ताव दिए गए है। यहां अडानी जैसे उद्योगपतियों के प्रस्ताव से पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में बढ़ावा मिलेगा। इससे 35 हजार रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।




**नर्मदापुरम** (इटारसी)छठवां कॉन्क्लेव जहां 31 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिनसे 40 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने के आसार है। जिसमें निवेश को लेकर नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में फोकस किया गया है। इसमें यहां के मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में बड़े निवेश की उम्मीद जताई गई है।

**एमपी राइड कॉन्क्लेव**

# मिशन के जरिए तैयार हुआ विकास का रोडमैप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए चार स्तम्भों की बात कही। ज्ञान यानि कि गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला(नारी)। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन स्तंभों के विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना करना बेकार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे समझा और मध्यप्रदेश में इसके क्रियान्वयन पर रणनीति के तहत काम शुरू कर दिया। उन्होंने इन चारों स्तंभों को एक मिशन के रूप में लिया और उसके आधार पर मध्यप्रदेश को संवारने का काम शुरू कर दिया। इसके लिए डॉ. यादव ने अलग-अलग ब्ल्यू-प्रिंट तैयार कराए।

## गरीब कल्याण मिशन

गरीब कल्याण मिशन, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि आवश्यक सेवाएं उन तक पहुंच सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह मिशन समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है। मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है, ताकि वंचित वर्ग को कठिन समय में आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, मिशन इस वर्ग को रोजगार से संबंधित चुनौतियों से निपटने में सक्षम योजनाओं का लाभ दिलाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े, जरूरतमंदों को मिशन में वित्तीय सहायता प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगा। बुनियादी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास तक पहुंच में सुधार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें।

**ये किए उपायः** गरीबों के सामाजिक उत्थान के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जहां हर परिवार को पक्का घर दिया जा रहा है,तो वहीं उनके लिए राशन की व्यवस्था को भी दुरस्त और पारदर्शी बनाया गया है।

## किसान कल्याण मिशन

किसान कल्याण मिशन का उद्देश्य कृषि को उन्नत कर खेती को मुनाफे का सौदा बनाना है, जिससे किसानों का जीवन स्तर सुधरे और वे मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मिशन का मुख्य उद्देश्य खेती को लाभप्रद बनाना है। इसके लिए मिशन के अंतर्गत कृषि विविधीकरण, जैविक खेती, खेती में पशुपालन, मछली-पालन जैसे व्यवासायों का एकीकरण और उन्हें बाजारोन्मुखी बनाकर उपज की बाजारों में पहुंच सुनिश्चित करने के साथ किसानों में कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया जाएगा। मिशन, किसानों को सीधे बाजारों से जोडने़ के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और स्थानीय मेलों का भी आयोजन करेगा, जिससे वे अपनी उपज के लिए उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। ये कियाः सीएम ने केन बेतवा जैसी परियोजनाओं को मूर्त रुप दिलाय। कई सिंचाई परियोजनाएं भी हुई। जिससे पिछले दो साल में साढ़े 7 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ा।

## युवा शक्ति मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि 'युवा शक्ति मिशन' युवाओं के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद सिद्ध होगा। मिशन से युवा में शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा की भावनाएं विकसित होंगी। साथ ही वह आधुनिक तकनीक के कुशल प्रयोग में सक्षम बनेगा। परिणामस्वरूप युवाओं में सफल एवं सक्षम नेतृत्व के गुण भी विकसित होंगे।'युवा शक्ति मिशन' के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध हो सकें और वह उन्हें आसानी से समझ सकें, इसके लिए सरकार द्वारा ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किए हैं। इसका लाभ यह भी है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को इसकी सुविधाएं समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन की सफलता के लिए सरकार ने सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग करने की रणनीति बनाई गई है, जिससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध कराई जा सके। इससे युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## हर वर्ग पर दिया गया ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने जहां डॉ भीमराव अंबेडकर नाम पर मुख्यमंत्री कामधेनु दुग्ध योजना प्रारम्भ की,तो वहीं अमर शहीद टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय प्रारम्भ कराई गई। सीएम ने जबलपुर कैबिनेट को रानी दुर्गावती को समर्पित कर यह बता दिया कि उनकी प्राथमिकताओं में उपेक्षित रहे आदिवासी और अनुसूचित जाति का उत्थान करना शामिल है।

## महिला सशक्तिकरण मिशन

महिला सशक्तिकरण मिशन राज्य में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिशन का मकसद महिलाओं को पुरुषों के ही समान अवसर उपलब्ध करा प्रदेश जेंडर इक्वलिटी लाना है ताकि प्रदेश में समावेशी समाज की स्थापना हो सके। मिशन के अंतर्गत उनमें शिक्षा और कौशल विकास के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे उनकी रोजगार प्राप्त कर पाने की क्षमता और संभावनाएं बढ़ेंगीं और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त होगी। यह मिशन महिलाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा और एक सहायक वातावरण तैयार करेगा।

**वादे को किया पूराः** सीएम ने लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र बहनों के खातों में 1500 रुपए प्रति माह देने का अपना वादा पूरा किया। इसके अलावा अपना व्यवसाय करने वाली महिलाओं को 5 हजार रुपए प्रतिमाह भी दिया।



## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

दिल्ली 26.6 अधिकतम 8.0 न्यूनतम

मुंबई 32.5 अधिकतम 14.9 न्यूनतम

चेन्नई 32.6 अधिकतम 17.3 न्यूनतम

कोलकाता 24.9 अधिकतम 14.8 न्यूनतम

सूर्यास्त 5:36 PM
सूर्योदय 6:52 AM
चन्द्रोदय 12:10 AM
चन्द्रास्त 12:38 PM

## शिलांग कोर्ट के सामने सोनम की सहेलियों ने खोले राज



**जागरण, इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में शिलांग कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें इंदौर से सोनम की दो सहेलियां भी पेश हुईं। दरअसल गवाह बनाई गईं सोनम की दो सहेलियां दीपांशी और प्रियांशी इंदौर जिला कोर्ट से ई-कोर्ट सेवा के जरिए पेश हुईं। यह दोनों सोनम के भाई गोविंद की फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। इस दौरान उनके साथ वकील भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शिलांग कोर्ट में दीपांशी के बयान दर्ज किए गए, जबकि प्रियांशी के बयान अगली सुनवाई में दर्ज किए जाएंगे। शिलांग कोर्ट ने सबसे पहले दीपांशी से सोनम की पहचान करने के बाद उसके व्यवहार को लेकर सवाल-जवाब किए। इस दौरान राजा रघुवंशी को पहचानने और उससे जुड़े सवाल भी शिलांग कोर्ट ने दीपांशी से किए। ज्ञात हो कि शिलांग कोर्ट में पैरवी कर रहे सरकारी वकील ने सोनम के साथ इन दोनों की पेशी की मांग की थी। इसके बाद नोटिस जारी कर उन्हें शिलांग कोर्ट में हाजिरी के लिए कहा गया था। जब वे पेश नहीं हुईं तो दूसरा नोटिस जारी कर इंदौर कोर्ट से ही ई-कोर्ट के जरिए पेश होने को कहा गया।

**हनीमून के दौरान हत्या का आरोप :** उल्लेखनीय है कि इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम से शादी हुई थी। 20 मई कपल हनीमून के लिए मेघालय रवाना हुआ, जबकि 24 मई को राजा-सोनम से परिवार का संपर्क टूट गया। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू हुई और 2 जून को खाई में राजा का शव मिला। 3 जून को राजा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि पेड़ काटने वाले हथियार से उनकी हत्या की गई थी।

**गाजीपुर स्थित ढाबे पर मिली थी सोनम :** 9 जून को सोनम उत्तरप्रदेश के गाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी। शिलांग पुलिस ने सोनम द्वारा प्रेमी राज कुशवाह और अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा की हत्या का खुलासा किया था। पुलिस ने सोनम सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन की जमानत हो चुकी है।

### ग्वालियर का मामला, वीडियो कॉल पर बेटे की हालत देखकर तोड़ा दम

# बेटे को बदमाशों ने बेदम पीटा, वीडियो कॉल देखकर पिता को आया हार्टअटैक, मौत



**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में बदमाशों ने एक युवक को बेरहमी से पीटा, जब पिता ने वीडियो कॉल पर अपने बेटे की गंभीर हालत में देखी तो सदमे में उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। दरअसल सड़क पर खड़े बेटे का कार सवार बदमाशों से विवाद हो गया था। कार सवार आरोपियों ने विवाद के दौरान युवक को बेरहमी से पीटा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मारपीट की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे हुरावली रोड पर हुई। पीड़ित हरज्ञान चौहान अपने कुछ साथियों के साथ वहां सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान एक कार में सवार कुछ बदमाश मौके पर पहुंचे और और सड़क पर खड़े होने को लेकर हरज्ञान से विवाद करने लगे। कहासुनी बढ़ी तो बदमाशों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। हरज्ञान की पिटाई करने के बाद वहां से भाग गए। घटनास्थल से बदमाशों के भागते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। पुलिस ने कहा-फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सदमे में पिता की हो गई मौत**

बुरी तरह से घायल हरज्ञान के साथियों ने उसके पिता लक्ष्मण चौहान को वीडियो कॉल कर घटना की जानकारी दी। बेटे की हालत देखकर लक्ष्मण चौहान सदमे में आ गए। परिजन के अनुसार, बेटे से मिलने के लिए घर से निकलते समय उन्हें सीने में दर्द हुआ। वे गिर पड़े। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित युवक हरज्ञान शादियों में चाट के काउंटर लगाने का काम करता है। अक्सर देर रात घर लौटता है। घटना वाली रात भी वह किसी शादी की साइट से लौट रहा था।

## इधर, डांट से नाराज बेटे ने माता-पिता की जान लेने 5 लाख की दी सुपारी

**जागरण, अनूपपुर।** जिले में बीते दिनों डबल मर्डर हुआ था, जिसका पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार बेटे ने ही अपने पिता और नौकरानी का कत्ल किया था। वहीं उसने सौतेली मां पर भी हमला किया था, जिसमें उसके कुछ दोस्तों ने भी उसका साथ दिया था। पुलिस ने मामले के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 10 दिसंबर को लखनपुर के कोतवाली क्षेत्र में राजेंद्र उर्फ बबलू पटेल और उनके घर में काम करने वाली नौकरानी सीमा बैगा की खून से सनी लाश बरामद हुई थी। जिसके बाद घनश्याम पटेल नामक शख्स ने डायल 112 को इसकी सूचना दी। शहडोल रेंज डीआईजी सविता सोहाने ने अज्ञात आरोपियों पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अनूपपुर एसडीओपी सुमित केरकेट्टा ने बताया कि मृतक राजेंद्र पटेल ने पहली पत्नी को छोड़कर रूपा बाई पटेल से दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से हुआ बेटा आलोक उर्फ सूरज सौतेली मां और पिता के व्यवहार से नाराज रहता था। हाल ही में पिता की डांट और संपत्ति छोटे भाई के नाम करने की चर्चा से वह नाराज था।



**झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई :** जागरण, श्योपुर। जिले में झोलाछाप डॉक्टरों पर शुक्रवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। सीएमएचओ की रेड से कई लोग डरकर अपने क्लीनिक छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान एक शख्स ने स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई भी रोकने की कोशिश की। झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ जान से खिलवाड़ करने की शिकायत सामने आ रही थी।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली जिला भोपाल ( म.प्र. )**

क्र./थाना/कोत./मर्ग क्र.19/25 — दिनांक 09/12/25

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली जिला भोपाल (म.प्र.) के मर्ग क्रमांक 19/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. मे मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 60-65 साल निवासी अज्ञात हुलिया:- रंग सावला, चेहरा लंबा, कद 06 फूट 06 इंच, बदन इकहरा व पहनावा सफेद रंग की हाफ बनियान व स्लेटी (ग्रे) रंग की पेंट पहना था। हुलिये से भिखारी जैसा प्रतीत होता है। जो ब्रिजेशिया मस्जिद के पास मृत अवस्था मे मिला था। उपरोक्त मृतक के बारे मे कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना कोतवाली भोपाल मे संपर्क करें। थाना मोबाइल नम्बर 7049106468,9131355417 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली जिला भोपाल ( म.प्र. )

जी-22612/25

**पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार**

**संचालनालय**
**खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **''प्रदेश के विभिन्न जिलों में टेनिस सिंथेटिक कोर्ट (सरफेस) प्रदाय/स्थापना कार्य हेतु''** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123488/2025 — संचालक

## 10 हजार फीट से छलांग लगाकर पर्यटक निहार रहे बाबा महाकाल की नगरी

### दो माह चलेगा स्काई डाइविंग फेस्टिवल, पर्यटकों में दिखा रोमांच



**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी में मप्र पर्यटन बोर्ड ने शुक्रवार से स्काई डाइविंग फेस्टिवल के पांचवें संस्करण की शुरुआत की। दताना एयरस्ट्रिप पर यह आयोजन 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पर्यटक 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी का अद्भुत दृश्य देख सकेंगे। दताना एयरस्ट्रिप पर एमपी पर्यटन बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर और संयुक्त संचालक (एडवेंचर) डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने फेस्टिवल की शुरुआत की। स्काई डाइविंग के पहले ही दिन उज्जैन और अन्य शहरों से करीब 100 एडवेंचर प्रेमियों ने पंजीयन कराया। बेडेकर ने बताया कि यह स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण है। इसमें लोग 10 हजार फीट की ऊंचाई से रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। देश के विभिन्न बड़े शहरों से एडवेंचर प्रेमी उज्जैन पहुंच रहे हैं।

**प्रमाणित मानकों के तहत आयोजन**

पिछले चार सफल आयोजनों और बढ़ती मांग को देखते हुए इस साल फेस्टिवल को दो माह तक किया जा रहा है। चार संस्करणों में 700 से अधिक लोगों ने स्काई डाइविंग का अनुभव लिया था। इस बार डाइविंग की फीस 30 हजार रुपए प्लस जीएसटी रखी है। गतिविधि प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपनी बुकिंग वेबसाइट के माध्यम से करा सकते हैं। आयोजन डीजीसीए और यूएसपीए प्रमाणित मानकों के तहत चलाया जा रहा है, ताकि प्रतिभागियों को सुरक्षित और बेहतरीन एडवेंचर अनुभव मिल सके। भविष्य में इस आयोजन के साथ अन्य एयर-बेस्ड एडवेंचर गतिविधियां शुरू करने की भी योजना है। उज्जैन के इस अनूठे स्काई डाइविंग फेस्टिवल के चलते शहर में पर्यटन की नई संभावनाएं खुल रही है।

### कार सवारों ने किया बस ड्रायवर को किडनैप

**जागरण, सतना।** तेज रफ्तार में बस चलाते हुए एक कार को टक्कर मारना ड्रायवर और बस में बैठे यात्रियों के लिए मुश्किल का सबब बन गया। टक्कर लगने से नाराज कार सवारों ने करीब 4 किलोमीटर दूर तक बस का पीछा किया और बस रोककर ड्रायवर को उतार लिया। यात्रियों के सामने ही बस ड्रायवर की पिटाई करने के बाद कार सवार उसका अपहरण कर ले गए।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा जिला सीहोर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0001 /अ-20( 3 )/2025-26 भैरूंदा, दिनांक 10/12/2025

-::सार्वजनिक नोटिस::-

1. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास भैरूंदा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म.प्र. ..........आवेदक

-:: बनाम ::-

सर्वसाधारण ..............................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास भैरूंदा के द्वारा कस्बा भैरूंदा स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 222/21 रकबा 1.0120 हे0 भूमि मे से रकबा 0.042804 हे, भूमि आंगनवाडी भवन निर्माण हेतु आवंटित किये जाने बावत् निवेदन किया गया है। उक्त के संबंध मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय द्वारा नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत प्रकरण प्रारूप-दो में तैयार कर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय मे प्रचलित है।

अत: उक्त संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 26/12/2025 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
तहसील भैरूंदा
जिला सीहोर म.प्र.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

NIT No.-05/HFA/BMC/2025 — Date - 12/12/2025

**:: निविदा आमंत्रण ::**

**निविदा क्रमांक 2024_UAD_364053_7**

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राहुल नगर पार्ट-1 फेस 2 परियोजना (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-24-4926) स्थल पर निर्माणाधीन 120 एम.आई.जी. (3 बी.एच.के.) में से शेष 02 (02 एम.आई.जी. (3 बी.एच.के.) आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 15.12.2025 समय 13:30 PM से 16.01.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 19.01.2026 को समय 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोट:- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर ईमेल- bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें। अथवा मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें।

जोनल अधिकारी ( HFA )
हाऊसिंग फॉर ऑल
नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र. 2783/025/026

## ओआईएसटी में आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईसी-डेकॉन 2025 का शुभारंभ



**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ओआईएसटी) में आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेटा, एनर्जी एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क्स (आईसी-डेकॉन 2025) का बड़े धूमधाम से उद्घाटन हुआ। चीफ गेस्ट प्रो. (डॉ.) एससी चौबे, वाइस चांसलर, आरजीपीवी ने मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज की चुनौतियों का समाधान तभी मुमकिन है जब अलग-अलग फील्ड के रिसर्चर मिलकर काम करें। गेस्ट ऑफ ऑनर रोहित आर्य, जो मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस हैं, ने अपने भाषण में इनोवेशन में एथिक्स की जरूरी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी में तरक्की तभी मायने रखती है जब इसका इस्तेमाल इंसानियत के फायदे के लिए किया जाए। इस साल की कॉन्फ्रेंस को दुनिया भर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिसमें दुनिया भर से 1,700 से ज्यादा रिसर्च पेपर मिले। इसके अलावा, सात जाने-माने इंटरनेशनल स्पीकर्स ने एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, रिसर्च ट्रेंड्स और भविष्य की संभावनाओं पर अपनी एक्सपर्ट राय शेयर की। इस मौके पर आईसी-डेकॉन 2025 सोविनियर को ऑफिशियली रिलीज किया गया, जिसमें कॉन्फ्रेंस से जुड़े खास रिसर्च आर्टिकल, सेशन ब्रीफ और खास मैसेज शामिल थे। इस मौके पर बोलते हुए, इंस्टीट्यूट के चेयरमैन, प्रवीण ठकराल और वाइस चेयरमैन, गौरव ठकराल ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस रिसर्च में बेहतरीन काम और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन के लिए इंस्टीट्यूट के लगातार कमिटमेंट को दिखाता है।

**म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित**
कार्यालय, तृतीय तल सहकार भवन रंगमहल टाकीज के सामने नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.), फोन : 0755-2775662, 2779368, फैक्स : 2779368, E-mail : awassangh@gmail.com

क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/844 — दिनांक 12.12.2025

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड क्रमांक 99, आराधना नगर भोपाल, लोक निर्माण विभाग कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. भोपाल द्वारा श्री वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया आत्मज श्री कुँवर सिंह सिसौदिया को संस्था द्वारा वर्ष 1982 में हस्तांतरित/आवंटित किया गया था। श्री वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया का स्वर्गवास दिनांक 31.01.2024 को हो चुका है। उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात नामांतरण/लीज नवीनीकरण वर्ष 2025 में प्रारंभ हुयी।

आराधना नगर की नामांतरण एवं लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पश्चात श्री विनय सिंह सिसौदिया आत्मज श्री वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं श्रीमती प्रीति सिसौदिया पत्नी श्री विनय सिंह सिसौदिया द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण पंजीकृत वसीयतनामें के आधार पर स्वयं के नाम से कराने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है। यदि उपरोक्त प्लाट/भूखण्ड के नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।

उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त प्लाट क्रमांक 99, आराधना नगर भोपाल का नामान्तरण श्री विनय सिंह सिसौदिया आत्मज श्री वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं श्रीमती प्रीति सिसौदिया पत्नी श्री विनय सिंह सिसौदिया के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।

**नोट:-** आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन नार्थ टी.टी. नगर भोपाल।

म.प्र. माध्यम/123497/2025 — प्रबंध संचालक

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सूचना क्र./167/लो.नि.वि./25 — देवास, दिनांक :-04.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_466436_1 | वार्ड क्रं. 02 तुलजा विहार कॉलोनी मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । (पंचम निविदा) | 60 दिवस 20,00,000/- | 2,000/- 15,000/- | 19.12.2025 |
| 2 | 2025_UAD_466441_1 | वार्ड क्रं. 05 मे महांकाल कॉलोनी, कंचनपुर, कालूखेड़ी, हरिओम नगर मे आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 15,00,000/- | 2,000/- 11,250/- | 19.12.2025 |
| 3 | 2025_UAD_466223_1 | वार्ड क्रं. 24 मे स्थित विभिन्न कुएं एवं बावड़ी को रिपेयर करने का कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस 6,00,000/- | 2,000/- 6,000/- | 19.12.2025 |
| 4 | 2025_UAD_466213_1 | वार्ड क्रं. 41 अखाड़ा रोड पर राम मंदिर से मालीपुरा रोड तक नाली निर्माण कार्य । (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस 10,10,000/- | 2,000/- 7,575/- | 19.12.2025 |
| 5 | 2025_UAD_466427_1 | नयापुरा पुलिया से देवास दर्पण होते हुए पठानकुआँ पुलिया तक नाला निर्माण कार्य । (द्वितीय निविदा) | 04 माह 42,24,000/- | ५,000/- 31,680/- | 19.12.2025 |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMDAPURAM (MP)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No/8055/E-Tendering/NPN/2025 — Narmadapuram Date 09/12/25

**//Notice Inviting Tenders//**
**(1st Call)**

Online percentage rate bids for the following works are invited from Centralized registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria -

| SL No. | Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_466630_1 | BEAUTIFICATION WORK AT GANDHI CHOWK MEENAKSHI CHOWK GWALTOLI LASKAR CHOWK MALAKHEDI MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 2428932/- | 18217/- | 5000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 2. | 2025_UAD_466632_1 | PARK CONSTRUCTION WORK AT RASULIYA ATAL PARK NYAS COLONY NEAR COLONY PARK MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 1905147/- | 14289/- | 2000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 3. | 2025_UAD_466634_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 02 SARAFA CHOWK TO JHANDA CHOWK MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 1314593/- | 9860/- | 2000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 4. | 2025_UAD_466635_1 | PAVING BLOCK WORK AT WARD NO 07 NEAR DEVAMAI SAMADHI MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 1436900/- | 9860/- | 2000/- | 03 Months (with rainy season |
| 5. | 2025_UAD_466755_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND PAVING BLOCK WORK AT WARD NO 08 PEEPAL CHOUK TO JILA JAIL MALAKHEDI MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 3274688/- | 24560/- | 5000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 6. | 2025_UAD_466758_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT SAI KIRANA VIHAR (WARD NO 23) COLONY AND KRISHNA KERIYAR SCHOOL TO NEAR GEETA BHAVAN MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 5586233/- | 41897/- | 10000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 7. | 2025_UAD_466777_1 | CONSTRUCTION OF KARBALA GHAT MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 5141445/- | 38561/- | 10000/- | 03 Months (with rainy season) |
| 8. | 2025_UAD_466780_1 | CONSTRUCTION OF KHARRA GHAT MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 5129482/- | 38471/- | 10000/- | 03 Months (with rainy season) |

The Bid Document can be Download only online from 08/12/2025 (12.00 & 16.00) to 08/01/2026 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से किया भाषाई विविधता का प्रभावी चित्रण



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** पीएमश्री नवोदय स्कूल रातीबड़ में भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या पुष्पा सिंह और उप-प्राचार्य आरपी सिंह भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। महोत्सव में विविध गतिविधियों ने भारत की भाषाई विविधता की समृद्धि एवं सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत परिचय कराया। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण लोककथा वाचन रहा, जिसकी प्रभारी श्रीमती प्रीति द्विवेदी थीं। इसमें राशि और अदिति ने प्रभावी प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त भाषा वृक्ष गतिविधि में प्रभारी प्रवीण के नेतृत्व में प्रतिभागी श्रेयशी, अनुष्मी, सोनम, राशि, दिव्यांशी आदि ने विभिन्न भाषाओं की जड़ों को रोचक रूप में प्रस्तुत किया। मुहावरों और लोकोक्तियों विषयक कार्यक्रम का संचालन आनंद सिंह ने किया, जिसमें कनिका और क्षणिक ने सहभागिता की। अनुवाद गतिविधि के प्रभारी देशराज रहे। उनके तहत तीर्थ ने उत्कृष्ट अनुवाद कौशल का प्रदर्शन किया। भाषा मेला में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में संवाद, आत्म-परिचय तथा पोस्टर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से भाषाई विविधता का प्रभावी चित्रण किया। इस गतिविधि की प्रभारी डॉ. यशमिता थीं। प्रतिभागियों-हर्षिता, प्रकृति, सोनम, अनुष्मी, प्रमोद, जयेश, नीलम, देविका, राशि आदि ने अत्यंत सराहनीय प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर प्राचार्या श्रीमती पुष्पा सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी शिक्षकों की सराहना करते हुए भारतीय भाषाओं की विविधता, उनके संरक्षण तथा संवर्धन के महत्तव पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को इस सांस्कृतिक समृद्धि को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया और सफल आयोजन हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। भाषा महोत्सव प्रभारी वीके जैन ने सभी कार्यक्रम में सक्रियता से समन्वयक की भूमिका में प्रभावी छाप छोड़ी।

### लोनारी कुनबी समाज का सातवां अंतराराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन कल

**जागरण, भोपाल।** केंद्रीय क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज संगठन भारत एवं समग्र क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महासभा (म.प्र.) के संयुक्त तत्वावधान में कुनबी समाज का ऑनलाइन सातवां अंतराराष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 14 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। यह कार्यक्रम संपूर्ण भारत के लगभग 30 शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, भिलाई, मुंबई, नागपुर, दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, बेंगलुरु आदि में एक साथ आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में देश-विदेश से करीब 200 युवक-युवतियाँ एवं अभिभावक वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि जैसे डॉ. पी.आर. बोड़खे, सुखदेव पांसे, चंद्रशेखर देशमुख और अन्य शामिल होंगे। सम्मेलन टेलीग्राम एप पर आयोजित होगा और लिंक संबंधित ग्रुप में साझा की जाएगी। समग्र क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. खुशराज धोटे ने सभी समाज बंधुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# लालघाटी फ्लाईओवर के नीचे लगी भीषण आग

## आधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**जागरण, भोपाल।** राजधानी के लालघाटी चौराहे पर बने ग्रेड सेपरेटर (फ्लाईओवर) के नीचे शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे भीषण आग लग गई। यहां सौंदर्यीकरण के लिए लगे एनएचएआई ने एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) और प्लाई लगाई थी। अचानक आग लगने से यहां अफरा-तफरी मच गई और इंदौर से आने वाला ट्रैफिक रोक दिया गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में धुएं का घना गुबार आसमान में दिखाई देने लगा। आग लगते ही वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस की टीम ने तुरंत फायर ब्रिगेड की कंट्रोल रूम को सूचित किया। थोड़ी ही देर बाद दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें हवा के तेज झोंके की वजह से इधर-उधर फैल गईं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। इस आग पर काबू पाने के दौरान मुख्य मार्ग के दोनों ओर ट्रैफिक जाम हो गया। करीब एक घंटे तक यहां से

### आग के कारण का खुलासा नहीं

फायर फाइटर मुबारिक अहमद ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे लगे प्लाईवुड और अन्य सामग्री में आग लगने के बाद वह तेजी से भभक उठी। इसके साथ ही ऊपर लगे लाइट पोल भी आग की चपेट में आ गए। सड़क पर पड़ा कचरा भी आग को और भड़का गया। फ्लाईओवर के नीचे एसीपी का उपयोग कर सौंदर्यीकरण किया गया है। एसीपी शीट का उपयोग होने से दस साल तक यह सौंदर्यीकरण बरकरार रहेगा। यहां सीएनसी (कम्प्यूटर न्यूमैरिक कंट्रोल) पद्धति से पेंटिंग भी की गई है। लालघाटी चौराहे पर पेंटिंग की थीम राजा भोज है। ब्रिज के नीचे खूबसूरत लाइटिंग भी गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह काम किया है। बता दें कि इससे पहले इस ब्रिज पर नगर निगम कई बार स्वच्छ भारत मिशन के तहत पेंटिंग करा चुका है। जीआईएस के समय भी यहां कुछ पेंटिंग हुई थी, लेकिन वह जल्दी खराब हो गई।

फायर कर्मियों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि जिस हिस्से में आग लगी, वहां किया गया सौंदर्यीकरण बुरी तरह खराब हो गया है। आग को मात्र आधे घंटे में काबू कर लिया था।
■ **सौरभ कुमार पटेल,** फायर आफिसर ननि

# भोपाल में छह दिन बाद शीत लहर से राहत, लेकिन जल्द बढ़ेगी ठंड

## इंदौर में शीत लहर और नरसिंहपुर में कोल्ड डे

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में पूरे छह दिन बाद शीत लहर पर ब्रेक लगा है। शुक्रवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में शीत लहर थम गई, सिर्फ इंदौर में शीत लहर दर्ज की गई और नरसिंहपुर में कोल्ड डे रहा। जबकि इससे पहले कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार भोपाल व आस पास के जिलों में न्यूनतम पारा कुछ डिग्री ऊपर चढ़ा है, इससे शीत लहर का असर खत्म हो गया है। लेकिन ठंड में कोई ज्यादा कमी नहीं आई है, सुबह और रात पहले की तरह ठंडे हैं। भोपाल में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.5 और अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### इंदौर-पचमढ़ी में बराबर तापमान

शुक्रवार की रात कई शहरों में पारा 5 डिग्री के आसपास रहा। इंदौर शहर में 5.2 डिग्री रहा। इतना ही तापमान पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया। रात में भोपाल और ग्वालियर में पारे में गिरावट हुई। भोपाल में 6.5 डिग्री, ग्वालियर में 9.1 डिग्री, उज्जैन में 9 डिग्री और जबलपुर में पारा 8.4 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात अधिकांश शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे ही रहा।

### जेट स्ट्रीम हवाओं से बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर भी है। यह जमीन से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 204 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बह रही है। जिसका असर एमपी में भी है। मौसम एक्सपर्ट की माने तो प्रदेश में ठंड बढ़ने की वजह खास वजह जेट स्ट्रीम भी है। यह जमीन से लगभग 12 किमी ऊंचाई पर चलने वाली तेज हवा है। इसकी रफ्तार 222 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई है। यह देश के उत्तरी हिस्से में सक्रिय है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा के अलावा ये ऊंची हवा इस बार सर्दी बढ़ाएगी। उत्तर के मैदानी इलाकों से जब ठंडी हवा और पहाड़ी इलाकों से बर्फीली हवा हमारे यहां आती है, तब तेज ठंड पड़ती है। यह सब उत्तर भारत में पहुंचने वाले मौसमी सिस्टम वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण होता है। ऐसे में यदि जेट स्ट्रीम भी बन जाए तो सर्दी दोगुनी हो जाती है।

# बयानों से विवादों में आए आईएएस वर्मा की मुश्किलें बढ़ीं, हो सकती है गिरफ्तारी

## इंदौर में दर्ज दो एफआईआर की नए सिरे से जांच की तैयारी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार आपत्तिजनक बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के पर कतरने के बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी कर ली है। लगातार जारी विरोध प्रदर्शनों और सत्ता एवं संगठन की नाराजगी के चलते संतोष वर्मा के खिलाफ अब पुलिस एक्शन भी लिया जा सकता है। वर्मा के खिलाफ इंदौर में दो एफआईआर दर्ज हैं। उनके खिलाफ कोर्ट में झूठे दस्तावेज पेश करने के अलावा महिला ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला दर्ज कराया है। सरकार के एक्शन के बाद अब दोनों मामलों की जांच में इंदौर पुलिस एक्टिव होगी। संभावना जताई जा रही है कि वर्मा की गिरफ्तारी भी की जा सकती है। वर्मा इससे पहले जालसाजी के ही मामले में कई माह जेल में गुजार चुके हैं। शुक्रवार को पीएचक्यू से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में जल्द ही एक्शन लेने के निर्देश इंदौर पुलिस को जारी किए जा चुके है।

### इन दो मामलों में लटकी तलवार

संतोष वर्मा पर एक महिला ने यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया था। महिला का दावा था कि सिविल सेवा की तैयारी के दौरान मिलने के बाद दोनों के बीच संबंध बन गए। इस दौरान वे दोनों पति और पत्नी की तरह सरकारी आवास में रहते थे। बाद में खुलासा हुआ कि संतोष वर्मा पहले से शादीशुदा हैं। इसके बाद महिला ने वर्मा के खिलाफ 2016 में इंदौर के थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें यौन शोषण और धोखेबाजी की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले के कारण उनका प्रमोशन अटका हुआ था। इसके बाद संतोष वर्मा ने 2021 में प्रमोशन के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट बनाए। वर्मा पर आरोप है कि आईएएस कैडर मिलने के बाद विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की रिपोर्ट पर विशेष जज विजेंद्र रावत के दस्तखत की नकली कॉपी बनाई। इसके बाद जज की शिकायत पर 27 जून 2021 को इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया था।

### साइक्लोथॉन के जरिए जनता को फिटनेस की ओर प्रेरित करेगा एसबीआई



**जागरण, भोपाल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने जीपीबीआरए सदस्यों के सहयोग से आज भोपाल से उज्जैन तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 25-30 साइक्लिस्ट भाग ले रहे हैं और वे कुल 222 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। एसबीआई का मानना है कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोगों में स्वच्छता, हरित ऊर्जा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी अपनाने की प्रेरणा भी बढ़ेगी। साइक्लोथॉन भोपाल से शुरू होकर उज्जैन में समाप्त होगा।

# अन्न का दाना वापस पाने के लिए एक चिड़िया का संघर्ष

## एलबीटी में न्याय की इच्छा को दिखाते नाटक का मंचन



**जागरण, भोपाल।** एलबीटी में शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय रंग संस्कृति नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक 'एक थी चिड़ी' का मंचन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय में अध्यनरत रंग प्रयोगशाला के छात्रों ने प्रस्तुति दी। लोक कहानी पर आधारित इस नाटक का निर्देशन संजय उपाध्याय द्वारा किया गया।

**कहानी:** यह प्रचलित लोक कथा एक नन्ही और संकल्पबद्ध भूखी चिड़िया और उसके बच्चों की है जिसका अमूल्य दाना दुर्भाग्यवश एक हठी बढ़ई के दृढ़ खूंटे में समा जाता है। जब बढ़ई उस खूंटे को काटने से इनकार कर देता है, तो चिड़िया न्याय और अपने दाने की प्राप्ति के लिए एक लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा पर निकलती है। वह सहायता के लिए क्रमशः राजा, रानी, सांप, लाठी, आग, पानी, हाथी जैसी शक्तिशाली संस्थाओं के समक्ष गिड़गिड़ाती है, किंतु अहंकारवश हर कोई उसकी उपेक्षा कर देता है। निराश न होते हुए, वह अंततः एक नन्ही चींटी से सहायता माँगती है। चींटी, अपने लघु आकार के बावजूद, चिड़िया को न्याय दिलाने का दृढ़ संकल्प लेती है, जिससे सहायता की एक अद्भुत श्रृंखला आरंभ होती है। अंततः राजा को विवश होकर बढ़ई को खूंटा काटने का आदेश देना पड़ता है और चिड़िया अपने दाने को पुनः प्राप्त कर लेती है। यह मार्मिक कथा दर्शाती है कि दृढ़ता, न्याय की अदम्य इच्छा, और सबसे छोटे जीव की शक्ति मिलकर भी बड़े से बड़े अन्यायपूर्ण अवरोध को तोड़ सकती है।

## खेल जागरण

### भारत के 433/6 के जवाब में यूएई सात विकेट पर 199 रन बना पाया

# सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भारत ने यूएई को 234 रनों से हराया

## अंडर-19 एशिया कप



प्लेयर ऑफ द मैच
वैभव सूर्यवंशी
171* रन
95 गेंद
09 चौके
14 छक्के

**जेएनएन, दुबई**

भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया। 14 साल वैभव सूर्यवंशी ने 171 रन की आतिशी पारी खेली। उनके अलावा विहान मल्होत्रा (55 गेंद में 69) और आरोन जॉर्ज (73 गेंद में 69) की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने 50 ओवर में छह विकेट पर रिकॉर्ड 433 रन बनाए। यह अंडर-19 वनडे में भारत का सर्वाधिक स्कोर होने के साथ एशिया कप इतिहास का भी सर्वोच्च स्कोर है। यूएई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी भारत को टक्कर देने की स्थिति में नहीं दिखी। टीम ने पृथ्वी मधु (50) और उद्धिश सूरी (नाबाद 78) की अर्धशतकीय पारियों से सात विकेट पर 199 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सूर्यवंशी ने क्रीज पर आते ही यूएई के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरू कर दी। उन्होंने 30 गेंद में अपना अर्धशतक और फिर 56 गेंद में शतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जॉर्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। वह 33वें ओवर में स्पिनर सूरी की गेंद पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद मध्य क्रम ने लय बनाए रखी, जिसमें वेदांत त्रिवेदी (34 गेंद में 38 रन), अभिज्ञान कुंडू (17 गेंद में नाबाद 32) और कनिष्क चौहान (12 गेंद में नाबाद 28) ने रनों का प्रवाह जारी रखते हुए भारत को 400 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिए। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया। सूरी ने एक छोर संभाले रखा, जिससे भारतीय टीम ने नौ गेंदबाजों के इस्तेमाल के बावजूद यूएई को ऑल आउट नहीं कर सकी।

# पंजाब के अरोड़ा का शतक बेकार, 236 रन का पीछा करते हुए झारखंड की जीत



**अम्बी (महाराष्ट्र), जेएनएन।** सलिल अरोड़ा ने पंजाब के लिए 45 गेंद पर 125 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, लेकिन झारखंड ने बल्लेबाजों के एकजुट प्रदर्शन से शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग ग्रुप-ए मैच में छह विकेट से जीत हासिल की। अरोड़ा ने 39 गेंद में शतक जड़ दिया, जिससे पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट पर 235 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जबकि टीम ने 28 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। अरोड़ा का यह प्रदर्शन आईपीएल फ्रेंचाइजी को निश्चित रूप से आकर्षित करेगा, क्योंकि चार दिन बाद ही लीग की मिनी नीलामी होगी। कुमार कुशाग्र (नाबाद 82), कप्तान इशान किशन (47 रन), अनुकूल रॉय (37) और पंकज कुमार (39) की बदौलत झारखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 237 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### मध्यप्रदेश ने आंध्रा को हराया नीतीश हैट्रिक काम नहीं आई

भारत के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने आंध्र के लिए 25 रन बनाए और तीन विकेट लिए, लेकिन उनका प्रदर्शन टीम के काम नहीं आ सका, जिससे मध्य प्रदेश कम स्कोर वाले मुकाबले में चार विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रहा। आंध्र की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर सिमट गई, जिसमें केएस भरत के 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। मप्र ने 17.3 ओवर में छह विकेट पर 113 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें रिषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रन बनाए। नीतीश ने हैट्रिक लेते हुए मप्र का स्कोर 14 पर 3 कर दिया था।

### जीओएटी इंडिया टूर 2025: अर्जेंटीना के सुपरस्टार आज आएंगे भारत, 2011 की तरह नहीं दिखेगा फुटबॉल का जादू

# मेसी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार

**जेएनएन, कोलकाता**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी, लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेसी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा, जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेसी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को शुरू होगा और सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त होगा। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए



78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेसी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपए तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं।

### कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई व दिल्ली का दौरा करेंगे

मेसी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। इस दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक शामिल है। मेसी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी-20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है।

### मुंबई में फैशन शो, बॉलीवुड हस्तियां होगी शामिल

मेसी के वर्तमान दौरे का मुख्य आकर्षण रविवार को मुंबई में होने वाला 45 मिनट का फैशन शो होगा, जिसमें यह दिग्गज फुटबॉलर लंबे समय तक अपने साथी रहे लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के साथ भाग लेगा। मेसी के इस दौरे के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने कहा, इसमें मशहूर मॉडल, क्रिकेटर, बॉलीवुड हस्तियां, बिजनेसमैन शामिल होंगे। टाइगर और जैकी श्रॉफ, जॉन अब्राहम और अन्य लोग भी इसमें शिरकत करेंगे। सुआरेज एक स्पेनिश संगीत कार्यक्रम में भी प्रस्तुति देंगे। मेसी अपने दौरे का समापन दिल्ली में करेंगे, जहां वह प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस साल की शुरुआत में गोथिया कप, डाना कप और नॉर्वे कप में शानदार जीत हासिल करने वाले मिनर्वा अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मेसी की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।

### प्रतिमा का होगा अनावरण

मेसी कोलकाता में ईएम बाईपास पर स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरेंगे। कोलकाता में अब वीआईपी रोड पर श्रीभूमि क्लॉक टॉवर (बिग बेन की प्रतिकृति) के पास एक नया 'मेसी लैंडमार्क' भी होगा, जिसमें अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान की ट्रॉफी को ऊपर उठाए हुए 70 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा लगाई गई है। सुरक्षा कारणों से इसका अनावरण मेसी के होटल स्थित कमरे से ही वर्चुअल तरीके से किया जाएगा। मेसी के 25 गुणा 20 फीट के एक भित्ति चित्र का भी अनावरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद मेसी दोपहर दो बजे हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। कोच्चि में होने वाला मेसी का प्रस्तावित मैत्री मैच रद्द होने के बाद हैदराबाद को उनके कार्यक्रम में जोड़ा गया था।

# डफी का शानदार प्रदर्शन, न्यूजीलैंड की इस डब्ल्यूटीसी चक्र में पहली जीत

**वेलिंगटन, जेएनएन।** जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में न्यूजीलैंड की पहली जीत है। वहीं, वेस्टइंडीज ने इस चक्र में अपने 7 में से 6 मैच गंवा दिए। प्लेयर ऑफ द मैच डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। यह सीरीज में दूसरा अवसर था, जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाज माइकल रे ने 45 रन देखकर तीन विकेट हासिल किए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 128 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड को 56 रन का लक्ष्य



मिला और उसने केवल 10 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर 73 रन की बढ़त हासिल की थी। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से शुरू होगा।

### छठे स्थान पर लुढ़का भारत

न्यूजीलैंड की जीत के बाद भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी तालिका में एक स्थान फिसल कर छठे पायदान पर पहुंच गई। न्यूजीलैंड तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआती दो चक्र की उपविजेता रही भारतीय टीम को पिछले महीने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार का सामना करने के बाद बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा था। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों (जीत-हार प्रतिशत) के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंका (66.67) संयुक्त तीसरे, जबकि पाकिस्तान (50) पांचवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड ने 66.67 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, जबकि भारत का जीत-हार प्रतिशत 48.15 है।

# परमानंद भाई पटेल: भोपाल ने जबलपुर को हराया



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिवीजन ने परमानंद भाई पटेल (चार दिवसीय) अंडर-22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर को पहली पारी में बढ़त के आधार पर शिकस्त दी। इस जीत पर भोपाल डिविजन को 3 अंक मिले। फेथ क्रिकेट मैदान पर जबलपुर ने कल के स्कोर 1/166 से आगे खेलते हुए 6 विकेट पर 472 रन बना लिए। अंचित ठाकुर (100*) ने नाबाद शतक जड़ा, जबकि अलंकृत सिंह ने 97, हर्ष मंगलानी ने 76 और वरुण तिवारी ने 67 रन बनाए। भोपाल डिवीजन के तनिष्क यादव व प्रारब्ध मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए। भोपाल ने पहली पारी 600/9 के स्कोर पर घोषित की। जवाब में जबलपुर ने पहली पारी में 243 रन बनाए। भोपाल ने जबलपुर को फॉलोऑन खिलाया। भोपाल के कप्तान प्रारब्ध मिश्रा (70 और 7 विकेट) और जबलपुर के अंचित ठाकुर (97 व 100 रन) को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### इंटर प्रेस क्रिकेट चार जनवरी से

**भोपाल, खेप्र।** शहर के ओल्ड कैंपियन मैदान पर 31वां इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी से खेला जाएगा। हर साल की तरह यह टूर्नामेंट दो ग्रुप में टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में इस बार भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की मीडिया टीमें भी भागीदारी करेंगी। इसमें प्रदेश की कुल 42 टीमों के 672 खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। टूर्नामेंट के कुछ मैच फैथ क्रिकेट ग्राउंड और सेंचुरियन मैदान पर भी खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेलमंत्री विश्वास सारंग करेंगे। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को एक लाख और रनरअप टीम को 50 हजार रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी भेंट की जाएगी। प्रवेश की इच्छुक टीमें इंद्रजीत मौर्य, डॉ. सुशील सिंह ठाकुर और नवेद इशरत से संपर्क कर सकती हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

### प्रेसिडेंट इलेवन ने रेलवे को हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्रेसिडेंट इलेवन ने स्व. जीएस पठानिया सर अंडर-18 बॉयज दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में रेलवे गर्वित को पहली पारी में बढ़त के आधार पर शिकस्त दी। ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर दूसरे दिन रेलवे गर्वित 56.4 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। चिराग चौरसिया ने 58 रन बनाए। प्रेसिडेंट इलेवन के रूद्र प्रताप सिंह ने 4विकेट लिए। प्रेसिडेंट इलेवन ने दूसरी पारी में 15.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 52 रन बना लिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 से 3 देशों की यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते विदेश दौरे पर जाएंगे। पीएम के इस दौरे में तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया व ओमान की यात्रा शामिल है। पीएम 15 से 16 दिसंबर तक जॉर्डन में हाशमाइट साम्राज्य का दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, पीएम मोदी जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान, वह भारत और जॉर्डन के बीच संबंधों की समीक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इथियोपियाई पीएम के निमंत्रण पर मोदी 16 से 17 दिसंबर तक इथियोपिया की यात्रा करेंगे। मोदी की इथियोपिया की पहली यात्रा होगी। ग्लोबल साउथ में साझेदार यह यात्रा दोनों देशों की दोस्ती व द्विपक्षीय सहयोग के घनिष्ठ संबंधों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि होगी। ओमान प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर मोदी 17 से 18 दिसंबर तक यात्रा करेंगे। यह मोदी की ओमान की दूसरी यात्रा होगी। भारत-ओमान सदियों पुरानी दोस्ती, व्यापार संबंधों व मजबूत संबंधों पर आधारित रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं।

### जाति जनगणना को लेकर आंदोलन करेगी पीएमके

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव के पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। अनबुमणी रामदास के नेतृत्व वाली पीएमके ने अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को 17 दिसंबर को होने वाले राज्यव्यापी जाति आधारित सर्वे आंदोलन में शामिल होने का निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण पीएमके नेता व वकील के बालू ने टीवीके के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सौंपा। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में संभावित गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं। टीवीके की स्थापना के समय से पार्टी जाति आधारित सर्वे के समर्थन में रही है, जबकि पीएमके लंबे समय से राज्य में सर्वे कराए जाने की मांग करती रही है। पीएमके का कहना है कि यह सर्वे रिजर्वेशन को सबूत आधारित बनाने और नीतियों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है। के. बालू ने मीडिया से कहा, टीवीके को आंदोलन में शामिल होना चाहिए, क्योंकि दोनों पार्टियों का मत इस मुद्दे पर एक जैसा है। कई अन्य दलों को भी न्योता दिया गया है, लेकिन डीएमके को नहीं, क्योंकि पार्टी के अनुसार डीएमके इस सर्वे के पक्ष में नहीं है।

**भारत-चीन संबंध:** ट्रंप टैरिफ दबाव के बीच बॉर्डर पर तनाव कम करने की कवायद

# भारत ने विदेशी पेशेवरों के लिए बदले वीजा नियम, चीन बोला-पॉजिटिव कदम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने कम समय के लिए देश का दौरा करने वाले चीनी पेशेवरों के लिए व्यावसायिक वीजा की जल्द स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किए हैं। यह कदम पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों को फिर मजबूत करने की कोशिशों के बीच उठाया गया है। हालांकि, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने शुक्रवार को बताया कि सभी चीनी वीजा आवेदकों की मौजूदा जांच प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

पहले कम समय के लिए भारत आने वाले चीनी पेशेवरों को छह महीने या उससे ज्यादा की वैधता वाले रोजगार वीजा या 'ई' वीजा जारी किए जाते थे। रिपोर्ट के मुताबिक मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि अब उन्हें कम अवधि के लिए वैध व्यावसायिक वीजा देने का निर्णय लिया गया है। नियमों में किए गए ये बदलाव मोटे तौर पर सभी देशों के वीजा आवेदकों पर लागू होंगे, लेकिन चीनी नागरिकों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है। व्यावसायिक वीजा के लिए सभी आवेदनों पर 3-4 सप्ताह के भीतर कार्रवाई की जाएगी। नई दिल्ली के इस फैसले से चीनी विशेषज्ञों को भारत आने व विभिन्न क्षेत्रों में चीनी उपकरणों और मशीनों का उपयोग करने वाली कंपनियों को तकनीकी सहायता प्रदान करने में मदद की संभावना है। बीते कुछ समय में भारत-चीन ने पिछले अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चार साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के बाद अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं।

## सैन्य गतिरोध के बाद किया था निलंबित




इसी वर्ष जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा देना फिर से शुरू कर दिया था। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध के बाद चीनी नागरिकों को वीजा जारी करना निलंबित कर दिया गया था। हाल के महीनों में भारत और चीन ने अपने संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए कई जन-केंद्रित कदमों पर सहमति व्यक्त की है। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का समझौता, सीधी उड़ानों की बहाली, राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव और वीजा सुविधा शामिल हैं। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें अक्टूबर में फिर से शुरू हो गईं। अगस्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गंभीर चुनौतियों से निपटने और सीमा मुद्दे के 'निष्पक्ष' समाधान की दिशा में काम करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर सहमति जताई।

## आवागमन को आसान बनाना कॉमन इंटरेस्ट

भारत ने चीनी प्रोफेशनल्स के लिए बिजनेस वीजा को फास्ट-ट्रैक करने के प्रोसेस को आसान बना दिया है। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने और स्किल्ड टेक्नीशियन की कमी के कारण लंबे समय से चली आ रही देरी को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इस कदम को 'पॉजिटिव' बताया है। रिपोर्ट में गुओ के हवाले से कहा गया है कि लोगों के आने-जाने को आसान बनाना सभी पार्टियों के कॉमन इंटरेस्ट में है, और चीन दोनों देशों के बीच आने-जाने के आसान लेवल को लगातार बढ़ाने के लिए भारत के साथ कम्युनिकेशन और कंसल्टेशन बनाए रखने को तैयार है। यह तब हुआ है, जब दोनों देश यूनाइटेड स्टेट्स के टैरिफ प्रेशर के बीच बॉर्डर टेंशन कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं। पिछले महीने, भारत में चीन के एम्बेसडर, शू फेइहोंग ने कहा था कि चीन इन मामलों को सुलझाने के लिए 'भारत के साथ काम करने को तैयार' है।

**खातून केस:** एसजी की आपत्ति पर सीजेआई बोले

# अदालत मीडिया कमेंट्री से प्रभावित नहीं होती



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित उस खबर पर गंभीर आपत्ति जताई, जिसमें सुनाली खातून, एक गर्भवती महिला का जिक्र था, जिन्हें विदेशी होने के संदेह में बांग्लादेश भेज दिया गया और बाद में सरकार ने मानवीय आधार पर वापस लाया। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, जजों के पास अखबार पढ़ने का समय बहुत कम होता है, अदालत बाहरी नैरेटिव या मीडिया कमेंट्री से प्रभावित नहीं होती। उन्होंने सलाह दी, कभी भी सब-जुडिस मामले पर ऐसा न लिखें, जिससे कोई प्रभाव या छवि बने। निर्णय के बाद रचनात्मक आलोचना हमेशा स्वागत योग्य है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी के लिए निर्धारित की। यह टिप्पणी उस समय आई जब सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ केंद्र सरकार की उस विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कोलकाता हाईकोर्ट के 27 सितंबर के फैसले को चुनौती दी गई है।

### जुबीन गर्ग केस: 3500 पेज की चार्जशीट पेश

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। इसमें जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग सहित अन्य पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और जुड़े सबूत 4 ट्रक में भरकर कोर्ट लाए गए।

### राहुल गांधी की नागरिकता: मामले में 22 को होगी सुनवाई

रायबरेली की एमपी-एमएलए कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़े मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को होगी। इस दौरान याचिकाकर्ता और उनके अधिवक्ता अपनी दलीलें कोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस मामले में एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीठासीन अधिकारी डॉ. विवेक कुमार ने कोतवाली नगर पुलिस से आख्या मांगी थी। उसके बाद इस मामले 6 दिसंबर को सुनवाई की गई।

## गोवा अग्निकांड: लूथरा बंधुओं को भारतीय एजेंसी को सौंपा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया गया। पासपोर्ट रद्द होने से भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे।

## 15000 फीट ऊपर प्लेन के विंग में फंसा स्काईड्राइवर

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्काईड्राइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईड्राइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी के वीडियो में स्काईड्राइवर काफी देर तक हवा में लटका दिख रहा है। इसके बाद पैराशूट की सभी 11 रस्तियां काटकर खुद को आजाद कराता है और स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितंबर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काईड्राइवर को 'पीवी' कहा गया है। उन्होंने खास टूल, हुक नाइफ से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान स्टंट में 16 स्काई ड्राइवरों को 15,000 फीट (4,600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी।



दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- | संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sq.cm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 690/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

FOR SALE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TRACTOR TAFE 241 DI MODEL - 2023 RC NO. MP-38-ZA-6580 ENGINE NO - S3251M93407 CHASSIS NO - MEA8D061LN1397635 CONTACT - SUNDARAM FINANCE LTD BHOPAL MOB. 9425013492

FOR SALE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TRACTOR EICHER 485 MODEL - 2025 RC NO. MP-UNREG. ENGINE NO - 535823754445 CHASSIS NO- 935811556712 CONTRACT - SUNDARAM FINANCE LTD BHOPAL MOB. 9425013492

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

नए एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए आवेदन-पत्र
प्ररूप-6 (Form-6) एवं घोषणा-पत्र

घोषणा-पत्र की प्रविष्टियां भरने के लिए
• घोषणा-पत्र में प्रथमतः जन्मतिथि, आधार, मोबाइल, पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित की जानकारी अंकित करें।
• पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।
सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं- पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
• आपके क्षेत्र के मतदान केन्द्र के बीएलओ से सम्पर्क कर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
• अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
• मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
• QR कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

• भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना अवधि बढ़ाते हुए दिनांक 18.12.2025 की गयी है।
• दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा या पूर्व में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छूटे हुये आमजन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित आवेदन BLO/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दे सकते हैं। फार्म-6 या घोषणा-पत्र ECI Net ऐप/वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
• फार्म का निराकरण दिनांक 23.12.2025 से 22.01.2026 तक किया जावेगा तथा पात्र होने पर नाम दिनांक 21.02.2026 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में सम्मिलित होगा।
• प्रविष्टियों में संशोधन हेतु फार्म-8 का उपयोग करें।

"कोई मतदाता छूट न जाए"

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

D-11159/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## आवेदक के दावे पर लो निर्णय, राज्य सूचना आयोग को निर्देश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सूचना आयोग को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता की अपील पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है। जबलपुर निवासी रमाकांत मिश्रा की ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सफाई निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ है।

## एसआईआर की वजह से शातिर चोर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के दौरान 100 से अधिक अपराध करने वाला आरोपी अब्दुल रशीद गिरफ्तार हो गया। वह 2003 के वोटर कार्ड का रिकॉर्ड लेने के लिए इंदौर आया था। लंबे समय से फरार अब्दुल इंदौर से भागकर महाराष्ट्र में छिपकर रहने लगा था। आरोपी पर दस हजार का इनाम भी घोषित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने स्पेशल टीमें बनाई थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### आईपीएस के प्रमोशन के लिए डीपीसी 19 को

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में नए साल में आईपीएस के प्रमोशन के लिए विभागीय जांच समिति (डीपीसी) की बैठक 19 दिसंबर को होगी। इसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाणा और एसीएस होम शिवशेखर शुक्ला शामिल होंगे। इस डीपीसी में 2026 में साल के पहले दिन 13 एसपी स्तर के अफसरों को डीआईजी के पद पर प्रमोशन मिलेगा। इसके अलावा अगले साल खाली होने वाले डीईआजी के 3 पदों पर 3 एसपी के पद पर तैनात अफसरों को नियुक्त किए जाने को भी मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में स्पेशल डीजी के तीन पदों पर एडीजी को प्रमोट करने के संबंध में फैसला लिया जाएगा। इस दौरान आईजी से एडीजी और डीएईजी से आईजी के पदों पर प्रमोशन के लिए भी नामों पर विचार का जाएगा।

### पुलिस का स्टिंग करने बाले हाइकोर्ट की शरण में पहुंचे

**जागरण, जबलपुर।** सागर जिले में पुलिस थानों का स्टिंग ऑपरेशन करने वाले पत्रकारों ने हाईकोर्ट की शरण ली है। याचिका में कहा गया कि पुलिस अब उन्हें पेरशान कर रही है। उनके कॉल रिकॉर्ड किए जा रहे हैं और उन पर झूठे प्रकरण पंजीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने चीफ सेक्रेटरी, प्रमुख सचिव विधि विभाग, प्रमुख सचिव गृह विभाग, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, आईजी, पुलिस अधीक्षक सागर व सीबीआई को नोटिस जारी कर चार सप्ताह मे जबाब मांगा है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश के तहत याचिकाकर्ताओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किए जाने के निर्देश भी दिए। भोपाल निवासी राहुल शर्मा, दीपक शर्मा व सागर निवासी अतुल की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं ने सागर के चार पुलिस थाना बहेरिया, मोतीनगर, मकरोनिया एवं गोपालगंज में पदस्थ पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने आदि का स्टिंग ऑपरेशन के द्वारा खुलासा किया था।

# गश्त पर सवाल, एक साल में मरे 50 बाघ व 50 तेंदुए

## लापरवाही पर वन बल प्रमुख सख्त, बोले-यह असहनीय, पुख्ता व्यवस्था के बाद भी क्यों हो रहीं मौतें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** टाइगर स्टेट का तमगा हासिल मध्य प्रदेश में पिछले एक साल में 50 बाघ करंट लगने, सड़क, रेल दुर्घटनाओं के साथ संघर्ष में मारे गए हैं और इतने ही तेंदुओं की मौत भी इन्हीं कारणों से हुई है। हाल ही में रातापानी टाइगर रिजर्व के बाघ की मौत भी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से हो गई थी।

इसके पहले भी इसी ट्रेक पर बाघ, तेंदुए समेत कई अन्य वन्य प्राणी मारे गए हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा व संरक्षा को लेकर न तो वन विभाग द्वारा सख्त कदम उठाए गए और न ही रेलवे ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिम्मेदारी समझी। नतीजतन प्रजनन योग्य जीव अकाल मारे जा रहे हैं, जबकि इनके कारण प्रदेश में बाघों का कुनबा और भी तेजी से बढ़ता। ऐसे में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लगातार लापरवाही पर वन बल प्रमुख (हाफ) व्ही एन अम्बाड़े ने सख्ती दिखाते हुए सबको अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की हिदायत जारी की है। हॉफ ने पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ), सीसीएफ, सभी टाइगर रिजर्व और वन विहार के संचालक, क्षेत्रीय व वाइल्ड लाइफ डीएफओ, रातापानी व रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डीएफओ को पत्र जारी कर वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।



### वन्य जीव संरक्षण वन विभाग का सबसे पहला काम

हाफ द्वारा जारी पत्र में अधिकारियों को याद दिलाया गया है कि वन्य जीव संरक्षण वन विभाग का सबसे पहला काम है। लेकिन देखने में आ रहा है कि पिछले एक महीने में बाघ व तेंदुओं की मौत की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। कई वन्यजीव बिजली, सड़क व रेल दुर्घटना सहित अन्य कारणों से मारे गए हैं। विभाग द्वारा निर्देश जारी करने के बाद भी वन्यजीवों के संरक्षण में लापरवाही बढ़ती जा रही है। ऐसे में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने स्तर पर प्राथमिकता के साथ आदेश जारी करें। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे के साथ अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करें। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं फिर न हों।

### टाइगर रिजर्व के अंदर बरामद हो रहीं जानवरों की हड्डियां

हाफ ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी बाघ व अन्य वन्य जीवों का शिकार हो रहा है और बाघों की हड्डियां बरामद हो रही हैं। ऐसी घटनाओं से अधिकारी व कर्मचारियों की काम के प्रति लापरवाही दिखाई देती है। अतः ऐसे सभी मामलों को विवेचना में लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही करते हुए मुख्यालय को भी इसकी रिपोर्ट भेजी जाए। हाफ ने वन्यजीवों की सुरक्षा पर लापरवाही करने को असहनीय बताया है।

### संजय दुबरी टाइगर रिजर्व के संचालक को शोकॉज नोटिस

संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में बाघिन टी 60 के दो शावकों के क्षत विक्षत शव मिलने पर मुख्यालय ने संचालक सहित अन्य अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। मुख्यालय द्वारा जारी शोकॉज नोटिस में इसे कर्तव्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए पूरे प्रकरण की रिपोर्ट बनाकर देने को कहा है। बताया जा रहा है कि यदि इस मामले में लापरवाही सामने आती है, तो मुख्यालय द्वारा संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

● **बना रहे 22 अंडर पास और चार ओवर पासः** डीआरएम भोपाल पंकज त्यागी का कहना है कि इस ट्रैक की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए रेलवे द्वारा यहां पर 55 से 58 की गति सीमा पर ही रेल का संचालन किया जा रहा है। ट्रैक पर वन्य प्राणियों के लिए 22 अंडरपास बन दिए गए हैं, जबकि 4 ओवरपास निर्माणाधीन हैं। बारिश के बाद घास की कटाई भी करवा दी जाती है। मामले में वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे का कहना है कि जिस गति से प्रदेश में बाघ व तेंदुओं की मौत हो रही है यदि इसी हिसाब से वन्यप्राणी मरते रहे तो प्रदेश का टाइगर स्टेट व लेपर्ड स्टेट का तमगा छिन जाएगा।

● **तीन सदस्यीय टीम करेगी जांचः** बरखेड़ा बुधनी रेलखंड पर मंगलवार रात हुई बाघ की मौत के मामले में वन विभाग के अधिकारियों का तीन सदस्यीय दल जांच करेगा और अपनी रिपोर्ट वन मुख्यालय को सौंपेगा।

# अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी 7500 आरक्षकों व 500 सब इंस्पेक्टरों की नियुक्ति, तैयार हो रहा रोस्टर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा साल 2026 में होने वाली 7500 आरक्षकों और 500 सब इंस्पेक्टर की नियुक्ति की तैयारी में जुट गई है। शाखा मे इन दिनों अगले साल के लिए रोस्टर तय करने का काम जारी है। सिलेक्शन ब्रांच अगले साल अप्रैल में इन पदों की अधिसूचना जारी कर सकती है। यह भर्ती प्रक्रिया अगले साल दिसंबर तक पूरी करने की तैयारी है। पुलिस 2025 में की जाने वाली 7500 आरक्षकों, 500 सब इंस्पेक्टरों और 500 लिपिकीय संवर्ग के पदों की परीक्षा और उनके परिणामों का इंतजार कर रही है। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) इन पदों पर लिखित परीक्षाएं आयोजित कर रही है। परिणाम और अन्य प्रक्रियाएं अगले साल मार्च तक आने की संभावना है। अधिकारियों का



मानना है कि जैसे ही वर्तमान भर्ती का परिणाम घोषित होता है उसके तुरंत बाद अप्रैल में नई भर्ती (8000 पदों पर) की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

**तीन सालों में भरे जाएंगे 25 हजार पदः** पुलिस महकमे मे फिलहाल 1 लाख 6 हजार पुलिस कर्मी कार्यरत हैं। आवश्यकता के हिसाब से देखा जाए तो अब भी 30 हजार से अधिक पद रिक्त हैं। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन सभी पदों को अगले तीन साल के भीतर भरने की घोषणा की थी। ऐसे में अब प्रदेश सरकार की मंजूरी मिलने के बाद पीएचक्यू ने तय कर लिया है कि खाली पदों में से 25500 पद सीधी भर्ती जबकि शेष पद 4500 पद नियमानुसार प्रमोशन से भरे जाएंगे। साल 2026 की सीधी भर्ती के 8000 पदों के लिए आरक्षण का रोस्टर तैयार किया गया है। इनमें से ओबीसी के 13 प्रतिशत पद (लगभग 1000) रिजर्व रखे जाएंगे और कोर्ट के आदेश के बंधनकारी होंगे। फिलहाल एमपी सरकार द्वारा ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है जबकि शासन की तरफ से इसे बढ़ाकर 27 फीसदी करने की याचिका अदालत में विचाराधीन है। ऐसे में इन 1000 पदों का फैसला कोर्ट के दिशा निर्देश आने के बाद होगा।

### प्रदेश में ये हैं पुलिस ट्रेनिंग स्कूल और अकादमी

**पीटीएस (आरक्षकों के लिए)**– इंदौर, सागर, तिगरा (ग्वालियर), उमरिया, रीवा, पचमढ़ी (नर्मदापुरम), उज्जैन, भौंरी (भोपाल)

**अकादमी** – (सब इंस्पेक्टर के लिए) – भौंरी (भोपाल) और जेएनपीए सागर

साल 2026 में होने वाली भर्ती के लिए रोस्टर बना रहे हैं। कोशिश यही है कि अगले साल दिसंबर से पहले 2026 की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। अभी 2025 के 8500 पदों पर भर्ती ईएसबी कर रहा है।

● **वीरेंद्र सिंह,**
डीआईजी, चयन एवं भर्ती

### लाइन बिछाने के कार्य में बाधक निर्माण पर रोक

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने 132 केवी ट्रांसमिशन मंडीदीप–नाहर लाइन बिछाने के कार्य में बाधक निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में लंबित आवेदन के निराकरण तक भी यह व्यवस्था जारी रहेगी। मामले में दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विस रायसेन के डायरेक्टर पुलकित शर्मा व रायसेन कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।


**गिरधर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स**
(संचालित : गिरधर शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति)

यह महत्वपूर्ण सूचनार्थ है कि समिति द्वारा स्थायी इंजीनियरिंग (B.Tech) एवं पॉलिटेक्निक (Diploma) कार्यक्रमों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय नियामकीय दिशानिर्देशों, शैक्षिक पुनर्संरचना तथा संस्थान की आगामी अकादमिक नीति के अनुरूप लिया गया है। अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षणिक अधिकारों एवं हितों की संपूर्ण सुरक्षा संस्थान द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। स्थानांतरण एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएँ निर्धारित नियमों के अनुसार सुचारु रूप से संपादित की जाएँगी। किसी भी प्रकार की सूचना, दस्तावेज़ या प्रक्रिया हेतु विद्यार्थी संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

संपर्क सूत्र- रामशंकर ठाकुर +91 90395 37251
Email: ggibpl@gmail.com
प्रबंधनः गिरधर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स, भोपाल


### एपस्टीन एस्टेट से मिली 19 नई तस्वीरें जारी, व्हाइट हाउस पर 'कवर-अप' का आरोप तेज

# ट्रंप, क्लिंटन, बिल गेट्स सहित कई दिग्गज आए नजर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डेमोक्रेट्स की हाउस ओवरसाइट कमेटी ने शुक्रवार को बदनाम यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की संपत्ति से बरामद 19 नई तस्वीरें सार्वजनिक कीं। इन तस्वीरों में अमेरिका के कई बड़े नेताओं और उद्योगपतियों—डोनाल्ड ट्रंप, बिल क्लिंटन, बिल गेट्स, प्रिंस एंड्रयू, स्टीव बैनन, लैरी समर्स और प्रसिद्ध वकील एलन डर्शोविट्ज—के साथ



एपस्टीन नजर आ रहा है। तस्वीरों में से एक में डोनाल्ड ट्रंप छह महिलाओं के साथ दिखाई दे रहे हैं (महिलाओं के चेहरे धुंधले किए गए हैं)। दूसरी तस्वीर में वह एक महिला से बात करते दिखते हैं जबकि एपस्टीन उनके पास खड़ा है। एक तस्वीर में एक कंडोम बाउल दिखता है, जिस पर लिखा है। ट्रंप कंडोम्स और आई एम ह्यूज। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि तस्वीर एपस्टीन एस्टेट में किस संदर्भ में रखी गई थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज 1416 खंडपीठों का गठन

- एक लाख 78 हजार से अधिक मामले सुनवाई के लिए नियत
- साढ़े 3 लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण भी रखे गए

**जागरण, जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार मप्र विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कुल 1416 खंडपीठों का गठन किया गया है। हाई कोर्ट की तीनों बेंच में छह खंडपीठों के जरिए सुनवाई होगी। एक लाख 78 हजार मामले सुनवाई के लिए नियत किए गए हैं। इसके साथ ही साढ़े तीन लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण भी रखे गए हैं। उक्त जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव समुन श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के संरक्षण हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत को गति दी जाएगी। हाई कोर्ट स्तर से लेकर जिला, तहसील, श्रम, कुटुम्ब सहित अन्य न्यायालयों में लंबित दीवानी व आपराधिक शमनीय मामले, बैंक, विद्युत, श्रम जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण हेतु रखे गए हैं। विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों व मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर का समाधान किया जाएगा।









मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।